# मेट्रो Rays

आगे रखने का वादा

सांध्य दैनिक

रांची, गुरुवार, 17 जुलाई 2025

संवत 2082, श्रावण कृष्ण 7 संवत मूल्य 2 रुपये

वर्ष-8, अंक 313 , पृष्ठ-8, RNI No.-JHAHIN/2017/75028





4 ▸▸ कानपुर का जुलाई नरसंहार,अंग्रेजों ने क्रूरता की हद पार की

अमिताभ बच्चन की आवाज के साथ 'केबीसी 17' का प्रोमो रिलीज ◂◂ 6


# देवघर में भारी बारिश से जन-जीवन अस्त-व्यस्त, सारठ और पालोजोरी में ढहे घर



**संवाददाता**

**देवघर :** देवघर में लगातार हो रही बारिश आमजन के लिए मुसीबत बनती जा रही है। शहर के कई इलाकों में घरों तक पानी घुस गया है। जबकि कई क्षेत्र में भारी बारिश की वजह से मकान ढह गये, जिससे लोग बेघर हो गये। इस स्थिति में जन-जीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। जानकारी के अनुसार, शहर के सारठ व पालोजोरी प्रखंड क्षेत्र में बारिश में तीन घर ढहने की सूचना मिली है।

**बारिश से ढहा खपरैल का मकान :** बताया गया कि बुधवार को भी बारिश में झिलुआ पंचायत के बेलवरना गांव के शिबू महतो का खपरैल का कच्चा घर अचानक गिर गया। इससे घर में रखा अनाज व अन्य सामग्री बर्बाद हो गया। वहीं, मवेशियों को भी नुकसान हुआ है, जिनका स्थानीय स्तर पर इलाज कराया जा रहा है। घर गिरने से शिबू महतो के परिवार के सामने आर्थिक संकट आ पड़ी है। परिवार को आर्थिक सहायता दिलाने के लिए पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि गौतम मंडल को सूचना देकर आपदा के तहत राहत दिलाने की मांग की है।

**घर गिरने पर लगायी मदद की गुहार :** वहीं, केचुवाबांक पंचायत के कपसा गांव में अलाउद्दीन अंसारी का घर भी मंगलवार रात को अचानक घर गिर गया। इसमें घर में रखे खाद्यान्न, कपड़ा व अन्य सामग्री बर्बाद हो गये। उन्होंने मुखिया व सीओ कार्यालय से सहायता की मांग की है। इसके साथ ही खेतों में भी पानी भर गये। जगह-जगह जल जमाव व सड़क की बदहाली से जन जीवन भी प्रभावित हो गया है। इसी तरह पालोजोरी की भुरकुंडी पंचायत के भुरकुंडी चीरापाड़ा के रहने वाले संजूलाल मुर्मू का घर बारिश की वजह से गिर गया है। उसका घर ध्वस्त होने से उसके समक्ष गंभीर स्थिति खड़ी हो गयी है। संजूलाल मुर्मू ने मदद की गुहार लगायी है।

# अमेरिका 150 से ज्यादा देशों पर एक समान टैरिफ दर लागू करेगा: ट्रंप



**वाशिंगटन :** मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप 150 से ज्यादा देशों पर 'यूनिफाइड टैरिफ रेट' लागू करने जा रहे हैं। नई टैरिफ दरों की जानकारी के लिए इन देशों को पत्र भेजा जाएगा। बुधवार को 'व्हाइट हाउस' में बहरीन के क्राउन प्रिंस सलमान बिन हमद अल खलीफा के साथ बातचीत के दौरान ट्रंप ने पत्रकारों से कहा, ₹उस ग्रुप में सबके लिए सब कुछ एक जैसा ही होगा।₹

समाचार एजेंसी 'सिन्हुआ' ने पोलिटिको के हवाले से बताया कि अप्रैल में, ट्रंप प्रशासन ने द्विपक्षीय समझौतों के दायरे में न आने वाली अर्थव्यवस्थाओं पर 10 प्रतिशत का बेसलाइन टैरिफ लागू किया था। हालांकि, ट्रंप ने पहले सुझाव दिया था कि नई बेसलाइन को 15 प्रतिशत या 20 प्रतिशत तक बढ़ाया जा सकता है, लेकिन उन्होंने बुधवार को कोई नई दर तय नहीं की।

रिपोर्ट के अनुसार, अमेरिकी सरकार ने पहले ही लगभग दो दर्जन देशों को पत्र भेज दिए हैं। इनमें यूरोपीय संघ, जापान और दक्षिण कोरिया शामिल हैं। इन्हें 1 अगस्त से लागू होने वाली टैरिफ दरों की जानकारी दी गई है। इस घोषणा के बाद प्रभावित व्यापारिक साझेदारों के साथ अधिक अनुकूल शर्तों के लिए बातचीत तेज हो गई है।

हालांकि, विश्लेषकों और पर्यवेक्षकों ने इस बात पर संदेह जताया है कि नई टैरिफ योजना 1 अगस्त से नियोजित रूप में लागू हो पाएगी या नहीं, क्योंकि इससे अमेरिकी अर्थव्यवस्था और घरेलू राजनीति पर संभावित प्रभाव को लेकर चिंताएं बनी हुई हैं।

स्विट्जरलैंड और भारत जैसे देश, जो 2024 में अमेरिका के व्यापार घाटे का तीन प्रतिशत से अधिक हिस्सा थे, लेकिन जिन्हें अभी तक आधिकारिक नोटिस नहीं मिला है, अभी भी वाशिंगटन के साथ बातचीत की प्रक्रिया में हैं।

बुधवार को ट्रंप ने अमेरिका-भारत व्यापार वार्ता को लेकर परस्पर विरोधी बयान दिए। पहले उन्होंने कहा, ₹हमारे पास एक और (समझौता) आने वाला है।₹ इसके बाद उन्होंने जोर देकर कहा कि ₹हम एक समझौते के बहुत करीब हैं।

जापान के संदर्भ में ट्रंप ने कहा कि बातचीत जारी है, लेकिन उन्होंने उसके परिणाम को लेकर संदेह जताया है। उन्होंने कहा, ₹मुझे लगता है कि हम संभवतः जापान के साथ पत्र के अनुसार ही काम करेंगे।

# नासिक में कार और बाइक की टक्कर में 7 लोगों की मौत, दो घायल



**नासिक :** महाराष्ट्र के नासिक में एक भीषण सड़क हादसा सामने आया है, जहां कार और बाइक की टक्कर में 7 लोगों की मौत हो गई, जबकि 2 अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने गुरुवार को इस हादसे की जानकारी दी।

यह घटना नासिक के डिंडोरी रोड पर स्थित वाणी के पास बुधवार देर रात करीब 12 बजे हुई। पुलिस के अनुसार, यह हादसा कार और बाइक की टक्कर के कारण हुआ, जिसके बाद दोनों वाहन सड़क किनारे एक छोटी नहर में जा गिरे। इस सड़क दुर्घटना में 7 लोगों की मौत हो गई, जबकि 2 अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए।

जानकारी के अनुसार, मृतकों में 3 महिलाएं, 3 पुरुष और 2 साल का एक बच्चा शामिल है। मृतकों की पहचान देविदास पंडित गांगुर्डे (28), मनीषा देविदास गांगुर्डे (23), उत्तम एकनाथ जाधव (42), अल्का उत्तम जाधव (38), दत्तात्रेय नामदेव वाघमारे (45), अनुसया दत्तात्रेय वाघमारे (40), और भावेश देविदास गांगुर्डे (2) के रूप में हुई है। सभी सात लोगों की मौत घटनास्थल पर ही हो गई थी।

नासिक के पुलिस अधीक्षक (एसपी) के मुताबिक, ये हादसा देर रात 12 बजे के करीब वाणी-डिंडोरी रोड पर हुआ। जब पुलिस मौके पर पहुंची तो दोनों वाहन सड़क के किनारे एक छोटी सी नहर में गिरे हुए मिले।

पुलिस ने नहर से शवों को बाहर निकाला और कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। साथ ही हादसे में घायल हुए दोनों लोगों को गंभीर हालत में नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया है।

फिलहाल घटना की जांच जारी है और पुलिस हादसे के कारणों का पता लगाने में जुटी है।

इससे पहले, 19 जून को महाराष्ट्र के पुणे जिले में स्थित जेजुरी मोरगांव रोड पर एक कार और पिकअप ट्रक के बीच जोरदार टक्कर हो गई थी। इस भीषण हादसे में एक महिला समेत आठ लोगों की मौके पर ही मौत हो गई थी।

पुणे सड़क हादसे पर प्रधानमंत्री मोदी ने दुख जताया था। साथ ही उन्होंने प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष से मृतकों के परिजनों को 2-2 लाख रुपए के मुआवजे का ऐलान किया था।

# बेंगलुरु भगदड़ मामला: कर्नाटक सरकार ने आरसीबी को ठहराया जिम्मेदार





**बेंगलुरु :** एम चिन्नास्वामी स्टेडियम के बाहर रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के सम्मान समारोह के दौरान भगदड़ के मामले में कर्नाटक सरकार ने हाई कोर्ट को अपनी रिपोर्ट सौंप दी है। जांच की स्टेटस रिपोर्ट में इस घटना का दोष आरसीबी मैनेजमेंट पर डाला गया है। कर्नाटक सरकार ने रिपोर्ट में गंभीर खामियों और कुप्रबंधन की ओर इशारा किया है। रिपोर्ट में कहा गया है कि कार्यक्रम के आयोजक, डीएनए ने 2009 के सिटी ऑर्डर के अनुसार औपचारिक अनुमति लिए बिना ही पुलिस को 3 जून को विक्ट्री परेड के बारे में सूचित किया। परिणामस्वरूप, पुलिस ने अनुमति देने से इनकार कर दिया।

इसके बावजूद, आरसीबी ने सार्वजनिक रूप से कार्यक्रम का प्रचार किया। 4 जून को, उन्होंने सोशल मीडिया पर खुले तौर पर निमंत्रण शेयर किए। इसमें विराट कोहली की एक वीडियो अपील भी शामिल थी, जिसमें प्रशंसकों को 'फ्री एंट्री' वाले समारोह में शामिल होने के लिए प्रोत्साहित किया गया।

इस कार्यक्रम में 3 लाख से ज्यादा लोगों की भीड़ उमड़ी, जो उम्मीद और भीड़ को मैनेज करने की क्षमता से कहीं ज्यादा थी।

रिपोर्ट में बताया गया कि आयोजन वाले दिन दोपहर 3 बजकर 14 मिनट पर आयोजकों ने अचानक घोषणा कर दी कि स्टेडियम में एंट्री के लिए पास की जरूरत होगी। इसने फैंस के बीच भ्रम और दहशत का माहौल पैदा किया।

आरसीबी, डीएनए, और केएससीए प्रभावी समन्वय में विफल रहे। एंट्री गेट्स पर कुप्रबंधन और देरी से खुलने के कारण भगदड़ मच गई, जिससे सात पुलिसकर्मी घायल हो गए।

आगे की अशांति को रोकने के लिए, पुलिस ने नियंत्रित परिस्थितियों में सीमित कार्यक्रम आयोजित करने की अनुमति दी।

बता दें, तीन जून को आरसीबी ने पंजाब किंग्स को मात देकर पहली बार आईपीएल खिताब जीता था, जिसके बाद आरसीबी की विक्ट्री परेड के दौरान मची भगदड़ में 11 लोगों की मौत हो गई, जबकि कई लोग घायल हो गए।

# बिहार से चार वियतनामी नागरिक अरेस्ट हत्या की कोशिश जैसे लगे हैं गंभीर आरोप

**गयाजी :** बिहार के गया जिले के बोधगया थाना क्षेत्र से चार वियतनामी नागरिकों को मारपीट और हत्या की कोशिश के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। यह कार्रवाई बोधगया पुलिस द्वारा विभिन्न स्थानों पर छापेमारी कर की गई। गिरफ्तार किए गए चारों आरोपी वियतनाम के अलग-अलग इलाकों के निवासी हैं, जो फिलहाल बोधगया में रह रहे थे। इनमें वान सांग, वन कांन सन्ह, तृण थान ह्यू और वान त्वां हुंनह शामिल हैं।

**बोधगया की शांति में पड़ रहा खलल :** दर्ज प्राथमिकी के अनुसार सभी पर वादी ले अन्ह तूआन ने बोधगया थाने में गंभीर शिकायत दर्ज कराई थी, जिसमें उन्होंने इन चारों युवकों पर जानलेवा हमला करने का आरोप लगाया था। बताया गया कि पिछले कुछ महीनों से बड़ी संख्या में वियतनामी युवक-युवतियां बोधगया आए हुए हैं, जिनमें से कई यूट्यूबर हैं। इसी समुदाय में आपसी विवाद और हिंसक झगड़ों की घटनाएं लगातार बढ़ती जा रही थीं, जिससे बोधगया की शांतिपूर्ण छवि प्रभावित हो रही थी।

**पिछले दिनों हुई थी मारपीट :** सिटी एसपी रामानन्द कुमार ने बताया कि इन यूट्यूबरों के आपसी संघर्ष के कारण एक वियतनामी नागरिक गंभीर रूप से घायल हो गया था। घायल युवक की शिकायत पर पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए चारों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। पुलिस इस मामले की विस्तृत जांच कर रही है और विदेशी नागरिकों की गतिविधियों पर भी विशेष नजर रखी जा रही है। पुलिस ने बताया कि पूछताछ के बाद कुछ और लोगों पर कार्रवाई संभव है।

# 12 घंटे में दूसरी बार हिली हरियाणा की धरती, अब झज्जर में भूकंप के झटके

**नई दिल्ली :** हरियाणा में 12 घंटे में दूसरी बार भूकंप के झटके महसूस किए गए हैं। रिक्टर पैमाने पर भूकंप की तीव्रता 2.5 मापी गई, जो कि पांच किलोमीटर गहराई में थी। राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र ने यह जानकारी दी है। आपको बता दें कि इससे पहले रोहतक में देर रात 12:46 बजे भूकंप के झटके लगे थे। इस सप्ताह में आज चौथी बार हरियाणा की धरती हिली है। कल रात में भूकंप की तीव्रता 3.3 थी। इसका केंद्र रोहतक का गांव भालौठ के नजदीक का क्षेत्र था। भूकंप के झटके से लोग घबरा गए और घरों से बाहर निकल आए। भूकंप के कारण किसी तरह के जान-माल के नुकसान की सूचना नहीं है। राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र (एनसीएस) ने यह जानकारी दी है। दिल्ली एनसीआर में हाल ही में यह लगातार चौथा भूकंप है। इससे लोगों में डर की स्थिति बनी हुई है। इससे पहले 11 जुलाई को, दिल्ली-एनसीआर के निवासियों ने हरियाणा के झज्जर जिले में आए 3।7 तीव्रता के भूकंप के हल्के झटके महसूस किए थे। इससे ठीक एक दिन पहले इसी क्षेत्र में 4।4 तीव्रता का एक और शक्तिशाली भूकंप आया था। नेशनल सेंटर फॉर सिस्मोलॉजी के अनुसार 10 जुलाई से अब तक रोहतक के 40 किलोमीटर दायरे में रिक्टर स्केल पर 2।5 से अधिक तीव्रता के चार भूकंप रिकॉर्ड किए गए। 10 जुलाई को झज्जर में दो मिनट के अंतराल में दो भूकंप आए। पहला सुबह 9:04 बजे जबकि दूसरा 9:06 बजे लोगों ने महसूस किए। अगले दिन 11 जुलाई को भी भूकंप का झटका महसूस किया गया।

# छांगुर बाबा धर्मांतरण केस: ईडी की बड़ी कार्रवाई

# बलरामपुर और मुंबई में 14 ठिकानों पर छापेमारी



**नई दिल्ली :** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने धर्मांतरण मामले में जमालुद्दीन उर्फ छांगुर बाबा के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। गुरुवार को उत्तर प्रदेश के बलरामपुर और महाराष्ट्र के मुंबई में 14 ठिकानों पर एक साथ छापे मारे गए हैं। सुबह करीब 5 बजे से यह कार्रवाई धर्मांतरण और मनी लॉन्ड्रिंग से जुड़े गंभीर आरोपों के तहत की जा रही है। बलरामपुर के उतरौला क्षेत्र में 12 स्थानों पर छापे मारे गए, जबकि मुंबई में दो ठिकानों (बांद्रा और माहिम स्थित रिजवी हाइट्स) पर प्रवर्तन निदेशालय की टीमों ने तलाशी अभियान चलाया। माहिम स्थित ठिकाना शाहजाद शेख का निवास बताया जा रहा है, जिसे इस मामले में मुख्य आरोपी छांगुर बाबा का करीबी सहयोगी माना जाता है।

प्रारंभिक जांच में खुलासा हुआ है कि एक आरोपी के बैंक खाते से लगभग 2 करोड़ रुपए की धनराशि शाहजाद शेख के खाते में ट्रांसफर की गई थी। इसमें से एक करोड़ रुपए से अधिक की रकम छांगुर बाबा के खातों से शेख के खाते में गई। प्रवर्तन निदेशालय को शक है कि इस धन का इस्तेमाल अवैध रूप से धर्मांतरण गतिविधियों में किया गया।

दावा है कि लगभग 100 करोड़ रुपए छांगुर बाबा को फंडिंग के रूप में हासिल हुए ताकि धर्मांतरण में इन पैसों का इस्तेमाल किया जा सके। उसने इन पैसों से कई आलीशान कोठियां भी बनाईं, जहां कथित तौर पर दूसरे समुदाय की लड़कियों को लाकर धर्मांतरण का पूरा प्रोसेस होता था। मनी लॉन्ड्रिंग का केस होने पर मामले में प्रवर्तन निदेशालय ने अपनी जांच शुरू की।

फिलहाल प्रवर्तन निदेशालय की टीमें संबंधित स्थानों पर दस्तावेजों और डिजिटल सबूतों की जांच में जुटी हैं। जल्द ही एजेंसी इस मामले में विस्तृत जानकारी और आगे की कार्रवाई को लेकर प्रेस विज्ञप्ति जारी कर सकती है। यह मामला राज्य और केंद्र की एजेंसियों के लिए संवेदनशील बन चुका है। इसलिए माना जा रहा है कि आने वाले दिनों में और भी गिरफ्तारियां हो सकती हैं।

# शॉपिंग मॉल में भीषण आग, 550 लोग जिंदा जले

**बगदाद :** पूर्वी इराक के अल-कुट शहर के एक हाइपरमार्केट में भीषण आग लगने से 50 लोगों की मौत हो गई। ईराक की समाचार एजेंसी (आईएनए) ने प्रांतीय गवर्नर के हवाले से यह जानकारी दी है। इस दुर्घटना का वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। जिसमें देखा जा सकता है कि पांच मंजिला इमारत में रात भर आग की लपटें उठती रहीं।

आईएनए की रिपोर्ट के अनुसार, दमकल कर्मी आग बुझाने में लगे हुए हैं। मौके पर राहत और बचाव कार्य जारी है। फिलहाल अभी आग लगने का कारण पता नहीं चल पाया है। वहीं प्रांतीय गवर्नर ने कहा कि घटना की जांच की जा रही है। इसके शुरूआती परिणाम 48 घंटों के भीतर घोषित कर दिए जाएंगे। उन्होंने यह भी कहा कि घटना को देखते हुए हमने इमारत और मॉल के मालिक के खिलाफ मुकदमा दायर किया है।

# इंदौर लगातार 8वीं बार भारत का सबसे स्वच्छ शहर, सूरत दूसरे और नवी मुंबई तीसरे नंबर पर

**नई दिल्ली :** केंद्र सरकार के वार्षिक स्वच्छता सर्वेक्षण में इंदौर को लगातार आठवीं बार भारत के सबसे स्वच्छ शहर का खिताब मिला। ऐसे ही सूरत को दूसरा स्थान मिला। इससे पहले मध्य प्रदेश का इंदौर लगातार सात बार देश के सबसे स्वच्छ शहर बनने का खिताब हासिल कर चुका है। इस बार इंदौर को स्वच्छता सर्वेक्षण 2024-25 की सुपर लीग में शामिल किया गया। सुपर लीग में सिर्फ उन्हीं 23 शहरों को शामिल किया गया, जो अब तक हुए सर्वेक्षणों में पहले, दूसरे या तीसरे स्थान पर रहे हैं। इंदौर ने सुपर लीग 2024-25 में भी बाजी मार ली है।

**स्वच्छ सर्वेक्षण 2024-25 पुरस्कार प्रदान किए :** सर्वेक्षण के नतीजे गुरुवार को घोषित किए गए। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने राष्ट्रीय राजधानी स्थित विज्ञान भवन में आवास एवं शहरी मामलों के मंत्रालय (एमओएचयूए) की ओर से आयोजित एक समारोह में स्वच्छ सर्वेक्षण 2024-25 पुरस्कार प्रदान किए। केंद्रीय आवास एवं शहरी मामलों के मंत्री मनोहर लाल और अन्य लोग इस कार्यक्रम में शामिल हुए।

**न्यूज IN ब्रीफ**

## युवक ने तोड़ा 100 साल पुराना मंदिर परिसर को, समाज के लोगों ने रखी बैठक



**सिल्ली :** बुधवार को मेन रोड स्तिथ 100 साल पुराना शिव मंदिर परिसर को एक तूफान नामक युवक ने तोड़ डाला है , बताया जाता है कि यह शिव मंदिर की जमीन का दान बर्षो पूर्व लाहा समाज संघ ने किया था, उक्त मंदिर में पूजा पाठ का संचालन नव युवक कांवरिया संघ सिल्ली करते आ रहे है. बताया जाता है मंदिर को तोड़े जाने से लाहा समाज संघ के लोग खासे नाराज है और इसको लेकर एक आवश्यक बैठक रखी गई है। इधर बताया जाता है जिस युवक ने मंदिर परिसर को तोड़ा है जमीन दान देने वालों के वंशज है जो मंदिर परिसर को तोड़ कर दुकान खोलना चाहते है लेकिन अन्य वंशज ऐसा नहीं चाहते है।

## बारिश से गिरा घर,जेएलकेएम नेता ने प्रशासन से मिलकर दिलाया आशियाना



**सिल्ली :** लगातार हो रही भारी बारिश से मंगलवार को सिल्ली प्रखंड स्थित सिंगपुर मुरी निवासी हीरालाल प्रजापति का घर गिर गया था.पीड़ित परिवार का एक मात्र घर रहने के कारण उन्हें प्रशासन की ओर से तत्काल प्रखंड परिसर स्तिथ एक पुराना आवास उपलब्ध कराया गया था. उक्त आवास का स्तिथि जर्जर रहने पर पीड़ित महिला सुमित्रा देवी जेएलकेएम नेता राजू महतो से मुलाकात की और अपनी दयनीय स्थिति से अवगत करायी . महतो ने परिवार की माली हालत को देखते हुए वीडीओ व अंचलाधिकारी से सम्पर्क किया और उस पीड़ित परिवार को सुनील महतो स्टेडियम स्तिथ किसान भवन में कमरा दिलवाया. राजू महतो ने बताया सीओ ने उक्त परिवार को अगले सप्ताह प्रशासन की आपदा प्रबंधन के तहत मिलने वाली सहायता राशि देने का आश्वासन दी है ।

## वशिष्ठ नगर थाना प्रभारी सुनील कुमार निलंबित अमित कुमार सिंह बने नए थाना प्रभारी

**चतरा :** चतरा एसपी सुमित कुमार अग्रवाल ने वशिष्ठ नगर(जोरी) थाना प्रभारी सुनील कुमार को निलंबित कर दिया है।सूत्रो के अनुसार अफीम मामले में थाना प्रभारी पर हेराफेरी का गंभीर आरोप लगा था, जिसके बाद एसपी ने मामले को संज्ञान में लेते हुए जांच टीम गठित किया।जांच में मामला सही पाया गया था। इसके बाद एसपी ने थाना प्रभारी को निलंबित कर दिया। हालांकि एसपी ने निलंबन से संबंधित कुछ भी बताने से इंकार किया है। ज्ञात हो कि पूर्व थाना प्रभारी प्रभात कुमार के निलबंन के पश्चात 06 जनवरी 2025 को सुनील कुमार को थाना प्रभारी बनाया गया था। लेकिन कर्तव्यो में लापरवाही व अनुशासन हीनता के कारण सुनील कुमार छह माह बाद ही निलंबित कर दिए गए। सुनील कुमार के स्थान पर अमित कुमार सिंह को वशिष्ठ नगर थाना प्रभारी बनाया गया है।

## मूसलाधार बारिश में ग्रामीण क्षेत्र जलमग्न



**चतरा :** पूरे जिले में लगातार हो रही मूसलाधार बारिश ने कहर ढा दिया है। गांव के गांव जलमग्न हो गए हैं। गरीबों के कच्चे के मकान पूरी तरह से ध्वस्त हो गए हैं। हंटरगंज प्रखंड अंतर्गत तिलहेत पंचायत के कुब्बा गांव में कई ग्रामीणों के घर में लगुडवा नदी का पानी चला गया। इससे जन जीवन प्रभावित हो रहा है। इस बारिश ने प्रमोद कुमार के घर को पूरी तरह से क्षतिग्रस्त कर दिया है। घर में रखा अनाज एवं स्प्लेंडर प्लस गाड़ी पानी में बह गया। वहीं विनोद पासवान एवं मालती देवी,जमुना ठाकुर का घर भी क्षतिग्रस्त हो गया है। भुक्तभोगी ग्रामीणों ने आपदा प्रबंधन विभाग से मुआवजा देने की मांग की है।आपको बताते चले कि वर्ष 2021 में भी मालती देवी पर बारिश का कहर बरपा था। इनके द्वारा वर्ष 2021 उपायुक्त कार्यालय में मुआवजा के लिए आवेदन दिया गया था। परंतु अब तक उसकी राशि नहीं मिली है। आपदा प्रबंधन विभाग को मुआवजा राशी के त्वरित निष्पादन पर ध्यान देने की जरूरत है।

## झारखंड राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष जानकी यादव पहुंचे चतरा



**चतरा :** झारखंड मुक्ति मोर्चा के वरीय नेता एवं झारखंड राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष, पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव आज चतरा पहुंचे। उनके आगमन पर चतरा परिसदन में झामुमो जिला अध्यक्ष निलेश ज्ञासेन के नेतृत्व में ज़िला संगठन की ओर से शिष्टाचार मुलाकात कर हार्दिक स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। चतरा जिला की ओर से झामुमो जिला कोषाध्यक्ष नितेश कुमार राणा,नगर अध्यक्ष बिट्टू कुमार, सदर प्रखंड अध्यक्ष उपेंद्र राम,सचिव बबलू पासवान, मोनू सिंदुरिया, गोल्डन जी, झामुमो युवा नेता राहुल यादव, रूपेश यादव मो अजहर, इटखोरी प्रखंड अध्यक्ष बबलू केशरी, झामुमो नेता बंटी कुमार एवं दर्जनों झामुमो नेता उपस्थित थे। झामुमो जिलाध्यक्ष ने कहा कि हम सबको विश्वास है कि श्री यादव जी का राजनीतिक अनुभव, सामाजिक समर्पण और संघर्षशील नेतृत्व झारखंड के पिछड़े वर्ग के अधिकारों की रक्षा एवं सामाजिक न्याय की दिशा में निर्णायक भूमिका निभाएगा।उनकी सक्रिय उपस्थिति से सामाजिक समरसता और संगठन को नई ऊर्जा मिलेगी।

# नक्सलियों के नाम पर लेवी मांगने वाला अपराधी हथियार के साथ गिरफ्तार

### गिरफ्तार अपराधी पूर्व में था नक्सली संगठन टीएसपीसी का सदस्य



**संवाददाता**

**चतरा :** जिले के लावालौंग थाना क्षेत्र में पुलिस ने कार्रवाई कर प्रतिबंधित टीएसपीसी नक्सली संगठन के नाम पर लेवी मांगने वाले एक अपराधी अजय गंझू को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अपराधी मनमोहन के नाम से लेवी की मांग करता था। अपराधी के पास से देशी कट्टा व एक जिंदा कारतूस के साथ लेवी मांगने में प्रयुक्त विभिन्न कंपनियों का दो मोबाइल फोन जप्त किया गया है। बुधवार को अपने कार्यालय कक्ष में एसपी सुमित कुमार अग्रवाल ने प्रेस वार्ता में बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई की गई। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार अपराधी लावालौंग थाना क्षेत्र के सिलदाग पंचायत अंतर्गत कनवातरी गांव का रहने वाला है और पूर्व में नक्सली कबीर गंझू के दस्ता में सदस्य के रूप में सक्रिय था। उन्होंने बताया कि टीएसपीसी का खात्मा होने के बाद,अपने आप को नक्सली बताकर रंगदारी की वसूली कर रहा था। एसपी ने बताया कि ताजा घटनाक्रम में हजारीबाग जिला के चुरचू थाना अंतर्गत बोदर गांव निवासी मुखिया सहदेव किस्कू से रंगदारी मांगी थी।एसपी ने कहा कि इसके अलावा ठेकेदारों और व्यवसाइयों से ऑनलाइन रंगदारी लेने का भी साक्ष्य मिला है। एसपी ने बताया कि अपराधी के अकाउंट को फ्रीज कर दिया गया है और जिन व्यवसाई और ठेकेदार से पैसे लिए गए हैं,उसकी जांच की जा रही है।

## ट्रैफिक व्यवस्था सुदृढ़ करने को लेकर बस ऑनर एसोसिएशन के साथ बैठक



**चतरा :** सदर थाना में बुधवार को बस ऑनर एसोसिएशन की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता जिला परिवहन पदाधिकारी इंदर कुमार ने की। बैठक में थाना प्रभारी विपिन कुमार व बस ऑनर एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष मो बेलाल सहित दर्जन भर से अधिक बस ऑनर शामिल थे। बैठक में परिवहन पदाधिकारी और थाना प्रभारी ने बस ऑनर एसोसिएशन को शहर में यातायात व्यवस्था को सुचारू व सुदृढ बनाने के लिए तथा ट्रैफिक सिस्टम को दुरुस्त करने में पुलिस प्रशासन का सहयोग करने की अपील की गई। थाना प्रभारी ने एसोसिएशन के सदस्यों को बताया कि मेन रोड में आवागमन वनवे कर दिया गया है। सभी बस चालक वनवे सिस्टम का पालन करें। एसोसिएशन के सदस्यों को बताया गया कि वह अपने चालकों को बताएं कि बसों को बस पड़ाव में ही खड़ी करें। सड़कों पर इधर उधर बसों को खड़ी कर यातायात को बाधित नहीं करेंगे। देखा जाता है कि राह चलते पैसेंजर उठाने के चक्कर में बस चालक मेन रोड में यातायात को बाधित कर देते हैं। व्यस्त चौक चौराहों पर बस खड़ी कर ट्रैफिक सिस्टम को खराब नहीं करें। एसोसिएशन के लोगों को बताया गया कि शहर के केसरी चौक पर किसी भी हाल में बसों का ठहराव नहीं होगा। केसरी चौक पर बसों के रुकने के कारण पूरे में रोड में जाम की स्थिति बन जाती है। जिला परिवहन पदाधिकारी इंदर कुमार ने बसों के सभी आवश्यक कागजातों को दुरुस्त रखने का निर्देश दिया।

## गर्ल्स स्कूल में हिजाब विवाद के बाद अभाविप ने उपायुक्त को सौंपा ज्ञापन

### जिले के शत प्रतिशत स्कूलों में सख्ती से ड्रेस कोड लागू कराने की मांग

**संवाददाता**

206



**चतरा :** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद चतरा जिला इकाई के कार्यकर्ताओं ने बुधवार को उपायुक्त कृर्तिश्री जी से भेंट कर चतरा जिले के शत प्रतिशत स्कूलों में सरकार के द्वारा निर्धारित ड्रेस कोड को सख्ती से लागू कराने की मांग किया है। उपायुक्त से मिलने वाले प्रतिनिधि मंडल में नगर मंत्री विशाल प्रजापति, जिला संयोजक रौनक सिंह व पूर्व संगठन मंत्री गोविंद दागी शामिल थे। इस दौरान परिषद कार्यकर्ताओं ने उपायुक्त को विद्यार्थी परिषद का धेय यात्रा पुस्तक भेंट किया। सौंपें गए ज्ञापन में परिषद ने डीसी से स्कूलों में ड्रेस कोड को सख्ती से लागू करने की मांग किया ताकि स्कूलों में शांति और सौहार्द बनी रहे और छात्र छात्राओं के बीच किसी तरह का भेदभाव नहीं हो सके। परिषद कार्यकर्ताओं ने बताया है तो अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद एक राष्ट्रवादी छात्र संगठन के रूप में सदैव छात्र-हित एवं राष्ट्रीय एकता के पक्ष में कार्य करता रहा है। विद्यालय केवल शिक्षा ग्रहण का स्थान नहीं होता, वहां विद्यार्थियों का मानसिक, बौद्धिक और सामाजिक विकास भी होता है। इस विकास की प्रक्रिया में समानता, अनुशासन और आपसी सौहार्द अत्यंत आवश्यक होते हैं। प्लस टू बालिका उच्च विद्यालय चतरा में मंगलवार को ऐसा प्रकरण सामने आया हैं जहां ड्रेस कोड की अनदेखी कर विद्यालय के वातावरण को साम्प्रदायिक रंग देने का प्रयास किया जा रहा है। विद्यार्थी परिषद को किसी धर्म विशेष के प्रति विरोधी नहीं हैं और ना ही धार्मिक स्वतंत्रता पर कोई आपत्ति है। परिषद मांग करती है कि विद्यालय परिसरों में सभी छात्र-छात्राएं एक समान प्रतीत हों, जिससे शिक्षा का माहौल सौहार्दपूर्ण बना रहे और किसी प्रकार का धार्मिक या सामाजिक भेदभाव उत्पन्न नही हो। विद्यालय परिसर में प्रवेश के समय धार्मिक परिधान जैसे हिजाब या अन्य वस्त्र पहनकर आना कोई आपत्ति की बात नहीं है। परंतु विद्यालय में प्रवेश के बाद छात्राएं यदि कॉमन रूम में जाकर ड्रेस कोड के अनुरूप वस्त्र धारण करें और फिर कक्षा में सम्मिलित हों, तो विद्यालय में अनुशासन व समानता दोनों का संतुलन बना रहेगा। इससे अन्य समुदाय की छात्राओं में कोई हीनभावना नहीं आएगी और एकरूपता की भावना बनी रहेगी। ज्ञापन में यह भी कहा गया है कि 80 प्रतिशत से अधिक मुस्लिम आबादी वाले देश ताजिकिस्तान के शिक्षण संस्थानों में हिजाब जैसे धार्मिक परिधान पर प्रतिबंध है, ताकि शिक्षा का वातावरण किसी भी तरह से प्रभावित नहीं हो। परिषद का उद्देश्य भी यही है कि यहां के शिक्षण संस्थान भी राजनीति और कट्टरता से मुक्त रहें। यदि इस परिपाटी को अनदेखा किया गया, तो यह आशंका है कि अन्य समुदाय की छात्राएं भी धार्मिक चिह्नों युक्त वस्त्र पहनकर आने लगेंगी, जिससे विद्यालयों में विभाजन की रेखा खिंच सकती है। इससे छात्राओं के बीच आपसी संबंध और सौहार्द बिगड़ सकते हैं।

एनके एरिया प्रबंधन व आरसीएनएस के बीच हुई सकारात्मक वार्ता

## मजदूरो से प्रतिदिन केवल आठ घटे ही कार्य लिया जाएगा : डीके गुप्ता



**रांची :** सीसीएल अंतर्गत एन के एरिया में कार्यरत असंगठित मजदूरो के अधिकारों लेकर बुधवार को आरसीएमएस यूनियन और सीसीएल एनके एरिया प्रबंधन के साथ महाप्रबंधक कार्यालय सभागार में महत्वपूर्ण बैठक हुई. मालूम हो कि

एन के एरिया अंतर्गत कोल हैंडलिंग प्लांट लगा कर काम कर रही मधुकॉन प्रोजेक्ट्स लिमिटेड पर मजदूरों के शोषण करने और हितों की अनदेखी का आरोप लगाते हुए आरसीएमएस युनियन आदोलन कर रही थी. लेकिन यूनियन द्वारा 13 और 14जुलाई को हड़ताल का एलान किया गया था. परंत इंटक के राष्ट्रीय अध्यक्ष चंद्रशेखर दुवे उ्फ दुई दुबे के आकस्मिक निधन के कारण हडताल स्थगित कर दी गयी थी हड़तल की अगली तिथि घोषित होने से पूर्व ही एनके एरिया प्रबंधन द्वारा वर्ता की पहल की गई इस बैठक में एनके एरिया के महाप्रबंधक दिनेश कुमार गुप्ता ने स्पष्ट शब्दें में कहा किमजदूरों के हितों से किसी प्रकार का समझौता नहीं किया जायेगा. उन्होंने कहा कि मजदूरो से प्रतिदिन केवल आठ घटे ही कार्य लिया जाएगा. साथ ही, कोल इड़िया द्वारा आऊटसोसिंग कंपनियों के लिए निर्धारित न्यूनतम वेतन का पालन मधुकॉन कंपनी को अनिवार्य रूप से करना होगा. मजदूरों को साप्ताहिक अवकाश देना होगा और असंगठित मजदूरों का सीएमपीरएफ

भुगतान शीघ्र सुनिश्चित किया जायेगा महाप्रबंधक ने यह भी कहा कि हर शनिवार को सीएमपीएफ भुगतान की समीक्षा हेतु बैठक आयोजित की जाएगी, जिसकी अध्यक्षता वह स्वयं करेंगे. बैठक में महाप्रबंधक डीके गुप्ता, केडीएच पीओ अनिल कुमार सिंह, दीपक गिरि, रानी चौबे एवं गरिमा सिंह आरसीएमएस एरिया अध्यक्ष बीएन पडिय, एरिया सचिव अब्दुल्ला अंसारी, सुनील सिंह, सौनू पांडे पज्जू महतो, मुमताज अंसारी,सलामत अंसारी, अशौक सिंह आदि उपस्थित थे।

## फर्जी दस्तावेज बनाकर पर्यावरणीय स्वीकृति लेने के मामले में कोर्ट में दर्ज हुआ बयान

**हजारीबाग :** जिले के केरेडारी में एनटीपीसी के चट्टी बरियातू कोल परियोजना हेतु पर्यावरण स्वीकृति लेने के लिए फर्जी ग्राम सभा किए जाने के मामले में आज परिवादी शनिकांत उर्फ मंटू सोनी द्वारा दायर परिवादवाद में हजारीबाग सीजीएम कोर्ट में बयान दर्ज करवाया गया। इससे पूर्व कोर्ट ने मामले को स्वीकार कर वादी का बयान लेने के लिए तिथि मुकर्र किया था। सोमवार को शनिकांत का बयान दर्ज हुआ। अब गवाहों के बयान दर्ज होंगे। अधिवक्ता पवन कुमार यादव और अनिरुद्ध कुमार ने कोर्ट में पक्ष रखा।कोर्ट को बताया गया कि लोक सुनवाई के नाम पर तत्कालीन उप विकास आयुक्त श्री सुदर्शन प्रसाद सिंह के नाम पर फर्जीदस्तावेज दस्तावेज का निर्माण किया गया था जिसमें उनके कार्यालय का पत्रक दिनांक और हस्ताक्षर नहीं था। इसके अलावा उपस्थित लोगों का हस्ताक्षर भी नहीं था एवं मात्र आठ से दस लोगों का हस्ताक्षर दिखाया गया था।ग्राम सभा की प्रक्रिया में द्रोपती देवी मोतीलाल सोनी और गणेश सोनी के द्वारा आपत्तियों को दिखाया गया लेकिन उनका सिग्नेचर कहीं भी उपस्थिति पंजी में नहीं है। पूर्व विधायक लोकनाथ महतो को भी कथित तौर पर हुए लोक सुनवाई में उपस्थित दिखाया गया है लेकिन उनका हस्ताक्षर नहीं लिया गया । दायर परिवादवाद के बयान में यह कहा गया है कि फर्जी तरीके से दस्तावेज बनाकर पर्यावरणीय लोक सुनवाई कर अनापत्ति प्रमाण प्राप्त कर खनन कार्य शुरू किया गया है । मामले में एनटीपीसी के तत्कालीन अपर महाप्रबंधक ए उपेंद्र राव,उप महाप्रबंधक नीरज कपूर, वरुण कुमार राय, बी जे प्रसाद, बी के सिंह एवं राजीव नंदन वरिष्ठ प्रबंधक (खनन) एवं झारखंड प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के तत्कालीन क्षेत्रीय पदाधिकारी रविंद्र प्रसाद अशोक कुमार यादव सहायक पर्यावरण अभियंता एवं एके सिंह एएसओ को नामजद आरोपी बनाया गया है।

# उपायुक्त ने किया विभिन्न परियोजनाओं का निरीक्षण

### चतरा में स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण और शहरी सौंदर्यीकरण की दिशा में तेजी से हो रहा कार्य

**संवाददाता**

203



**चतरा :** उपायुक्त कीर्तिश्री ने बुधवार की देर शाम जिले के शहरी क्षेत्र में संचालित प्रमुख विकास परियोजनाओं का स्थल पर जाकर निरीक्षण किया। निरीक्षण की शुरूआत सदर प्रखंड अंतर्गत गीरवा में साढ़े तीन एकड़ भूमि पर निमार्णाधीन सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट प्लांट और एक एकड़ क्षेत्र में बन रहे फीकल स्लज ट्रीटमेंट प्लांट (एफएसटीपी) से हुई।नगर परिषद की ओर से जानकारी दी गई कि सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट प्लांट का निर्माण कार्य वन विभाग एवं वाइल्डलाइफ से अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) नहीं मिलने के कारण फिलहाल रुका हुआ है। उपायुक्त ने इस पर गंभीरता से संज्ञान लेते हुए शीघ्र एनओसी उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया। वहीं, एफएसटीपी के निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने निर्माण की गुणवत्ता बनाए रखने और कार्य को तेजी से पूर्ण करने के निर्देश दिए साथ ही उन्होंने अनुमंडल पदाधिकारी सिमरिया को लगातार कार्य का मॉनिटरिंग करने का निर्देश दिया। इन परियोजनाओं के पूरा होने से नगर परिषद क्षेत्र में ठोस एवं तरल कचरा प्रबंधन व्यवस्था सुदृढ़ होगी, जिससे स्वच्छता, पर्यावरणीय संतुलन और सार्वजनिक स्वास्थ्य को लाभ पहुंचेगा।

**75 एकड़ में विकसित हो रहा है ईको पार्क,चतरा को मिलेगा एक भव्य हरित उपहार :** निरीक्षण का अगला चरण जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम के पीछे बन रहे ईको पार्क का रहा, जिसे चतरा दक्षिणी वन प्रमंडल द्वारा विकसित किया जा रहा है। यह पार्क लगभग 75 एकड़ क्षेत्र में फैला हुआ है और इसे दो हिस्सों में विभाजित किया गया है: प्राकृतिक वन क्षेत्र, जिसमें मौजूदा वन संरक्षित रहेगा, मनोरंजन एवं जागरूकता क्षेत्र ,जहाँ नागरिकों को प्रकृति से जोड़ने हेतु विविध संरचनाएं बनाई जा रही हैं।

**पार्क में निमार्णाधीन प्रमुख सुविधाएं :** चिल्ड्रन जोन, ओपन थिएटर, एडमिन भवन, एनआईसी (प्राकृतिक सूचना केंद्र), कैक्टस हाउस, कैंटीन, म्यूजिकल फाउंटेन, सुंदर लैंडस्केपिंग और हरित पथ, गुलाब गार्डन।उपायुक्त ने इन कार्यों की प्रगति की निरीक्षण करते हुए इसे चतरा के लिए एक ऐतिहासिक पहल बताया। उन्होंने कहा कि इस पार्क के निर्माण से चतरा की जनता को मनोरंजन का एक भव्य और हरित स्थल मिलेगा, जो साथ ही पर्यावरणीय जागरूकता का केंद्र भी बनेगा। उपायुक्त ने सीएसआर मद से अतिरिक्त राशि उपलब्ध कराने की बात भी कही, जिससे कार्यों को समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण रूप से पूरा किया जा सके। वन प्रमंडल पदाधिकारी मुकेश कुमार ने बताया कि पार्क में दो मुख्य प्रवेश द्वार होंगे और यह क्षेत्र चतरा के पर्यटन, पर्यावरण शिक्षा और सामुदायिक गतिविधियों को बढ़ावा देगा।

**जिला प्रशासनः जनहित, पर्यावरण और स्वच्छता के लिए प्रतिबद्ध :** जिला प्रशासन द्वारा संचालित ये परियोजनाएं न केवल स्थायी विकास, स्वच्छता मिशन और हरित झारखंड की दिशा में प्रयासों को गति देंगी, बल्कि चतरा को एक आधुनिक, हरित और स्वच्छ शहर के रूप में विकसित करने की दिशा में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी।

न्यूज IN ब्रीफ

## पूर्णिया में आदिवासी परिवार से मिला झामुमो का प्रतिनिधिमंडल

**रांची :** बिहार के पूर्णिया में आदिवासी परिवार के पांच लोगों को जिंदा जलाए जाने की घटना पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के निर्देश पर मंत्री रामदास सोरेन, राजमहल सांसद विजय हांसदा, झामुमो केंद्रीय सचिव पंकज मिश्रा ने पीड़ित परिवारों से शिष्टमंडल ने पूर्णिया पूर्व प्रखण्ड रजीगंज पंचायत के टेटगामा आदिवासी टोला में मुलाकात की। साथ ही राहत सामग्री चावल, धोती साड़ी सहित सभी जरूरत का सामान भी प्रदान किया।

प्रतिनिधिमंडल ने बिहार सरकार और पूर्णिया पुलिस की भूमिका पर सवाल खड़ा करते हुए कहा कि बिहार सरकार की कानून व्यवस्था भाजपा ही चला रही है। इतनी नृशंस हत्या कभी नहीं हुई थी, जिसमें एक जगह मारा गया और दूसरे जगह जलाया गया और तीसरे जगह फेंका गया। आखिर पूर्णिया पुलिस क्या कर रही है। उन्होंने कहा कि यह कोई आकस्मिक घटना नहीं थी, बल्कि चार-पांच घंटे तक यह वारदात होती रही और बिहार पुलिस खासकर पूर्णिया पुलिस चुप बैठी रही। यह सुनियोजित साजिश के तहत हमारे आदिवासी लोगों की हत्या हुई है, पूरी घटना की उच्च स्तरीय जांच होनी चाहिए।

## बाबूलाल ने अपने गांव में की धान की रोपनी

**गिरिडीह :** नेता प्रतिपक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी एक बार फिर अपनी सादगी और जमीन से जुड़ाव को लेकर चर्चा में हैं। इस बार उन्होंने गिरिडीह जिले के कोदांईबांक स्थित अपने खेत में धान की रोपाई करते हुए तस्वीर साझा की है। सोशल मीडिया पर साझा की गई इस तस्वीर में बाबूलाल मरांडी साधारण वेशभूषा में खेत में धान की बुआई करते नजर आ रहे हैं। उन्होंने इस पोस्ट के साथ एक भावुक संदेश भी लिखा, जिसमें उन्होंने कृषि और आत्मनिर्भरता का महत्व बताया।

## नामकुम पावर ग्रिड में डकैती मामले में अपराधियों की तलाश शुरू

**रांची :** जिले के नामकुम पावर ग्रिड में डकैती करने वाले अपराधियों की तलाश शुरू कर दी गई है। बिजली विभाग के कर्मचारियों ने बताया कि जिन अपराधियों ने डकैती को अंजाम दिया था, उनके कपड़े चड्डी-बनियान गिरोह के जैसे थे, मामले में नामकुम पुलिस को भी कई जानकारियां मिली है। जिसके आधार पर अपराधियों की तलाश की जा रही है। सोमवार की रात पावर ग्रिड में बिजली कर्मी और सुरक्षा प्रभारी को बंधक बनाकर लगभग 16 लाख रुपए की डकैती को अंजाम दिया था। पावर ग्रिड में 8 से 10 की संख्या में अपराधी रात के 10 बजे पहुंचे थे और करीब 2 घंटे तक डकैती को अंजाम दिया था।

## भाजपा शासित राज्यों में भ्रष्टाचार चरम पर : राकेश

**रांची :** झारखंड कांग्रेस के मीडिया प्रभारी एवं महासचिव राकेश सिन्हा ने बुधवार को कहा कि भाजपा शासित राज्यों में भ्रष्टाचार चरम पर है। मानसून आया और आपके टैक्स के पैसे भी बहा ले गया। हर बार जब कोई पुल गिरता है, कोई सड़क बह जाती है, ट्रेन पटरी से उतरती है। ये सिर्फ निर्माण की असफलता नहींङ्क, संगठित लूट है। हर बार जब हादसे में किसी के प्रिय की जान जाती है और कोई जिम्मेदार नहीं ठहराया जाता तो वो दुर्घटना नहीं, हत्या होती है। सरकारें टैक्स इसलिए लेती हैं कि जनता को सड़कें, पुल, अस्पताल, बिजली, पानी मिले। लेकिन भाजपा सरकार में ये पैसा भ्रष्ट नेताओं की जेब और सरकारी कमीशनखोरों की तिजोरी में जाता है। झारखंड में भी घोटाला के कई उदाहरण भाजपा के कार्यकाल में राज्य की जनता ने देखा है।

## राग भैरवी पर प्रो। मृणाल ने किया शोध

**रांची :** भारतीय शास्त्रीय संगीत और आधुनिक विज्ञान के संगम से बिरला प्रौद्योगिकी संस्थान, मेसरा के संगीतकार और शिक्षाविद् प्रो। मृणाल कुमार पाठक ने एक अभूतपूर्व शोध किया है। इससे यह प्रमाणित करता है कि राग भैरवी की मंद बांसुरी ध्वनि दर्द को कम करने में सक्षम है। उनका शोधपत्र,राग भैरवी (15 डीबी, बांसुरी) के माध्यम से दर्द निवारणः स्विस एल्बिनो चूहों में हाइपोथैलेमस-पिट्यूटरी एक्सिस और ?-एंडोर्फिन-सीएमपी मार्ग का सक्रियण, प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय शोध पत्रिका वर्तमान मनोचिकित्सा अनुसंधान और समीक्षाएं में प्रकाशित हुआ है। इस अनुसंधान में यह सिद्ध किया गया है कि जब स्विस एल्बिनो चूहों को राग भैरवी (15डीबी पर बांसुरी) सुनाई गई, तो उनके मस्तिष्क में बीटा-एंडोर्फिन का स्राव बढ़ा और हाइपोथैलेमस-पिट्यूटरी-अधिवृक्क अक्ष सक्रिय हुआ, जिससे दर्द में उल्लेखनीय कमी आई। प्रो. मृणाल पाठक, जो स्वयं एक ख्यातिप्राप्त रंगकर्मी और संगीतविद् हैं, ने इस शोध को ना केवल वैज्ञानिक दृष्टिकोण से आगे बढ़ाया, बल्कि उसमें सांस्कृतिक और कलात्मक गहराई भी जोड़ी। यह शोध उनकी दूरदर्शी सोच और अंतरविषयक नेतृत्व क्षमता का परिचायक है। उनके सहयोगी, पूर्व प्रो। शक्ति पटनायक जो वर्तमान में संयुक्त राज्य अमेरिका में शोधरत हैं, ने इस परियोजना में जैव-रसायन और औषध विज्ञान के दृष्टिकोण से बहुमूल्य योगदान दिया। यह शोध भारत की संगीत चिकित्सा परंपरा को वैज्ञानिक रूप से स्थापित करता है और दिखाता है कि भारतीय सांस्कृतिक ज्ञान, आज की चिकित्सा और मनोविज्ञान में भी कितना प्रासंगिक और प्रभावशाली हो सकता है।

## अनुसंधान के नए तरीकों को ड्यूटी मीट में सीखेंगे पुलिसकर्मी

**रांची :** कांके रोड स्थित न्यू पुलिस लाइन में तीन दिनी क्षेत्र पुलिस ड्यूटी मीट 2025 बुधवार से शुरू हुई। मुख्य अतिथि आईजी मनोज कौशिक ने इस दौरान इस आयोजन से पुलिस पदाधिकारियों को केस के अनुसंधान में काफी मदद मिलेगी। उन्हें बीएनएस (भारतीय न्याय संहिता) की धारा की भी जानकारी मिलेगी। मौके पर डीआईजी सह एसएसपी चंदन सिन्हा बोले, इस मीट में डीएनए के साक्ष्यों को जुटाने सहित अन्य पहलुओं की भी पुलिसकर्मियों को पता चल सकेगा। ड्यूटी मीट में दक्षिणी प्रक्षेत्र रांची के सभी जिलों से आए आरक्षी से लेकर पुलिस निरीक्षक तक के 46 पुलिसवालों ने भाग लिया। कार्यक्रम में अनुसंधान में नये बीएनएस के प्रावधानों का अनुपालन, डीएनए के लिए साक्ष्यों का संकलन एवं संरक्षण की उपयोगिता के बारे में प्रकाश डाला गया। साथ ही अनुसंधान की बारीकियां एवं वैज्ञानिक सहायता, कंप्यूटर साक्षरता, श्वान दस्ता की दक्षता की परीक्षा के अलावा प्रशिक्षण भी दिया जाएगा। इस ड्यूटी मीट में सिटी एसपी, ग्रामीण एसपी, सहायक निदेशक राज्य विधि-विज्ञान प्रयोगशाला रांची, दिलीप कुमार महतो समेत अन्य लोग उपस्थित थे।

## सरस्वती विद्या मंदिर के मेधावी छात्रों को मिला पुरस्कार

**रांची :** वनवासी कल्याण केंद्र से संबद्ध श्रीहरि वनवासी विकास समिति की ओर से संचालित सरस्वती विद्या मंदिरों के मेधावी छात्रों को बुधवार को सम्मानित किया गया। डॉ। श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय के सभागार में मेधावी छात्रों का सम्मान समारोह कार्यक्रम आयोजित हुआ। इस अवसर पर 10वीं जैक बोर्ड परीक्षा में 85 प्रतिशत से अधिक अंक लाने वाले 96 छात्रों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। साथ ही 80 प्राथमिक-मध्य विद्यालयों के छह प्रतियोगिताओं को नकद राशि प्रदान की गयी। वनवासी कल्याण केंद्र से संबंधित विद्यालयों में 1296 छात्रों ने परीक्षा दी थी। इनमें 97।15 प्रतिशत छात्रों ने सफलता प्राप्त की। सलडेगा (सिमडेगा) की भारती कुमारी और सुमन सिंह ने 94 प्रतिशत अंक लाकर जिले में टॉप किया।

# पावर ग्रिड में डकैती के बाद आसपास के झुग्गी-झोपड़ियों पर चला बुलडोजर



संवाददाता

**रांची :** राजधानी रांची के नामकुम स्थित पावर ग्रिड में सोमवार की रात हुई लाखों की डकैती के बाद अब मामले की जांच के लिए एसआइटी गठित की गयी है। टीम में डीएसपी मुख्यालय प्रथम अमर कुमार पांडेय, नामकुम थाना प्रभारी इंस्पेक्टर मनोज कुमार, टाटीसिलवे थाना प्रभारी इंस्पेक्टर रंजीत कुमार सिन्हा सहित नामकुम थाना के अन्य अफसरों को शामिल किया गया है। मालूम हो सोमवार की रात 20-25 हथियारबंद अपराधियों ने पावर ग्रिड के कर्मी व होमगार्ड जवानों को बंधक बनाकर 15।91 लाख के सामान लूट लिये थे।

**डकैती के बाद जागा नगर निगम :** इधर डकैती के बाद कल बुधवार को नगर निगम की नींद खुली। नगर निगम की टीम ने कल लोवाडीह दुर्गा सोरेन चौक के समीप अवैध झुग्गी-झोपड़ियों पर बुलडोजर चलाया। एसडीओ के निर्देश पर मजिस्ट्रेट राजू नायक व नामकुम पुलिस की संयुक्त टीम ने हाइटेंशन फैक्ट्री की दीवार से सटाकर बने झोपड़ीनुमा दुकान, मैदान व सड़क के किनारे अवैध कब्जा कर बने दुकानों को तोड़ दिया गया।

**अवैध दुकानों में स्मार्ट मीटर कैसे? :** टीम ने बताया कि हाइटेंशन फैक्ट्री, मैदान व आवासीय परिसर के आसपास अड्डेबाजी की शिकायत लगातार मिल रही थी। अतिक्रमण हटाने का अभियान 20 जुलाई तक चलेगा। अवैध कब्जे को हटाने के क्रम में कई झोपड़ीनुमा दुकानों में स्मार्ट मीटर लगा पाया गया। टीम के लोगों ने बताया कि यह जांच का विषय है कि जब दुकान अवैध रूप से संचालित है तो दुकानों में स्मार्ट मीटर कैसे लगा।

झामुमो पर भाजपा का हमला, कहा

# झारखंड को तबाह कर अब दूसरे राज्यों में झांक रहा है झामुमो

### झारखंड में शोषण पर मौन, ओडिशा पर शोर

संवाददाता

**रांची :** झामुमो की प्रेस वार्ता पर भाजपा ने बेहद तीखी प्रतिक्रिया देते हुए उसे गिद्ध राजनीति का जघन्य उदाहरण करार दिया है। भाजपा प्रदेश प्रवक्ता अजय साह ने कहा कि झामुमो अब अपनी नैतिकता और संवेदनशीलता दोनों खो चुका है और चुनिंदा घटनाओं पर शर्मनाक ढंग से सियासी रोटियाँ सेंकने में जुट गया है।

अजय साह ने दो टूक कहा कि झामुमो अब घिनौनी सेलेक्टिव पॉलिटिक्स पर उतर चुका है, जहाँ पार्टी की आंखें और जुबान तब बंद रहती हैं जब अपराधी उनके गठबंधन से होते हैं, लेकिन जैसे ही भाजपा शासित राज्य में कोई दुर्भाग्यपूर्ण घटना घटती है, वे गिद्ध की तरह मौके पर राजनीति करने आ धमकते हैं।

उन्होंने याद दिलाया कि कोलकाता के आर।जे। कर मेडिकल कॉलेज में जब छात्र बलात्कार की घटना के बाद आंदोलित थे, तब झामुमो की पूरी लीडरशिप चुप थी। और जब कोलकाता लॉ कॉलेज में इंडी गठबंधन के छात्र नेता पर गैंगरेप का गंभीर आरोप लगा, तब भी झामुमो ने एक शब्द नहीं बोला। अजय साह ने तंज कसते हुए कहा, क्या झामुमो के लिए अपराध की गंभीरता अपराधी की पार्टी पहचान देखकर तय होती है?

भाजपा प्रवक्ता ने झामुमो की राजनीतिक प्राथमिकताओं पर करारा वार करते हुए कहा कि जो पार्टी झारखंड को बर्बाद कर चुकी है, वह अब उन राज्यों की घटनाओं पर सियासत करने में लगी है जहाँ उसकी कोई जवाबदेही नहीं है। उन्होंने कहा कि पलामू के शेल्टर होम में नाबालिग लड़की ने खुलेआम आरोप लगाया कि एक अधिकारी उसे ह्यखुश करनेह्न का दबाव बना रहा था, लेकिन पूरा सरकारी सिस्टम उस अधिकारी को बचाने में जुट गया।

लातेहार स्कूल में हुई यौन शोषण की घटना को लेकर भी भाजपा ने सरकार पर जमकर हमला बोला। साह ने कहा कि तीन दिन बीतने के बाद भी अब तक कोई ठोस कार्यवाही नहीं हुई है। उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार में महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा देने वाली पूरी व्यवस्था ध्वस्त हो चुकी है। राज्य महिला आयोग का गठन तक नहीं हुआ है, उहउ जैसी संस्थाएं कागजों पर हैं और महिला थाने सिर्फ नेमप्लेट की शोभा बन चुकी हैं।

अजय साह ने साफ किया कि भाजपा ओडिशा की घटना को लेकर किसी भी आरोपी को बख्शने के मूड में नहीं है, और सबसे सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। परंतु उन्होंने झामुमो को आईना दिखाते हुए कहा कि पहले उस राज्य की जिम्मेदारी निभाएं जहाँ की जनता ने उन्हें वोट देकर सत्ता सौंपी है, फिर दूसरों को नसीहत दें।

# स्कूटी से घूम-घूम कर बंद घरों की करते रेकी, फिर चोरी की घटना को देते थे अंजाम, चार गिरफ्तार



संवाददाता

**रांची:** घरों की रेकी कर चोरी की वारदातों को अंजाम देने वाले गिरोह के चार सदस्यों को रांची पुलिस ने गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार चोर गिरोह के सदस्यों के पास से चोरी के कई सामान भी बरामद किए गए।

**रातू में दिया था चोरी को अंजाम**

रांची के रातू थाने की पुलिस ने क्षेत्र में हुई चोरी की कई कांडों का खुलासा करते हुए चार चोरों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों में कुम्हारटोली चूना भट्टा के पवन कुमार, कौशल सिंह, राजा साव और सुनील कुमार राय उर्फ अन्नू यादव शामिल हैं।

इन आरोपियों के पास से पुलिस की टीम ने चोरी हुआ जेवर, स्कूटी समेत अन्य चीजें बरामद की हैं। पूछताछ में पुलिस को पता चला है कि इस गिरोह के सदस्य घूम-घूम कर बंद घरों की रेकी करते हैं। इसके बाद चोरी की वारदात को अंजाम दिया करते हैं। इसका खुलासा बुधवार को ग्रामीण एसपी प्रवीण पुष्कर ने किया।

ग्रामीण एसपी ने बताया कि 11 जुलाई को कटहल मोड़ सिमलिया में आशुषोत उरांव नामक व्यक्ति के घर में चोरी हुई थी। इस मामले में रातू थाना में प्राथमिकी दर्ज की गई थी। थाना प्रभारी राम नारायण के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया था, इसी बीच सूचना मिली कि कुछ युवक चोरी की घटना को अंजाम देने के लिए कमड़े आश्रम के पास मंगलवार को जुटे हैं। जिसके बाद पुलिस ने छापेमारी कर सभी को पकड़ लिया। आरोपियों के पास से सलाई रेंच, पेचकस एवं स्कूटी बरामद किया गया है।

**चोरी की कई घटना को दे चुके हैं अंजाम**

ग्रामीण एसपी ने बताया कि चोरों ने रातू के अलावा अन्य थाना क्षेत्रों में भी एक दर्जन चोरी की वारदात को अंजाम दे चुके हैं। गिरोह के सदस्य सुबह में घर से स्कूटी से निकलते हैं। ग्रामीण इलाकों में वैसे घरों को तलाशते हैं, जो बंद हैं। उन घरों को निशाना बनाकर रात में चोरी की वारदात को अंजाम दिया करते हैं। गिरोह के अधिकतर सदस्य बिहार के गया इलाके के हैं और रांची में रहकर चोरी की घटना को अंजाम दिया करते हैं।

## गायब मिले सात कर्मियों को शोकॉज

**रांची :** पेयजल एवं स्वच्छता तथा उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग के मंत्री योगेंद्र प्रसाद ने पेयजल विभाग में ड्यूटी से गायब सात कर्मियों को शोकॉज किया है। बुधवार की दोपहर नेपाल हाउस सचिवालय में पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के कार्यालय का मंत्री ने औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मंत्री ने विभागीय कर्मचारियों की उपस्थिति, कार्यप्रणाली और फाइलों के निस्तारण की स्थिति की जानकारी प्राप्त की। इस दौरान उन्होंने पाया कि कुछ कर्मचारी बिना किसी सूचना के अनुपस्थित थे तथा कुछ कर्मचारी समय पर कार्यालय में मौजूद नहीं थे। उन्होंने इस पर कड़ा रुख अपनाते हुए ऐसे कुल 7 कर्मचारियों से स्पष्टीकरण मांगा और साथ ही उन्होंने विभागीय सचिव को जांच के निर्देश दिए हैं।

योगेंद्र प्रसाद ने कहा कि जनता को पेयजल एवं स्वच्छता से जुड़ी सेवाएं समय पर उपलब्ध कराना विभाग की सर्वोच्च प्राथमिकता है, ऐसे में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि ऑफिस में समयबद्ध उपस्थिति और जनता की समस्याओं के त्वरित निस्तारण के लिए कठोर अनुशासन लागू किए जाएंगे। मंत्री ने निर्देशित किया कि काम में अनावश्यक देरी, फाइलों को रोकने और जिम्मेदारियों से बचने जैसी प्रवृत्तियों पर पूर्ण रोक लगाई जाए। विभाग को शून्य सहनशीलता की नीति के साथ कार्य करना होगा। कुछ कर्मचारी बिना किसी सूचना के अनुपस्थित थे तथा कुछ कर्मचारी समय पर कार्यालय में मौजूद नहीं थे। ऐसे कुल 7 कर्मचारियों से स्पष्टीकरण मांगा और साथ ही विभागीय सचिव को जांच के निर्देश दिए।

# पीएम धन- धान्य कृषि योजना की मंजूरी स्वागत योग्य : पवन साहू

संवाददाता



**रांची :** झारखंड प्रदेश भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष पवन साहू जी ने केंद्र सरकार द्वारा पीएम धन धान्य कृषि योजना को कैबिनेट में मंजूरी की स्वागत किया है। पवन साहू ने माननीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान जी एवं यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि केंद्र सरकार इस योजना को कैबिनेट में मंजूरी देकर किसानों को बहुत बड़ी सौगात दी है। उन्होंने कहा कि केंद्रीय कैबिनेट की बैठक में तीन बड़े फैसले लिए हैं। किसानों के लिए हैं। पीएम धन-धान्य योजना को मंजूरी दी है। इसके तहत हर साल 24 हजार करोड़ रुपये से 100 जिलों में कृषि सुधार होगा। दूसरा को 20 हजार करोड़ रुपये के इंवेस्टमेंट करने को भी हरी झंडी दिखाई है। तीसरे फैसले में सरकार ने एनएलसीआईएल को में निवेश के लिए 7 हजार करोड़ रुपये मंजूर किया गया है। कहा कि प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना' का उद्देश्य कृषि उत्पादकता बढ़ाना, फसल विविधीकरण और टिकाऊ कृषि पद्धतियों को बढ़ावा देना, कटाई के बाद भंडारण क्षमता बढ़ाना, सिंचाई सुविधाओं में सुधार और ऋण की उपलब्धता को सुगम बनाना है।

मंत्रिमंडल ने नवरत्न सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों पर लागू मौजूदा निवेश दिशानिर्देशों से ठछउ इंडिया लिमिटेड को विशेष छूट देने को भी मंजूरी दी। इस निर्णय से अपनी पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी, ठछउ इंडिया रिन्यूएबल्स लिमिटेड में 7,000 करोड़ रुपये का निवेश कर सकेगी और बदले में, विभिन्न परियोजनाओं में निवेश कर सकेगी। कहा कि इस योजना की मंजूरी से किसानों में खुशी की लहर है। इस योजना से देश की किसानों की स्थिति में काफी सुधार होगी।

## सुबह सवेरे अपने घरों से बाहर जाने वाले लोग रहें होशियार

**रांची :** सुबह सवेरे अपने घरों से बाहर जाने वाले लोग रहें होशियार, बाहर जाने से पूर्व अपने घरों के दरवाजे को करें लॉक , नहीं तो हो सकती है चोरी की घटना। आज ऐसी ही एक घटना सुबह साढ़े सात बजे डोरंडा के परास टोली मुहल्ले में हुई है । एक महिला अपने दो बच्चों के साथ एक मकान में बाहर और अंदर का दरवाजा खोल कर कमरे के अंदर घुस गई और पर्स से रुपए निकाल कर फरार होने की कोशिश करने लगी तभी घर की महिला की नजर पड़ने पर आरोपी महिला पकड़ में आई । घर की महिला द्वारा डांटने पर आरोपी महिला ने साढ़े पांच सौ रुपया चोरी करने की बात स्वीकार करते हुए रुपए लौटा दिए ।

कार्यालय, असैनिक शल्य चिकित्सक सह मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, रॉंची

पत्रांक .2791 रॉंची,दिनांक 16.7.2025

e-tender Cancellation Notice.

कार्यालय के ई–निविदा संख्या 2156 दिनांक 31.5.2025 जो 395 ऑगनवाड़ी केन्द्रों के लिए ए.एन.सी. किट के क्रय हेतु ई–निविदा प्रकाशित किया गया था जिसे अपरिहार्य कारणों से निरस्त किया जाता है। ई–निविदा संख्या 2156 दिनांक 31.5.2025 का PR354070 ( Health Med Edu and Family Welfare) 25-26 (D) है।

असैनिक शल्य चिकित्सक सह
मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, रॉंची।

PR.NO.357493 Health Med Edu and Family Welfare(25-26):D

पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, सिमडेगा

(सर्वसाधारण के लिए सूचना)



लापता बालिका अनुग्रहीत मिंज, पिता–प्रफुल्ल मिंज, सा0–केरैया महतोटोली, थाना–टी0टांगर, जिला–सिमडेगा, राज्य– झारखण्ड, दिनांक –05.07.2025 को बिना किसी को बताए रात्रि करीब–11.00 बजे घर से कहीं चली गई है, जो अभी तक अपना घर वापस नहीं लौटी है। गुमशुदा बालिका की बरामदगी अभी तक नहीं हो पायी है, जिसका विवरणी निम्नवत् है:–

हुलिया की विवरणी :–

| | | |
|---|---|---|
| लिंग | :– | स्त्रीलिंग |
| उम्र | :– | 17 वर्ष |
| रंग | :– | सॉवली |
| बाल | :– | काला। |
| ऊँचाई | :– | 05 फीट । |
| भाषा | :– | सादरी एवं हिन्दी । |

अतः सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि उक्त गुमशुदा बालिका के बारे में पता चलता है तो नीचे अंकित दूरभाष नं0 पर अविलंब सूचित करेंगे।

| | | |
|---|---|---|
| पुलिस अधीक्षक, सिमडेगा | – | मोबाइल नं0–9431116444 |
| पुलिस उपाधीक्षक, (मु0) सिमडेगा | – | मोबाइल नं0–9431706227 |
| थाना प्रभारी, टी0टांगर | – | मोबाइल नं0–9431706232 |
| पुलिस नियंत्रण कक्ष, सिमडेगा | – | मोबाइल नं0–9262998531 |
| मानव तस्करी संबंधी टोल फ्री नं0 | – | मोबाइलनं0–1800–3456–256 |

पुलिस अधीक्षक,
सिमडेगा

PR 357416 Simdega(25-26).D

रॉंची समाहरणालय, रॉंची
(जिला भू-अर्जन शाखा)

आदेश

सदस्य (तक०) झारखण्ड राज्यमार्ग प्राधिकार, रॉंची के पत्रांक–583(अनु०) दिनांक–07.07.2025 द्वारा सूचित किया गया है कि बन्ता–राहे–बुण्डू पथ का चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण / पुनर्निर्माण कार्य Two Lane with Paved Shoulder पथ के चैनेज 21+550 से चैनेज 26+500 कि०मी० के अन्तर्गत ग्राम–रेलाडीह, पोआदिरी एवं खुदिमदकम के स्थानीय ग्रामीणों द्वारा Re-Alignment पर कार्य करने के विरोध किया जा रहा है एवं इसके जगह Existing Alignment पर भी पथ निर्माण करने हेतु कहा जा रही है। Existing Alignment पर पथ निर्माण का कार्य करने हेतु निर्णय विचाराधीन है। फलस्वरुप मौजा–रेलाडीह, पोआदिरी एवं खुदिमदकम में प्रस्तावित भू–अर्जन की प्रक्रिया को तत्काल स्थगित रखने का अनुरोध किया गया है। उक्त आलोक में बन्ता–राहे–बुण्डू पथ निर्माण कार्य परियोजना अन्तर्गत मौजा–रेलाडीह, पोआदिरी एवं खुदिमदकम में प्रस्तावित भू–अर्जन की प्रक्रिया अगले आदेश तक स्थगित रखी जाती है।

जिला भू–अर्जन पदाधिकारी
रॉंची

PR 357450 Land Reforms (25-26)_D

## सुविचार

**मेहनत करने से दरिद्रता नहीं रहती, धर्म करने से पाप नहीं रहता, मौन रहने से कलह नहीं होता.**

## विश्व शांति की जरूरत

**जब** इजराइल ने ईरान पर हमला शुरू किया तो अमेरिका ने न सिर्फ दूरी बनाए रखी बल्कि राष्ट्रपति ट्रंप ने दो हफ्तों बाद निर्णय लेने का एलान किया। मगर अचानक ईरान के तीन परमाणु केंद्रों पर रातो- रात बमबारी करते हुए युद्ध में सीधा कूद पड़ा। हालांकि उन्होंने पहले भी संकेत दिए थे। जब सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ में लिखा था। सबको तेहरान को खाली कर देना चाहिए। ट्रंप ने खुद हमलों की जानकारी देते हुए कहा, परमाणु केंद्र पूरी तरह नष्ट कर दिए गए हैं। साथ ही ईरान को धमकी दी कि यदि उसने जवाबी कार्रवाई की तो उसके खिलाफ अधिक हमले किये जा सकते हैं। अमेरिका का यह ऑपरेशन मिड नाइट हैमर रहा। जिसमें फोड्र व नतांज पर हमला किया गया। नौसेना की पनडुब्बी द्वारा क्रूज मिसाइल का प्रयोग करते हुए इस्फहान पर निशाना बनाया गया। ट्रंप के जी7 की बैठक बीच में छोड़.कर लौटने को भी लोगों ने आशंका भरी नजरों से देखा था। हालांकि पेंटागन समेत अमेरिकी सेंट्रल कमांड, राष्ट्रपति के सहयोगी व सलाहकार,प्रशासन के अधिकारी व सैन्य योजानाकार चिंता व्यक्त कर रहे हैं। उनमें से कई को यह ईरान को उकसाने वाली कार्रवाई प्रतीत हो रही है, जबकि दो सप्ताह वाले बयान को पक्षकार कूटनीतिक योजना का हिस्सा ठहरा रहे हैं और इसे जटिल व ऐतिहासिक सैन्य अभियान बता कर अपनी पीठ खुद ठोक रहे हैं, जबकि विरोधी इसे इस्राइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू की उत्कृष्ट रणनीति का हिस्सा ठहरा रहे हैं। उधर संयुक्त राष्ट्र परमाणु निगरानी संस्था अमेरिका हमलों को लेकर बैठक करने की तैयारी में है,जबकि अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी की विरोधाभाषी बयानों के चलते ईरान आलोचना कर रहा है। सुगबुगाहट तो यह भी है कि ट्रंप की शेखी के बावजूद वास्तविक स्थिति अस्पष्ट ही है। कोई नहीं जानता कि ईरान के बम ग्रेड यूरेनियम को आखिर कितना नुकसान पहुंचा है। धार्मिक कट्टरतावाद या खामेनेई युग का अंत इतना आसान भी नहीं है। क्योंकि मुल्क में तख्तापलट तब तक संभव नहीं है। जब तक ईरानवासी या धार्मिक नेता के विराधी एकजुट न हो जाएं। दबी जबान से इसे तीसरे विश्व युद्ध का आगाज भी बताया जा रहा है। जिसका खामियाजा सारी दुनिया को भुगतने के लिए तैयार होना होगा। विश्व शांति की बातें बनाने वाली सभी अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं को अमेरिका के आगे घुटने टेकने की बाजाए हरकत में आना होगा और कूटनीतिक तरीके से इस संघर्ष पर विराम लगाने के सख्त कदम उठाने होंगे।

## ट्रंप का नोबेल दर्द

**अमेरिका** के राष्ट्रपति ट्रंप नोबेल शांति पुरस्कार के लिए इतना क्यों छटपटा रहे हैं? क्या उनके आग्रह पर ही पाकिस्तान ने उनके नाम की सिफारिश की है? क्या यह हास्यास्पद नहीं है कि जिस देश में आदर्श लोकतंत्र नहीं है और सेना ही सरकार को हांकती है, जिस देश को आतंकवाद की पनाहगाह माना जाता रहा है, जो देश पैसा लेकर किसी भी देश के खिलाफ जेहाद करता रहा हो, जिस देश का रक्षा मंत्री कबूल करता हो कि हमने 30 साल में आतंकियों को पाला-पोसा है, उस देश ने नोबेल शांति पुरस्कार राष्ट्रपति ट्रंप को देने की सिफारिश की है? क्या राष्ट्रपति ट्रंप ने शांति, स्थिरता, मानवता, सौहार्द के लिए अमूल्य, अतुलनीय प्रयास किए हैं? यदि अमेरिकी राष्ट्रपति खुद को नोबेल शांति पुरस्कार के योग्य मानते हैं, तो मध्य-पूर्व में ही, ईरान के इर्द-गिर्द, अमरीका के 16 बड़े सैन्य अड्डे क्यों हैं? करीब 60 एकड़ क्षेत्र में घातक, संहारक विमान और 51,000 से अधिक सैनिक क्यों तैनात हैं? क्या यह भी शांति के लिए बंदोबस्त किया गया है? कमोबेश अमेरिका की सीमाएं वहां से काफी दूर हैं। यह अमरीका का साम्राज्यवाद ही है। बुनियादी तौर पर अमेरिका हिंसक, युद्धोन्मादी, जनसंहारक देश है। राष्ट्रपति ट्रंप दावा कर रहे हैं कि उन्होंने रवांडा-कांगो के बीच समझौता करवा दिया है, जो सोमवार से प्रभावी हो जाएगा। मिस्र और इथियोपिया में शांति स्थापित कराई है। कोसोवो और सर्बिया के बीच युद्ध रुकवाया है। उन्होंने 15वीं बार यह दावा भी किया है कि भारत और पाकिस्तान के दरमियान हालिया संघर्ष को खत्म कराने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका रही है। पाकिस्तान ने भी अपनी सिफारिश में लिखा है कि भारत के साथ संघर्ष में राष्ट्रपति ट्रंप का हस्तक्षेप एक वास्तविक शांतिदूत के रूप में उनकी भूमिका और बातचीत के माध्यम से संघर्ष के समाधान के प्रति उनकी प्रतिबद्धता का प्रमाण है। यह पूरी तरह गलत प्रमाणपत्र है। भारत ने पाकिस्तान के साथ कब बातचीत की थी? सैन्य अफसरों का संवाद युद्धविराम के लिए महज औपचारिकता था। नोबेल पुरस्कार कमेटी को ऐसी छद्म और फर्जी सिफारिश करना ही अपराध है।

यदि राष्ट्रपति ट्रंप वाकई शांतिदूत हैं, तो फलस्तीन के गाजा में हमले अब भी जारी क्यों हैं? वह रूस-यूक्रेन युद्ध समाप्त क्यों नहीं करवा पाए? यह तो ट्रंप का मुख्य चुनावी मुद्दा था। इराक, सीरिया, लीबिया, लेबनान, यमन, अफगानिस्तान आदि देशों में अमेरिका की युद्धबाज के तौर पर और खुद राष्ट्रपति ट्रंप की क्या भूमिका रही है? मौजूदा इजराइल-ईरान युद्ध को ही लें। बीते 10 दिन से भीषण हमले जारी हैं। करीब 700 मौतें हो चुकी हैं। ईरान के 12 से अधिक सैन्य जनरल मार दिए गए हैं। परमाणु वैज्ञानिक भी मारे गए हैं। कितनी इमारतें और प्रतिष्ठान खंडहर कर दिए गए हैं, उनका डाटा अभी उपलब्ध नहीं है। राष्ट्रपति ट्रंप कहते हैं कि वह इजरायल को युद्ध छोड़ने को नहीं कहेंगे। यह कौनसा शांतिकर्म है? ट्रंप बार-बार बयान बदल रहे हैं। अमेरिका युद्ध में संलिप्त भी है और राष्ट्रपति ट्रंप ने दो सप्ताह के बाद कोई फैसला लेने की बात कही है। वह दावा करते रहे हैं कि ईरान परमाणु बम बना रहा है, जबकि उनकी सरकार में राष्ट्रीय खुफिया निदेशक तुलसी गबार्ड ने कहा है कि ईरान का परमाणु कार्यक्रम 2003 में ही बंद कर दिया गया था, लिहाजा ईरान परमाणु बम कैसे बना सकता है? ट्रंप ने उनके बयान को खारिज कर दिया, तो तुलसी को भी सफाई देनी पड़ी। यदि ट्रंप वाकई शांतिदूत हैं, तो उनका परमाणु बम से क्या लेना-देना? उनके प्रयास होने चाहिए कि युद्ध अविलंब खत्म हो, लेकिन अमेरिका की नीयत के मद्देनजर रूस और चीन को चेतावनी देनी पड़ रही है कि अमेरिका युद्ध में घुसने की कोशिश न करे। राष्ट्रपति ट्रंप का नोबेल पुरस्कार के लिए दर्द बार-बार बयां हो रहा है कि वह कितना, कुछ भी कर लें, लेकिन उन्हें नोबेल शांति पुरस्कार नहीं मिलेगा। उनकी यह छटपटाहट इसलिए भी घनीभूत होती है, क्योंकि 2009 में तत्कालीन अमेरिका राष्ट्रपति बराक ओबामा को नोबेल शांति पुरस्कार दिया गया था। अब यह तय होना है कि ट्रंप पात्र हैं या नहीं?

# कानपुर का जुलाई नरसंहार, अंग्रेजों ने क्रूरता की हद पार की

> 1857 की क्रांति में कानपुर और बिठूर में केवल पांच दिनों तक चला यह भीषण नरसंहार अकेला नहीं है । इस क्रांति के दमन के लिए लगभग हर स्थान पर भीषण नरसंहार हुए । इनमें अधिकांश के वर्णन तो जिला गजेटियरों में है। कानपुर का नरसंहार कितना भीषण था, इस बात का अनुमान केवल इस एक तथ्य से लगाया जा सकता है कि अंग्रेजों ने इस क्रांति के दमन के लिए लगभग हर स्थान पर एक एक जनरल तैनात किया ।

**ज**लियांवाला बाग में हुए सामूहिक नरसंहार को सब जानते हैं पर अंग्रेजों ने इससे पहले और इससे भीषण नरसंहार भी किए थे । इनमें एक भीषण नरसंहार जुलाई 1857 को कानपुर में हुआ । इसमें लगभग बीस हजार से अधिक निर्दोष नागरिकों को मौत के घाट उतारा गया था । छह हजार का आंकड़ा तो अकेले कानपुर नगर का है । इस नरसंहार के खलनायक जनरल नील और जनरल हैवलॉक नामक दो सैन्य अधिकारी थे । 1857 की क्रांति में कानपुर और बिठूर में केवल पांच दिनों तक चला यह भीषण नरसंहार अकेला नहीं है । इस क्रांति के दमन के लिए लगभग हर स्थान पर भीषण नरसंहार हुए । इनमें

**रमेश शर्मा**

अधिकांश के वर्णन तो जिला गजेटियरों में है। कानपुर का नरसंहार कितना भीषण था, इस बात का अनुमान केवल इस एक तथ्य से लगाया जा सकता है कि अंग्रेजों ने इस क्रांति के दमन के लिए लगभग हर स्थान पर एक एक जनरल तैनात किया । जनरल ह्यूरोज की कमान में जो सेना थी उसने मध्य प्रदेश के महू से अपना अभियान आरंभ किया और इंदौर, सीहोर, गढ़ी, राहतगढ़, सागर, आदि स्थानों के बाद झांसी कालपी और ग्वालियर में अभियान चलाया । अकेले कानपुर और बिठूर के लिए दो जनरल भेजे गए । वे भी ऐसे जो अपनी क्रूरता के लिए कुख्यात रहे । इसका कारण यह था कि 1857 में क्रांति का उद्घोष भले सिपाही मंगल पाण्डेय ने बंगाल इन्फेन्ट्री से किया हो पर इसका मुख्य केंद्र कानपुर और मेरठ थे । इन स्थानों पर मई में क्रांत का आरंभ हुआ था । कानपुर में क्रांति के नायक नाना साहब पेशवा और तात्या टोपे थे । इनके नेतृत्व में सेना ने विद्रोह कर दिया था और नाना साहब पेशवा ने कानपुर में सत्ता संभाल ली थी। यहां कुछ अंग्रेज परिवार रहते थे । नाना साहब ने इन अंग्रेज परिवारों को सुरक्षित भेजने का प्रबंध किया और इन्हें गंगा पार कराने के लिए सत्ती चौरा भेजा गया । कुछ परिवार नावों से रवाना भी हो गए थे । किन्तु सत्ती चौरा में कुछ सैनिकों को गुस्सा आया और उन्होंने इन परिवारों पर हमला बोल दिया। इसमें कुछ अंग्रेज स्त्री-पुरुष मारे गए । यह घटना 26 जून, 1857 की है और इतिहास के पन्नों पर इसती चौरा कांडर के नाम से जानी जाती है । इसमें मरने वाले अंग्रेजों की संख्या अलग-अलग बताई गई है । इस घटना से अंग्रेज बौखला गए। उन्होंने क्रूरतम अंग्रेज अधिकारियों की कमान में सेना कानपुर भेजी । जनरल हैवलॉक और जनरल नील के कमान में ये सेनाएं 16 जुलाई, 1857 को कानपुर पहुंचीं । इन सैन्य दलों ने पूरे नगर को घेर लिया। ब्रिटिश अधिकारियों को पहले उम्मीद थी कि ब्रिटिश परिवार सुरक्षित होंगे किन्तु जैसे ही उन्हें अंग्रेज परिवारों के मरने की जानकारी मिली तो उनका गुस्सा सांतवें आसमान पर पहुंच गया । और भारतीय नागरिकों का कत्लेआम शुरू कर दिया । इन सैनिकों के कानपुर और बिठूर में किए गए कुछ अत्याचारों का तो ऐसा वर्णन है जिसका उल्लेख करने में भी आत्मा कांपती है । लूटपाट, तोड़फोड़ और घरों को जलाना तो बहुत मामूली था । यह सेना नागरिकों के साथ जितने अत्याचार कर सकती थी वे सब किए गए। जनरल नील ने आदेश दिया कि पकड़े गए सभी सिपाही विद्रोही माने जाएं । उन्हें पकड़कर पहले बीबीघर परिसर ले जाया गया । सत्तीचौरा का बीबीघर वह स्थान था जहां कुछ अंग्रेज परिवारों की हत्या की गई थी । गुस्साए सैनिकों ने बंदी बनाए गए विद्रोही सैनिकों से उस फर्श को चाटने के लिए विवश किया गया, जहां अंग्रेज परिवारों का रक्त गिरा था । इसके बाद उन्हें गोली मारकर पेड़ों पर लटका दिया गया । जबकि कुछ को तोपों से बांध कर उड़ा दिया गया । उधर जनरल हैवलॉक ने कानपुर छावनी में उन 134 सैनिकों को भी गोली मार देने के आदेश दिए जो क्रांति से दूर होकर पुनः अंग्रेजों की सेवा करना चाहते थे । इसके बाद विद्रोह को संरक्षण देने और समर्थन देने वाले कस्बों की ओर सेना चली । इन कस्बों को घेर कर आग लगा दी गई । गांव के गांव जलाए गए । जिस गांव में आग लगाई जाती, उसे सेना पहले घेर लेती ताकि कोई जिंदा बाहर निकल कर भाग न सके । यह नरसंहार 16 जुलाई से आरंभ हुआ । कहीं-कहीं तिथि 17 जुलाई लिखी है । यह एक सप्ताह से अधिक समय चला । इतिहास की विभिन्न पुस्तकों में उल्लेख है कि जीटी रोड के किनारे जितने भी गांव थे, उन सभी को हैवलॉक ने जला दिया था। राहगीरों को मार-मार कर पेड़ों पर लटकाया गया । कानपुर के वर्तमान के मेघदूत चौराहे पर फांसी का मंच बनाया गया था। यहां केवल तीन दिन में छह हजार स्त्री-बच्चों की निर्ममता से हत्या की गई। कुछ इतिहासकार मानते हैं नृत्यांगना अजीजनबाई की टोली ने यहीं अंग्रेजों से लोहा लिया था । अजीजनबाई को हैवलॉक ने ही मारा था। कानपुर में यह सब करके जनरल हैवलॉक बिठूर पहुंचा। उसकी कमान में मेजर स्टीवेन्सन की एक सैन्य टुकड़ी भी थी, जिसमें मद्रास फ्यूसिलियर्स और पंजाब बलूच सैनिकों की संख्या अधिक थी । यहां इस सेना का प्रतिरोध करने वाला कोई न मिला । उसने पेशवा नाना साहब के महल पर कब्जा कर लिया और जो व्यक्ति सामने पड़ा उसे मौत के घाट उतार दिया गया । ब्रिटिश सैनिकों ने पहले पेशवा के महल का सामान अपने अधिकार में लिया, जिसमें बंदूकें, हाथी और ऊंट और अन्य कीमती सामान था । और फिर महल में आग लगा दी। इसके बाद जैसा कत्लेआम कानपुर में किया था वैसा ही कत्लेआम बिठूर में किया । हैवलॉक की क्रूरता की कार्रवाई की तत्कालीन अंग्रेज सरकार ने प्रशंसा की और हैवलॉक के नाम को अमर करने के लिए भारत के अंडमान निकोबार के एक द्वीप का नाम हैवलॉक द्वीप रखा । यह नाम स्वतंत्रता के 75 वर्षों तक यथावत रहा । इस नाम को पिछले दिनों प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बदलकर स्वराज द्वीप किया । अंग्रेजों के कानपुर आपरेशन में हैवलॉक के साथ रहे कमांडर शेरर ने अपनी पुस्तक हैवलॉक्स मार्च ऑन कानपुर में भी इस नरसंहार और अत्याचार का वर्णन किया है।

**(लेखक, वरिष्ठ पत्रकार हैं।)**

# शुभांशु शुक्ला की सफलता और अंतरिक्ष स्टेशन की महत्वाकांक्षा

> शुभांशु शुक्ला की यह यात्रा अंतरिक्ष में मानव को भेजने की भारत की बढ़ती क्षमता को दिखाती है। साथ ही, यह भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के 2035 तक अपना खुद का अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन बनाने की महत्वाकांक्षी योजना की नींव भी रखती है। शुक्ला आईएसएस पर रहने और काम करने वाले पहले भारतीय बने हैं। वह राकेश शर्मा के बाद अंतरिक्ष में जाने वाले दूसरे भारतीय हैं। राकेश शर्मा 1984 में एक सोवियत अंतरिक्ष यान से अंतरिक्ष में गए थे।

**भा**रतीय वायुसेना के ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला 15 जुलाई, 2025 को अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) से 18 दिन का ऐतिहासिक अभियान पूरा कर सकुशल धरती पर लौट आए हैं। उनका यह अभियान एक्सिओम-4 (एक्स-4) अंतरिक्ष यान से पूरा हुआ। यह भारत के अंतरिक्ष कार्यक्रम के लिए बड़ी उपलब्धि है। शुभांशु शुक्ला की यह यात्रा अंतरिक्ष में मानव को भेजने की भारत की बढ़ती क्षमता को दिखाती है। साथ ही, यह भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के 2035 तक अपना खुद का अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन बनाने की महत्वाकांक्षी योजना की नींव भी रखती है। शुक्ला

**डॉ. आर. बी. चौधरी**

आईएसएस पर रहने और काम करने वाले पहले भारतीय बने हैं। वह राकेश शर्मा के बाद अंतरिक्ष में जाने वाले दूसरे भारतीय हैं। राकेश शर्मा 1984 में एक सोवियत अंतरिक्ष यान से अंतरिक्ष में गए थे। 39 साल के भारतीय वायुसेना अधिकारी शुक्ला एक्स-4 अभियान के चालक थे, जो इसरो, नासा, यूरोपीय अंतरिक्ष एजेंसी (ईएसए) और एक्सिओम स्पेस का एक साझा प्रयास था। 25 जून, 2025 को स्पेसएक्स के ड्रैगन अंतरिक्ष यान से रवाना हुए शुक्ला और उनके दल में पेगी व्हिट्सन (यूएसए), स्लावोज उज्नांस्की-विस्निवस्की (पोलैंड) और टिबोर कपु (हंगरी) शामिल थे। उन्होंने 60 से ज्यादा प्रयोग किए, जिनमें इसरो द्वारा डिजाइन किए गए सात प्रयोग भी शामिल थे। शुक्ला के प्रयोगों का मुख्य ध्यान सूक्ष्मगुरुत्वाकर्षण अनुसंधान पर था, जो लंबे समय तक अंतरिक्ष अभियान के लिए बहुत जरूरी है। इनमें मूंग और मेथी के बीज अंकुरित करने, मायोजेनेसिस (शून्य गुरुत्वाकर्षण में मांसपेशी कोशिकाओं का विकास), साइनोबैक्टीरिया, सूक्ष्मशैवाल और भारतीय टार्डिग्रेड (ऐसे सूक्ष्मजीव जो अत्यधिक परिस्थितियों में भी जीवित रह सकते हैं) पर अध्ययन शामिल थे। एक खास प्रयोग सूक्ष्मशैवाल को एक टिकाऊ भोजन स्रोत के रूप में विकसित करना था, जो भविष्य के अंतरिक्ष अन्वेषण के लिए एक बड़ी अद्भुत खोज है। शुक्ला ने एक तैरते हुए पानी के बुलबुले का मजेदार प्रदर्शन भी किया, जहाँ उन्होंने खुद को पानी मोड़ने वाला बताया, जिसने लोगों का दिल जीत लिया। इस अभियान पर इसरो का लगभग ?548 करोड़ ($59 मिलियन) का खर्च आया, जिसमें प्रशिक्षण, प्रक्षेपण का खर्च और वैज्ञानिक अनुसंधान शामिल था। शुक्ला को कोई सीधा वेतन नहीं दिया गया, जिससे यह साफ होता है कि इस अभियान का मुख्य लक्ष्य ज्ञान हासिल करना था। डॉकिंग, दल समन्वय और आपातकालीन प्रोटोकॉल में उनका अनुभव इसरो के गगनयान कार्यक्रम (जो 2027 में तय है) के लिए बहुत बहुमूल्य डेटा देगा। इसरो की 2035 तक एक भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन बनाने की घोषणा से काफी उत्साह है। इसरो के अध्यक्ष एस. सोमनाथ ने एक मॉड्यूलर स्टेशन की योजनाओं के बारे में बताया, जिसकी शुरुआत 2028 तक एक एकल मॉड्यूल के प्रक्षेपण से होगी। शुरुआत में इसे 120-140 किमी की ऊंचाई पर तीन अंतरिक्ष यात्रियों को ठहराने के लिए डिजाइन किया गया है, जिसे बाद में 15-20 दिनों के लंबे अभियान के लिए 400 किमी पर संचालित किया जा सकता है। यह गगनयान अभियान के बाद होगा, जिसका उद्देश्य भारतीय अंतरिक्ष यात्रियों को स्वदेशी अंतरिक्ष यान और प्रक्षेपण यान का उपयोग करके कक्षा में भेजना है। प्रस्तावित स्टेशन पदार्थ विज्ञान, जीव विज्ञान और खगोल भौतिकी में सूक्ष्मगुरुत्वाकर्षण अनुसंधान के लिए एक केंद्र के रूप में काम कर सकता है। यह इसरो के चंद्रमा और अंतरग्रहीय अन्वेषण के दीर्घकालिक लक्ष्यों के अनुरूप है, जिसमें 2040 तक चंद्रमा पर एक अंतरिक्ष यात्री अभियान की योजना भी शामिल है। शुक्ला के एक्स-4 अभियान ने कक्षीय संचालन, दल के स्वास्थ्य और प्रयोग प्रबंधन में महत्वपूर्ण जानकारी दी है, जो सीधे स्टेशन के विकास में मदद करेगी। इसरो का अंतरिक्ष स्टेशन अंतरराष्ट्रीय सहयोग के लिए एक मंच के रूप में देखा जा रहा है, जिसमें संभावित रूप से नासा, ईएसए और अन्य एजेंसियां शामिल होंगी, जो आईएसएस मॉडल के समान है। साझेदारी के प्रति खुले विचार लागत को कम कर सकती है और वैज्ञानिक परिणामों को बढ़ा सकती है, जिससे भारत आईएसएस के बाद के युग में एक अग्रणी के रूप में उभर सकता है, क्योंकि वर्तमान स्टेशन 2030 तक सेवामुक्त होने वाला है। हालांकि, भू-राजनीतिक तनाव और चीन के तियांगोंग स्टेशन और एक्सिओम स्पेस जैसे निजी उपक्रमों से प्रतिस्पर्धा सहयोग को जटिल बना सकते हैं। तकनीकी चुनौतियाँ काफी ज्यादा हैं। इसरो को उन्नत जीवन-समर्थन प्रणालियों, विकिरण परिरक्षण और डॉकिंग तंत्र विकसित करने होंगे। पुनः प्रयोज्य प्रक्षेपण यान और प्रणोदन प्रणालियों में निवेश का लक्ष्य लागत को कम रखना है, जैसा कि $74 मिलियन के मंगलयान अभियान में दिखाया गया, भारत की किफायती इंजीनियरिंग के लिए प्रतिष्ठा का लाभ उठाना है। शुक्ला के अभियान ने वास्तविक समय टेलीमेट्री, आपातकालीन प्रतिक्रिया और दल समन्वय में इसरो की विशेषज्ञता को बढ़ाया है, जो अंतरिक्ष स्टेशन की सफलता के लिए महत्वपूर्ण हैं। शुक्ला के अभियान ने भारत में व्यापक गर्व पैदा किया है, जिसमें स्मृति ईरानी जैसे नेताओं ने इसे ?भारतीय अंतरिक्ष अन्वेषण के लिए एक बड़ी छलांग? बताया है। जनता में उत्साह स्पष्ट है, हालांकि कुछ लोग इसकी जटिलता के कारण अंतरिक्ष स्टेशन के पहले मॉड्यूल के लिए 2028 की समय-सीमा पर सवाल उठाते हैं। धन की व्यवस्था एक चुनौती बनी हुई है, सरकार अंतरिक्ष आकांक्षाओं और स्वास्थ्य सेवा जैसी जमीनी प्राथमिकताओं के बीच संतुलन बना रही है। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर, इसरो के लागत-प्रभावी दृष्टिकोण की सराहना की जाती है, लेकिन व्यापक गगनयान के बाद के परीक्षणों की आवश्यकता को देखते हुए 2028 की समय सीमा की व्यवहार्यता पर सवाल उठाया जाता है। शुक्ला का अभियान और इसरो के अंतरिक्ष स्टेशन की योजनाएँ अंतरिक्ष अन्वेषण को लोकतांत्रिक बना सकती हैं, ब्राजील या दक्षिण अफ्रीका जैसे देशों को प्रेरित कर सकती हैं। इस परियोजना से भारत के विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग और गणित (एसटीईएम) शिक्षा और एयरोस्पेस उद्योगों को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है, जिससे नवाचार और रोजगार सृजन को बढ़ावा मिलेगा। शुक्ला के जनसंपर्क प्रयासों ने, जिसमें छात्रों और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ बातचीत शामिल है, एक नई पीढ़ी को प्रेरित किया है। शुभांशु शुक्ला के एक्स-4 अभियान ने भारत को मानव अंतरिक्ष उड़ान में एक उभरते हुए सितारे के रूप में स्थापित किया है, जो गगनयान कार्यक्रम और इसरो के अंतरिक्ष स्टेशन आकांक्षाओं के लिए महत्वपूर्ण अनुभव प्रदान करता है। भारत का अंतरिक्ष स्टेशन एक साहसी सोच है, जो अन्वेषण के अगले युग में नेतृत्व करने के अपने इरादे का संकेत देता है। तकनीकी, वित्तीय और राजनयिक चुनौतियों के बावजूद, इसरो का ट्रैक रिकॉर्ड और शुक्ला की सफलता सितारों के बीच भारत के लिए एक उज्ज्वल भविष्य का संकेत देते हैं।

# सावन कालाष्टमी व्रत से नकारात्मकता होती है दूर

**आ**ज सावन कालाष्टमी व्रत है, सावन मास शिव जी का सबसे प्रिय महीना है, जो भक्त और भगवान के बीच आध्यात्मिक सम्बन्धों को सशक्त करता है। सावन मास में इस व्रत विशेष महत्व है तो आइए हम आपको सावन कालाष्टमी व्रत का महत्व एवं पूजा विधि के बारे में बताते हैं। सावन कालाष्टमी पर भगवान काल भैरव की पूजा की जाती है। कालाष्टमी, हर महीने के कृष्ण पक्ष की अष्टमी तिथि को मनाई जाती है, और शास्त्रों में इस महीने की कालाष्टमी को तंत्र साधनाओं और विशेष अनुष्ठानों के लिए फलदायी माना गया है। राहु दोषों से राहत के लिए यह दिन इसलिए भी शुभ है, क्योंकि राहु भगवान शिव के परम भक्त हैं और कालाष्टमी को भैरव की आराधना का दिन माना गया है। इस साल सावन मास की कालाष्टमी 17 जुलाई, 2025 को मनायी जा रही है। इसलिए, उत्तराखंड के राहु पैठाणी और मध्य प्रदेश के काल भैरव मंदिर में संयुक्त रूप से आयोजित होने जा रहा राहु-भैरव दोष भंजन अनुष्ठान भक्तों को मुश्किलों से निकालकर एक नई दिशा दिखा सकता है। प्रत्येक माह के कृष्ण पक्ष की अष्टमी तिथि भगवान शिव के रौद्र रूप काल भैरव देव को समर्पित है। इस शुभ अवसर पर काल भैरव देव की भक्ति भाव से पूजा की जाती है। साथ ही विशेष कामों में सफलता पाने के लिए व्रत रखा जाता है। इस व्रत को करने से साधक को सभी संकटों से मुक्ति मिलती है। साथ ही करियर और कारोबार में मनमुताबिक सफलता मिलती है। साधक श्रद्धा भाव से कालाष्टमी के दिन काल भैरव देव की पूजा करते हैं। भगवान शिव के रूप भैरव की आराधना से इंसान के जीवन में ग्रह दोष और नकारात्मकता का नाश शुरू हो जाता है। सावन के पवित्र महीने में शिव जी की ऊर्जा और भैरव देव का आशीर्वाद, इंसान को झंझटों से निकालकर खुशहाली की तरफ ले जाने की दिशा दिखाता है।

**सावन कालाष्टमी व्रत के दिन ऐसे करें पूजा, मिलेगा लाभ**

पंडितों के अनुसार सावन माह के कालाष्टमी व्रत के दिन ब्रह्म बेला में उठें। इस समय भगवान शिव को प्रणाम कर दिन की शुरूआत करें। इसके बाद दैनिक कार्यों से निवृत्त होने के बाद गंगाजल युक्त पानी से स्नान करें। अब आचमन कर पीले या सफेद रंग के कपड़े पहनें और सूर्य देव को जल अर्पित करें। तदोपरांत, पंचोपचार कर विधि-विधान से भगवान शिव की पूजा करें। पूजा कक्ष को साफ करें और वेदी पर काल भैरव की प्रतिमा स्थापित करें। पंचामृत से अभिषेक करें, इत्र लगाएं, फूलों की माला चढ़ाएं, चंदन का तिलक लगाएं। पूजा के समय भगवान शिव को सफेद रंग के फल, फूल और मिष्ठान अर्पित करें। आरती कर पूजा संपन्न करें। सरसों के तेल का दीपक जलाएं और काल भैरव अष्टक का पाठ करें। आरती से पूजा समाप्त करें और क्षमायाचना करें। अगले दिन प्रसाद ग्रहण कर के व्रत खोलें। जरूरतमंदों को भोजन कराएं और उनकी मदद करें।

सावन कालाष्टमी व्रत पर करें इन मंत्रों का जाप, होंगे लाभान्वित पंडितों के अनुसार सावन कालाष्टमी व्रत के दिन विशेष पूजा कर इन मंत्रों का जाप करें

ओम शिवगणाय विद्महे गौरीसुताय धीमहि तन्नो भैरव प्रचोदयात।।

ओम कालभैरवाय नमः

ओम भ्रां कालभैरवाय फट्

धर्मध्वजं शङ्कररूपमेकं शरण्यमित्थं भुवनेषु सिद्धम्‌द्विजेन्द्र पूज्यं विमलं त्रिनेत्रं श्री भैरवं तं शरणं प्रपद्ये।।

सावन कालाष्टमी पर बन रहे हैं ये शुभ योग ज्योतिषियों की मानें तो सावन माह की कालाष्टमी पर सुकर्मा और शिववास का संयोग बन रहा है। शिववास योग शाम 07 बजकर 08 मिनट से बन रहा है। इस दौरान देवों के देव महादेव कैलाश पर जगत की देवी मां पार्वती के साथ रहेंगे। शिववास योग में काल भैरव देव की पूजा करने से साधक को दोगुना फल मिलेगा। साथ ही सभी बिगड़े काम बन जाएंगे। सावन कालाष्टमी के दिन भगवान काल भैरव की पूजा करने से सभी प्रकार के भय और नकारात्मक शक्तियों से मुक्ति मिलती है। यह दिन भगवान शिव के रौद्र रूप काल भैरव को समर्पित है। इस दिन व्रत रखने और पूजा करने से जीवन में सुख-समृद्धि आती है। कालाष्टमी पर काल भैरव की पूजा करने से शनि दोषों से भी मुक्ति मिलती है।

## सेहत

### चाय, बेरीज, डार्क चॉकलेट और सेब से बढ़ाएं अपनी उम्र

चाय, बेरी, डार्क चॉकलेट और सेब जैसे फ्लेवोनॉयड से भरपूर खाद्य पदार्थ खाने से आपको गंभीर स्वास्थ्य स्थितियों के जोखिम को कम करके लंबे समय तक जीने में मदद मिल सकती है। नेचर फूड में प्रकाशित एक हालिया अध्ययन के अनुसार, फ्लेवोनॉयड युक्त खाद्य पदार्थों की एक विविध श्रेणी का सेवन करने से टाइप 2 मधुमेह, हृदय रोग, कैंसर और तंत्रिका संबंधी बीमारियों के विकास का जोखिम कम हो सकता है। इस अध्ययन का नेतृत्व क्वीन्स यूनिवर्सिटी बेलफास्ट, एडिथ कोवान यूनिवर्सिटी पर्थ (ईसीयू), तथा मेडिकल यूनिवर्सिटी ऑफ वियना और यूनिवर्सिटी विएन के शोधकर्ताओं की एक टीम ने किया। निष्कर्षों से पता चलता है कि आपके आहार में फ्लेवोनोइड्स की विविधता बढ़ाने से टाइप 2 मधुमेह, हृदय रोग (सीवीडी), कैंसर और तंत्रिका संबंधी रोग जैसी स्वास्थ्य स्थितियों के विकास को रोकने में मदद मिल सकती है।

अध्ययन के मुख्य निष्कर्ष

मृत्यु दर में कमीः लगभग दो कप चाय के बराबर 500 मिलीग्राम फ्लेवोनॉयड का दैनिक सेवन सभी कारणों से होने वाली मृत्यु दर के 16% कम जोखिम से जुड़ा था।

हृदय स्वास्थ्यः फ्लेवोनॉयड के सेवन से हृदय रोग, टाइप 2 मधुमेह और श्वसन रोग का जोखिम 10% कम हो गया।

विविधता मायने रखती हैः एक ही स्रोत पर निर्भर रहने के बजाय, विभिन्न प्रकार के फ्लेवोनॉयड युक्त खाद्य पदार्थ खाने से स्वास्थ्य लाभ अधिक हो सकते हैं।

फ्लेवोनोइड्स से भरपूर खाद्य पदार्थ

चायः विशेष रूप से काली चाय स्वस्थ उम्र बढ़ने को बढ़ावा देने के लिए जानी जाती है।

जामुनः ब्लूबेरी, स्ट्रॉबेरी और अन्य जामुन फ्लेवोनोइड्स और एंटीऑक्सीडेंट से भरपूर होते हैं। डार्क चॉकलेटः डार्क चॉकलेट में फ्लेवोनोइड्स होते हैं, जो रक्तचाप और कोलेस्ट्रॉल के स्तर को बेहतर बनाने में मदद कर सकते हैं।

सेबः सेब फ्लेवोनोइड्स और फाइबर का एक अच्छा स्रोत हैं।

मेट्रो रेज की ओर से स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक जीतेन्द्र कुमार सिंह के लिए जेके न्यूज नेटवर्क, पिपरटोली, अरगोड़ा, रांची 834002 (झारखंड) से प्रकाशित तथा शिवसाई पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बगीचा, पेट्रोल पंप रातू रोड, रांची , (झारखंड) से मुद्रित।
प्रधान संपादक : जीतेन्द्र कुमार सिंह, संपादक : लाल दिवाकर नाथ शाहदेव*, *पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 7369017908, R.N.I. No.-JHAHIN/2017/75028 website : www.metrorays.in email : metrorays.ranchi@gmail.com

# उपायुक्त की अध्यक्षता में कृषि एवं सहकारिता विभाग की समीक्षात्मक बैठक

एजेंसी

**साहिबगंज :** जिला के समाहरणालय स्थित कार्यालय प्रकोष्ठ में उपायुक्त हेमंत सती की अध्यक्षता में सहकारिता विभाग तथा कृषि विभागान्तर्गत संचालित योजनाओं की समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई।

बैठक के दौरान उपायुक्त ने एटीएम और बीटीएम कर्मियों द्वारा कृषि विभाग से संचालित योजनाओं की जानकारी प्राप्त की। जानकारी के अभाव को गंभीरता से लेते हुए उपायुक्त ने



जिला कृषि पदाधिकारी को एटीएम एवं बीटीएम के लिए एक प्रभावी प्रशिक्षण रोस्टर तैयार कर उन्हें योजनाओं से अवगत कराने एवं कृषि पाठशाला का भ्रमण कराने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने 'बिरसा फसल विस्तार योजना' के तहत बीज वितरण की प्रगति की समीक्षा करते हुए निर्देश दिया कि रागी 12 क्विंटल, उरद 30 क्विंटल तिल 15 क्विंटल, मक्का 100 क्विंटल व मूँगफली 112.5 क्विंटल के कुल आवंटन का 50प्रतिशत बीज मंडरो एवं तालझारी प्रखण्ड के पीवीटीजी , अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति एवं महिला किसानों को वितरित किया जाए। शेष 50 प्रतिशत बीज अन्य प्रखंडों के किसानों के बीच वितरित किए जाएँ। साथ ही, बीज के साथ-साथ आईएन एम एकीकृत पोषक प्रबंधन व आईपीएम एकीकृत कीट प्रबंधन किट का शत-प्रतिशत अनुदान पर वितरण सुनिश्चित करने का भी निर्देश दिया गया।सहकारिता विभाग की समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने 500 मीट्रिक टन और 100 मीट्रिक टन क्षमता वाले कोल्ड स्टोरेज के निर्माण कार्य की प्रगति पर जानकारी ली है आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए।बैठक में जिला कृषि पदाधिकारी प्रमोद एक्का, जिला सहकारिता पदाधिकारी महादेव मुर्मू, जिला योजना एवं मूल्यांकन पदाधिकारी अरुण भोक्ता, एटीएम एवं बीटीएम सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## बिजली का सामान चुराते चोर रंगे हाथ धराया ग्रामीणों ने पुलिस को सौंपा

संवाददाता

साहिबगंज/उधवा :राधानगर थाना क्षेत्र के इंग्लिश बाबू टोला गाँव में मंगलवार देर रात बिजली का सामान चोरी करने के आरोप में एक चोर को ग्रामीणों ने रंगे हाथों पकड़ लिया। ग्रामीणों ने इसके बाद कथित चोर को पुलिस के हवाले कर दिया। मामले को लेकर इंग्लिश बाबू टोला निवासी हन्नान शेख ने राधानगर थाना में लिखित शिकायत दर्ज कराई है। अपने आवेदन में हन्नान शेख ने बताया है कि वह जैक्शन लिमिटेड कंपनी में पिछले 10 वर्षों से काम कर रहे हैं। उन्होंने आगे बताया कि कंपनी का कुछ बिजली का सामान उनके घर की छत पर रखा हुआ था। मंगलवार की रात करीब 8 बजे तजमीर शेख नाम का युवक चुपके से घर के पीछे से छत पर चढ़ गया और बिजली का सामान चुरा रहा था। चोरी करने के बाद वह छत से कूदकर भागने की कोशिश कर रहा था। तभी आवाज सुनकर ग्रामीणों के सहयोग से उसे खदेड़कर पकड़ लिया गया।घटना की सूचना तत्काल स्थानीय पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुँची और कथित चोर तजमीर शेख को हिरासत में लेकर थाना ले आई। पुलिस फिलहाल आरोपी से पूछताछ कर रही है।सूत्रों के अनुसार पकड़ा गया युवक एक आदतन चोर बताया जा रहा है। जानकारी मिली है कि वह इससे पहले भी चोरी की कई वारदातों को अंजाम दे चुका है और कई बार जेल भी जा चुका है।

## 82880 श्रद्धालुओं ने किया बाबा पर जलाभिषेक



बासुकीनाथ : श्रावणी मेला के छठे दिन शाम 4 बजे तक 82880 श्रद्धालुओं ने बाबा बासुकीनाथ पर जलार्पण किया।सामान्य रुट लाइन से 74350 ,शीघ्र दर्शनम से 2350 एवं जलार्पण काउंटर से 6180 श्रद्धालुओं ने जलार्पण किया। साथ हीशीघ्र दर्शनम से 7,05,000 रुपये, गोलक से 77700 रुपए एवं अन्य स्त्रोत से 3945 रुपए प्राप्त हुए।

## नवीकरणीय ऊर्जा और जल संरक्षण पर किसानों को मिला प्रशिक्षण

संवाददाता

साहिबगंज/उधवा : उधवा प्रखंड में बुधवार को नवीकरणीय ऊर्जा विकास, जल संरक्षण और ऊर्जा संरक्षण पर एक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमे किसानों के बीच टिकाऊ ऊर्जा समाधानों और जल प्रबंधन की तकनीकों के बारे में जागरूक किया गया। जानकारी के अनुसार उक्त कार्यक्रम झारखंड नवीकरणीय ऊर्जा विकास एजेंसी और ब्यूरो ऑफ एनर्जी एफिशिएंसी के संयुक्त तत्वावधान में एस्पेन इंजीकॉन प्राइवेट लिमिटेड की टीम के सहयोग से संपन्न हुआ। इस आयोजन में कौशल कुमार की विशेष भूमिका रही। कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में



50 से अधिक किसान भाई-बहनों ने भाग लिया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य किसानों को नवीकरणीय ऊर्जा स्त्रोतों और जल संरक्षण की आधुनिक विधियों के बारे में शिक्षित करना था, ताकि वे अपने कृषि कार्यों में इन्हें अपनाकर अधिक कुशल और पर्यावरण-हितैषी बन सकें। इस दौरान भाग लेने वाले किसानों ने अपने अनुभवों और ज्ञान को साझा करते हुए बताया कि उन्हें ऊर्जा संरक्षण और नवीकरणीय ऊर्जा स्त्रोतों के महत्व के बारे में विस्तार से जानने का मौका मिला। मौके पर प्रखंड तकनीकी प्रबंधक ओम प्रकाश, सहायक तकनीकी प्रबंधक सत्येंद्र यादव, सहायक तकनीकी प्रबंधक मुसर्रफ नासिर आदि शामिल थे।

## भाजपा पूरे झारखंड मसब हेडिंग फोरलेन निर्माण के कारण बदला स्थान` अपना जनाधार खो चुकी है : राजाराम




### लोगों ने कहा प्रखंड मुख्यालय की बढ़ेगी शोभा

संवाददाता

**साहिबगंज/उधवा :** प्रखंड मुख्यालय स्थित प्लस टू उच्च विद्यालय उधवा के समीप बुधवार को वीर शहीद सिद्धू कान्हु की प्रतिमा स्थापित की गई। यह प्रतिमा इससे पहले उधवा चौक के पास पुराने थाना के समीप स्थापित थी, लेकिन अब इसे एक सुरक्षित स्थान पर ले जाया गया है। बताते चले कि मिजाचौकी- फरक्का फोरलेन निर्माण कार्य प्रगति पर है। पुरानी प्रतिमा स्थल फोरलेन सड़क के बिल्कुल बीच आ रहा था, जिसके कारण इसे हटाना अनिवार्य हो गया था। स्थानीय जनप्रतिनिधियों और समाजसेवियों ने मिलकर इस मुद्दे पर पहल की और सर्वसम्मति से प्रतिमा को प्रखंड मुख्यालय के समीप स्थापित करने का निर्णय लिया। प्रतिमा के नए स्थान पर स्थापित होने से स्थानीय लोगों में काफी खुशी है। स्थानीय कुछ जनप्रतिनिधियों ने बताया कि सिद्धू कान्हु हमारे आदिवासी समाज के गौरव और स्वतंत्रता संग्राम के प्रतीक हैं। उनकी प्रतिमा का मुख्यालय में स्थापित हो जाने से इसकी शोभा बढ़ेगी।पहले प्रतिमा थोड़ी भीड़भाड़ वाले इलाके में थी। अब यह एक खुले और सम्मानजनक स्थान पर है। यहां अधिक लोग आकर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे। कहा कि विद्यालय के पास होने से छात्र-छात्राएं शहीदों के जीवन और संघर्ष से प्रेरणा ले पाएंगे।

## लगातार हो रही भारी बारिश से जन जीवन अस्तव्यस्त : नदिम

**साहिबगंज :**जिले मे हो रही लगातार बारिश को देखते हुए युवा कांग्रेस के जिला अध्यक्ष एखलाक नदीम ने साहिबगंज उपायुक्त को पत्र लिख कर आग्रह किया कि पिछले तीन दिनों से लगातार हो रही भारी बारिश से जन जीवन अस्तव्यस्त हुआ है साथ ही और भी दो दिन बारिश होने का मौसम विभाग द्वारा चेतावनी दी गई है इसको देखते हुए प्रथम दृष्टिया निजी व सरकारी विद्यालय को तत्काल आकाश घोषित किया जाए खासकर ग्रामीण पहाड़ी और दियारा के क्षेत्र के लोग भारी बारिश और बढ़ते जल स्तर को देखते हुए विद्यालय में शरण ले सके वही छात्र–छात्रा को विद्यालय जाने में होने वाली परेशानी से भी बचाया जा सके,वही उन्होंने नगर प्रशासक को पत्र लिख कर कहा कि भारी बारिश को देखते हुए नगर परिषद कर्मचारी को क्षेत्र में भ्रमण कराया जाए .जिस भी क्षेत्र में नाला भरा हुआ है वैसे जगह का चिन्हित कर अभिलंब सफाई की व्यवस्था हो ताकि किसी भी आपदा से पूर्व व्यवस्था सुनिश्चित किया जा सके इसके लिए भी निगरानी की आवश्यक है।क्योंकि साहिबगंज जिला मुख्यालय में खासकर बारिश के पानी और बाढ़ जैसे समस्या से ग्रसित रहता है और भारी नुकसान का सामना करना पड़ता है।

## झींगा पालन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से जिला मत्स्य पदाधिकारी ने किया क्षेत्र का भ्रमण



संवाददाता

**दुमका :** झींगा पालन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से बुधवार को दुमका सदर प्रखंड के राजबांध पंचायत में के जिला कार्यक्रम प्रबंधक निशांत एक्का एवं जिला मत्स्य पदाधिकारी नवराजन तिर्की के द्वारा संयुक्त रूप से क्षेत्र भ्रमण किया गया। यह भ्रमण उपायुक्त दुमका के दिशा-निर्देश पर पूर्व में झींगा बीज वितरण किए गए लाभुकों की प्रगति का आकलन करने के लिए किया गया था।

भ्रमण के दौरान चयनित लाभुकों के तालाबों का निरीक्षण कर उन्हें तालाब प्रबंधन से जुड़ी अहम जानकारियाँ दी गईं – जैसे कि तालाब की नियमित सफाई, चूने एवं गोबर का संतुलित प्रयोग, जल की गुणवत्ता बनाए रखना, और झींगा विकास के अनुकूल वातावरण तैयार करना। लाभुकों को झींगा की वर्तमान वृद्धि की स्थिति को लेकर ऑन-स्पॉट अवलोकन कराया गया, ताकि वे स्वयं अनुभव कर सकें कि किस प्रकार वैज्ञानिक तरीके से पालन कर उपज बढ़ाई जा सकती है। साथ ही, फीडिंग शेड्यूल, फीड की मात्रा में समायोजन, एवं पक्षियों से सुरक्षा के उपाय जैसे व्यवहारिक सुझाव भी दिए गए। इस अवसर पर सभी लाभुकों को फीड बैग एवं मिनरल बैग भी वितरित किए गए, जिससे झींगा के पोषण में सुधार लाया जा सके। यह क्षेत्र भ्रमण झींगा पालन को लेकर जागरूकता बढ़ाने और ग्रामीणों के बीच वैकल्पिक आजीविका सृजन को लेकर एक सराहनीय पहल रहा। खरछढर एवं मत्स्य विभाग द्वारा संयुक्त रूप से चलाया जा रहा यह प्रयास जिले में मत्स्य आधारित आजीविका संवर्धन की दिशा में एक सशक्त कदम है।

# श्रावणी मेला को लेकर उपायुक्त ने की बैठक, दिए आवश्यक दिशा निर्देश

संवाददाता

**देवघर :** राजकीय श्रावणी मेला 2025 के मद्देनजर बुधवार को जिले के उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी नमन प्रियेश लकड़ा की अध्यक्षता में परिसदन के सभागार में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में उपायुक्त ने श्रावण मास को लेकर की गई तैयारियों व सुविधाओं की जानकारी ली तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक व उचित दिशा निर्देश दिया। इस दौरान उपायुक्त ने यातायात व्यवस्था, ड्रॉप गेट, वाहनों के सुचारू आवागमन को लेकर पुलिस पदाधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिया, ताकि यातायात संबंधित असुविधा न हो।

इसके अलावा उपायुक्त श्री लकड़ा ने कहा कि श्रावणी मेला को लेकर कोई भी समस्या आ रही है, तो आपसी समन्वय स्थापित करते हुए आ रही समस्याओं का निराकरण करें। आगे उपायुक्त ने कहा कि




श्रावणी मेला के दौरान आपसी समन्वय बेहद जरूरी है। साथ ही वायरलेस के सही इस्तेमाल एवं बाह्य अर्घा से जलार्पण करने वाले लाइन को व्यवस्थित करने का निर्देश दिया। उन्होंने यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ और दुरुस्त रखने को लेकर जिला परिवहन पदाधिकारी को आवश्यक निर्देश दिया।

## श्रद्धालुओं से जुड़ी सभी सुविधा रहे 247 दुरुस्त : उपायुक्त

देवघर : राजकीय श्रावणी मेला 2025 के सफल संचालन को लेकर उपायुक्त नमन प्रियेश लकड़ा ने कंपोजिट कंट्रोल रूम का निरीक्षण कर प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी व पुलिस पदाधिकारी को उचित अनुश्रवण और निगरानी करने का निर्देश संबंधित दंडाधिकारी व पुलिस पदाधिकारी को दिया।



इसके अलावा उपायुक्त श्री लकड़ा कंपोजिट कंट्रोल रूम में वायरलेस डिवाइस, चैनल, रेंज आदि की पूरी जानकारी प्राप्त की तथा उसे बेहतर रूप से संचालित करने का निर्देश दिया। इसके अलावा उपायुक्त ने कंपोजिट कंट्रोल रूम के भवन को लेकर संबंधित अधिकारी को आवश्यक दिशा निर्देश दिया। साथ ही बाबा नगरी आने वाले श्रद्धालुओं को सुगम जलार्पण और व्यवस्थित सुविधा को लेकर आवश्यक निर्देश दिया, ताकि श्रद्धालु एक सुखद अनुभूति प्राप्त कर अपने गंतव्य की ओर प्रस्थान करें। आगे उन्होंने सीसीआर में प्रतिनियुक्त अधिकारियों से बात कर वहां के कार्यों की जानकारी ली तथा सीसीटीवी की मॉनिटरिंग को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिया। साथ ही उपायुक्त ने कहा कि श्रावण मास में बाबा नगरी आने वाले श्रद्धालुओं की संख्या में काफी बढ़ोतरी हो रही है, इस दौरान श्रद्धालुओं की भेष में असामाजिक तत्वों भी घूमते रहते हैं, इसलिए सीसीटीवी कैमरे के माध्यम से ऐसे लोगों पर कड़ी नजर रखें और लगातार माईकिंग के जरिए श्रद्धालुओं को सचेत और जागरूक करते रहें।

## न्यूज IN ब्रीफ

### 34 पीस अवैध कफ सिरप किया बरामद, जांच में जुटी पुलिस



साहिबगंज/बरहरवाः-बुधवार को बरहरवा थाना क्षेत्र के कुशवाहा टोला दुर्गा मंदिर के समीप से बरहरवा थाना पुलिस ने 34 पीस प्रतिबंधित कफ सिरप को टोटो के साथ जब्त किया। हालांकि मिली जानकारी के अनुसार टोटो में बैठकर दो अज्ञात युवक कफ सिरप की खरीद बिक्री कर रहे थे।इस दौरान स्थानीय ग्रामीणों के द्वारा उक्त युवकों से पूछताछ और रोकथाम करने का कोशिश किया इसी दौरान भीड़ का लाभ उठाकर दोनों युवक फरार हो गया,ग्रामीणों द्वारा पुलिस को इसकी खरीद बिक्री की सूचना दी गई सूचना पाकर मौके पर बरहरवा थाना एएसआई सुदामा सिंह,एएसआई रामप्रवेश मौके पर पहुंचकर टोटो की डिक्की से 34 पीस अवैध कफ सिरप को बरामद किया और साथ ही टोटो को विधिवत जप्त कर लिया,फिलहाल इस अज्ञात तस्करों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर पुलिस मामले की जांच शुरू कर दी है।

### प्रमाणित सफाई कर्मचारियों के माध्यम से सुरक्षित सफाई प्रथाओं को बढ़ावा देना है :अभिषेक



**साहिबगंजः**नमस्ते स्कीम सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय और आवास व शहरी मामलों के मंत्रालय की एक संयुक्त पहल है।नमस्ते दिवस के अवसर पर साहिबगंज नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी अभिषेक कुमार की अध्यक्षता में सीवर और सेप्टिक टैंक श्रमिकों के सुरक्षा सम्मान हेतु कार्यक्रम आयोजित की गई।इस स्कीम का उद्देश्य सफाई कर्मचारियों को सशक्त बनाना और उनके काम को सम्मानजनक और उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करना है।खतरनाक सफाई की रोकथाम और प्रशिक्षित एवं प्रमाणित सफाई कर्मचारियों के माध्यम से सुरक्षित सफाई प्रथाओं को बढ़ावा देना है।सीवर और सेप्टिक टैंकों की खतरनाक सफाई में लगे लोगों को औपचारिक रूप देना और उनका पुनर्वास करना।मैनुअल स्केवनिंग को समाप्त करने और सफाई कर्मचारी सुरक्षा को बढ़ावा देने पर केंद्रित है।सफाई कर्मियों को सामाजिक और आर्थिक रूप से सशक्त बनाना है।ताकि वे सुरक्षित,सम्मानजनक और टिकाऊ आजीविका प्राप्त कर सके।सीवर और सेप्टिक कर्मियों को पीपीइ किट व आयुष्मान कार्ड योजना के साथ साथ सरकार की अन्य विकासोन्मुखी योजनाओं से जोड़ना।इस कार्यक्रम में नगर प्रबंधक बिरेश कुमार,सभी राजस्व निरीक्षक,विधि सहायक सफाई पर्यवेक्षक प्रिंस कुमार,सफाई प्रभारी,अनूप हरि,सफाई कर्मियों के साथ अन्य कर्मी भी उपस्थित थे।

### देर रात्रि सिविल सर्जन ने सदर अस्पताल ब्लड बैंक का औचक निरीक्षण



साहिबगंजः जब से सिविल सर्जन डॉ. रामदेव पासवान अपना पद ग्रहण करने के बाद लगातार निरीक्षण करते नजर आ रहे हैं। वहीं देर रात्रि सदर अस्पताल स्थित ब्लड बैंक का औचक निरीक्षण किया।निरीक्षण के क्रम में उन्होंने वित्तीय वर्ष 2024-25 में आयोजित ब्लड डोनेशन कैंपों की जानकारी फील्ड, प्रखंड, संस्थाएं, जिला स्तर संग्रहित रक्त का पूरा विवरण 24 घंटे के भीतर प्रतिवेदन प्रस्तुत करने का निर्देश दिए।रक्त उपयोग का विवरण अप्रैल, मई एवं जून 2025 में किन मरीजों को रक्त दिया गया, जैसे कि थैलेसीमिया मरीज, पहाड़िया समुदाय, प्रसव पीड़ित महिलाएं आदि की समेकित रिपोर्ट उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया।ब्लड बैंक एवं अस्पताल में कार्यरत सभी कर्मियों को यूनिफॉर्म में ड्यूटी करने का निर्देश दिया गया।सभी जंग लगे उपकरणों/सामग्रियों को 24 घंटे के भीतर बदलने का सख्त आदेश सभी वार्डों के लिए दिए गए।

### ड्यूटी पर तैनात जवान की हृदयाघात से मौत

**देवघर :** श्रावणी मेला ड्यूटी पर तैनात एक जवान की हृदयाघात से मौत हो गई, जिससे पुलिस महकमे में शोक की लहर दौड़ गई है। मृतक जवान की पहचान वरदान उरांव के रूप में हुई है, जो गढ़वा जिला बल से ड्यूटी पर देवघर आया था। मूल रूप से वह रांची जिले के बोडो थाना क्षेत्र स्थित चाचकोपी गांव का निवासी था। जानकारी के अनुसार, 15 जुलाई की रात उसकी ड्यूटी बीएड कॉलेज परिसर में थी। ड्यूटी के दौरान अचानक उसकी तबीयत बिगड़ गई। तत्काल उसे देवघर सदर अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक जांच के बाद उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए रांची रिम्स रेफर कर दिया। रांची ले जाने के क्रम में रास्ते में ही जवान की मृत्यु हो गई। घटना के बाद शव को एंबुलेंस के माध्यम से वापस देवघर सदर अस्पताल लाया गया, जहां पोस्टमार्टम की प्रक्रिया देवघर पुलिस की निगरानी में की जा रही है। जवान की आकस्मिक मृत्यु से पुलिसकर्मियों और प्रशासनिक महकमे में गहरा शोक व्याप्त है।



### लगातार हो रही भारी बारिश से मसानजोर डैम का जलस्तर बढ़ा

दुमका : लगातार हो रही भारी बारिश से मसानजोर डैम का जलस्तर काफी बढ़ गया है ' डैम का एक गेट खोल दिया गया है ' जिला प्रशासन ने आम लोगों से सतर्क एवं सावधान रहते हुए डैम या इसके प्रवाह क्षेत्र में नहीं जाने को कहा है ' जिला प्रशासन ने आम लोगों से कहा है की विशेष परिस्थिति मेंजिला कंट्रोल रूम का संपर्क नंबर -9508250080, 9934414404 से अपनी समस्या बता सकते हैं.

# हाई-ऑक्टेन एक्शन थ्रिलर फिल्म 'वॉर-2' का नया पोस्टर रिलीज

ऋतिक रोशन एक बार फिर से अपनी एक्शन से भरपूर फिल्म 'वॉर-2' को लेकर सुर्खियों में हैं। यह 2019 में आई सुपरहिट फिल्म 'वॉर' का बहुप्रतीक्षित सीक्वल है, जिसका इंतजार दर्शक लंबे समय से कर रहे हैं। इस बार फिल्म में ऋतिक के साथ पहली बार कियारा आडवाणी नजर आएंगी। फिल्म की एक और खास बात यह है कि साउथ के मेगास्टार जूनियर एनटीआर इस फिल्म के जरिए बॉलीवुड में अपना धमाकेदार डेब्यू करने जा रहे हैं। अब फिल्म के निमार्ताओं ने 'वॉर-2' का नया पोस्टर रिलीज कर दिया है, जो जबरदस्त एक्शन और सस्पेंस की झलक देता है। 'वॉर-2' का नया पोस्टर रिलीज होते ही सोशल मीडिया पर तहलका मचा रहा है। पोस्टर में ऋतिक रोशन, कियारा आडवाणी और जूनियर एनटीआर की दमदार तिकड़ी एक साथ नजर आ रही है। तीनों सितारे अपने एक्शन-पैक अवतार में बेहद प्रभावशाली लग रहे हैं। इस बार फिल्म में ऋतिक और जूनियर एनटीआर के बीच जबरदस्त एक्शन सीक्वेंस देखने को मिलेंगे। अयान मुखर्जी के निर्देशन में बनी यह हाई-ऑक्टेन एक्शन थ्रिलर फिल्म 14 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस के खास मौके पर दुनियाभर में रिलीज की जाएगी। खास बात यह है कि फिल्म हिंदी के साथ-साथ तमिल और तेलुगु भाषाओं में भी रिलीज होगी, जिससे यह देशभर के दर्शकों से सीधे जुड़ सकेगी। 'वॉर-2' यकीनन इस साल की सबसे बड़ी फिल्मों में से एक होने वाली है।






## अमिताभ बच्चन की आवाज के साथ 'केबीसी 17' का प्रोमो रिलीज

सदी के महानायक अमिताभ बच्चन ने न सिर्फ सिनेमा, बल्कि टेलीविजन की दुनिया में भी अपनी एक खास पहचान बनाई है। उनका प्रतिष्ठित क्विज शो 'कौन बनेगा करोड़पति' हर सीजन में दर्शकों की पहली पसंद रहा है। अब यह शो अपने नए सीजन 'कौन बनेगा करोड़पति 17' के साथ वापसी कर रहा है। खास बात यह है कि इस बार भी शो की मेजबानी खुद अमिताभ बच्चन ही करते नजर आएंगे। हाल ही में शो का प्रोमो रिलीज किया गया है, जिसे देखकर फैंस बेहद उत्साहित हैं और सोशल मीडिया पर इसकी जमकर चर्चा हो रही है। अब दर्शकों को इंतजार है उस दिन का जब बिग बी एक बार फिर हॉट सीट पर अपने अंदाज में कहेंगे, ₹देवियों और सज्जनों, स्वागत है आपका 'कौन बनेगा करोड़पति 17' की वापसी की आधिकारिक घोषणा हो चुकी है। यह लोकप्रिय क्विज शो 11 अगस्त, 2025 से हर सोमवार से शुक्रवार, रात 9 बजे सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन और सोनी लिव पर प्रसारित होगा। इस बार भी शो की मेजबानी सदी के महानायक अमिताभ बच्चन ही करते नजर आएंगे। उनके बेटे अभिषेक बच्चन ने इस मौके पर एक खास संदेश शेयर किया। उन्होंने लिखा, ₹द बॉस, वापस आ गया है!₹ इसके साथ ही उन्होंने शो के प्रोमो में बोला गया अमिताभ का एक मजेदार डायलॉग भी शेयर किया। उन्होंने फिल्म 'अग्निपथ' के फेमस डायलॉग जोड़ा ₹केबीसी के साथ अपॉइंटमेंट है, इंग्लिश बोलता है। जहां एक ओर अमिताभ बच्चन ह्यकौन बनेगा करोड़पति 17ह्न के साथ छोटे पर्दे पर लौट रहे हैं, वहीं दूसरी ओर सलमान खान भी अगस्त के अंत तक ह्यबिग बॉस 19ह्न के जरिए जिओ सिनेमा पर वापसी करने वाले हैं। ऐसे में एंटरटेनमेंट की दुनिया में दो बड़े शो आमने-सामने होंगे, जिससे इस बार मुकाबला बेहद दिलचस्प होने वाला है। गौरतलब है कि 'कौन बनेगा करोड़पति' बीते 25 वर्षों से दर्शकों का भरोसा जीतता आ रहा है। इस शो ने न केवल आम लोगों को करोड़पति बनने का मौका दिया, बल्कि ज्ञान और बुद्धिमत्ता को देशभर में एक नया मंच भी दिया है।

## तेलुगु सुपरस्टार रवि तेजा के पिता का निधन, 90 साल की उम्र में ली आखिरी सांस

तेलुगु सिनेमा के सुपरस्टार रवि तेजा के पिता भूपतिराजू राजगोपाल राजू का निधन हो गया है। 90 वर्ष की उम्र में उन्होंने हैदराबाद स्थित आवास पर अंतिम सांस ली। बताया जा रहा है कि वे पिछले कुछ समय से उम्र संबंधी बीमारियों से पीड़ित थे। राजगोपाल राजू के निधन से न सिर्फ उनका परिवार दुखी है, बल्कि तेलुगु फिल्म इंडस्ट्री में शोक की लहर फैल गई है। मेगास्टार चिरंजीवी ने एक्स पर लिखा, "भाई रवि तेजा के पिता के निधन की खबर सुनकर मुझे बहुत दुख हुआ। मैं उनसे आखिरी बार वाल्टेयर वीरय्या के सेट पर मिला था। वे बहुत खुशमिजाज थे और बड़े उत्साह से बात करते थे। इस कठिन समय में, उनके परिवार के प्रति मेरी गहरी संवेदना। मैं प्रार्थना करता हूं कि उनकी आत्मा को शांति मिले। डायरेक्टर गोपीचंद मलिनेनी ने एक्स पर लिखा, "एक्टर रवितेजा के पिता राजगोपाल राजू गारू के निधन से अत्यंत दु:खी हूं। इस कठिन समय में रवितेजा गारू और उनके परिवार के लिए शक्ति और शांति की प्रार्थना करता हूं। ॐ शांति। राजगोपाल राजू एक सेवानिवृत्त सरकारी अधिकारी थे। उनके परिवार में पत्नी राज्य लक्ष्मी और दो बेटे सुपरस्टार रवि तेजा और रघु राजू हैं। उनका तीसरा बेटा भरत राजू का कुछ वर्ष पहले एक कार दुर्घटना में निधन हो गया था। राजगोपाल राजू लंबे समय तक आंध्र प्रदेश के जग्गमपेटा में पत्नी के साथ रहे। बेटे रवि तेजा के फिल्मी दुनिया में बुलंदियों तक पहुंचने के बावजूद उन्होंने हमेशा सादा और शांत जीवन जीना पसंद किया।

## कियारा आडवाणी और सिद्धार्थ मल्होत्रा के घर आई नन्हीं परी

कियारा आडवाणी और सिद्धार्थ मल्होत्रा के घर खुशियों ने दस्तक दी है। लंबे समय से अपनी प्रेग्नेंसी को लेकर चर्चा में रहीं कियारा ने आखिरकार एक प्यारी सी बेटी को जन्म दिया है। बीते दिनों उन्हें पति सिद्धार्थ के साथ मुंबई के एक क्लिनिक के बाहर देखा गया था, जिसके बाद अटकलें तेज हो गई थीं। अब जब यह खुशखबरी सामने आ चुकी है, तो सोशल मीडिया पर बधाइयों की बाढ़ आ गई है। फैंस से लेकर फिल्म इंडस्ट्री के सितारे तक कियारा और सिद्धार्थ को पहली बार माता-पिता बनने पर दिल से शुभकामनाएं दे रहे हैं। कियारा आडवाणी और सिद्धार्थ मल्होत्रा अब माता-पिता बन चुके हैं, और इस खुशखबरी की पुष्टि खुद दोनों ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम हैंडल पर की है। उन्होंने एक प्यारा सा पोस्ट शेयर करते हुए लिखा, ₹हमारे दिल इस समय बेहद खुश हैं और हमारी दुनिया अब पहले जैसी नहीं रही। हमें एक नन्हीं सी परी का आशीर्वाद मिला है।₹



इस पोस्ट के सामने आते ही सोशल मीडिया पर बधाइयों की बाढ़ आ गई है। फैन्स और फिल्म इंडस्ट्री के सितारों ने भी कपल को पैरेंट्स बनने की खुशी पर दिल से बधाई दी है। फरवरी, 2025 में इस जोड़े ने घोषणा की थी कि वे जल्द ही माता-पिता बनने वाले हैं, और अब आखिरकार उनके घर खुशियों की किलकारियां गूंज उठी हैं। सिद्धार्थ और कियारा ने 7 फरवरी 2023 को जैसलमेर के भव्य सूर्यगढ़ पैलेस में शाही अंदाज में शादी की थी। अब बेटी के आगमन के साथ उनकी ज़िंदगी में एक नई और खूबसूरत शुरूआत हो चुकी है, जिसे लेकर उनके प्रशंसकों में जबरदस्त उत्साह देखने को मिल रहा है। सिद्धार्थ मल्होत्रा और कियारा आडवाणी को पहली बार साथ में फिल्म 'शेरशाह' में देखा गया था, और कई लोगों को लगता है कि उनकी दोस्ती की शुरूआत भी इसी फिल्म से हुई थी, लेकिन हकीकत कुछ और है। दरअसल, दोनों की पहली मुलाकात साल 2018 में हुई थी, जब 'लस्ट स्टोरीज' की रैपअप पार्टी रखी गई थी। इस पार्टी में सिद्धार्थ भी शामिल हुए थे, और यहीं पर कियारा और सिद्धार्थ के बीच पहली बार बातचीत हुई थी। इस खास मुलाकात का खुलासा खुद कियारा ने एक इंटरव्यू में किया था। तभी से दोनों के बीच नजदीकियां बढ़ने लगीं और वक्त के साथ यह रिश्ता प्यार में बदल गया।

## मेजर लीग सॉकर: एवेंडर के दो गोल की बदौलत एफसी सिनसिनाटी ने इंटर मियामी को 3-0 से हराया, मेसी रहे बेअसर

एजेंसी

**ओहियो (यूनाइटेड स्टेट) :** एफसी सिनसिनाटी के स्टार मिडफील्डर एवेंडर ने लगातार पांचवें मैच में गोल करते हुए क्लब रिकॉर्ड बनाया और अपनी टीम को इंटर मियामी के खिलाफ 3-0 की बड़ी जीत दिलाई। यह मुकाबला बुधवार देर रात ( भारतीय समयानुसार गुरुवार) को सिनसिनाटी के घरेलू मैदान टीक्यूएल स्टेडियम में खेला गया। दूसरे हाफ की शुरूआत में एवेंडर ने बॉक्स के बीच से बाएं पैर से शानदार शॉट मारते हुए गेंद को गोलपोस्ट के निचले दाएं कोने में पहुंचाया और टीम की बढ़त 2-0 कर दी। यही नहीं, एवेंडर ने इस हाफ में दूसरा गोल भी किया, जबकि पहले हाफ में उनकी कई कोशिशें नाकाम रही थीं। इन दो गोलों के साथ एवेंडर के एमएलएस रेगुलर सीजन में कुल 15 गोल हो गए हैं। इस जीत के साथ एफसी सिनसिनाटी (14 जीत, 6 हार, 3 ड्रॉ झ्र 45 अंक) ने मियामी की लगातार 5 जीत की लय को तोड़ते हुए उन्हें 18 मई के बाद पहली बार



हार का स्वाद चखाया। सिनसिनाटी की दमदार डिफेंस और गोलकीपर रोमन सेलेनटानो के प्रदर्शन ने मियामी के हमलों को पूरी तरह विफल कर दिया। मैच का पहला गोल 16वें मिनट में गेरार्डो वैलेनजुएला ने किया। उन्होंने बॉक्स के बाएं किनारे से बाएं पैर से शॉट लगाते हुए गेंद को निचले दाएं कोने में पहुंचाया। यह उनका इस सीजन का चौथा गोल था। पहले हाफ में सिनसिनाटी का दबदबा साफ दिखा। टीम ने 45 मिनट और 6 मिनट के इंजरी टाइम में कई बार बॉक्स में प्रवेश किया और गोल की कोशिशें कीं। सिनसिनाटी ने पहले हाफ में 7 शॉट्स (4 ऑन टारगेट) और पूरे मैच में कुल 11 शॉट्स (6 ऑन टारगेट) लिए। दूसरी ओर, इंटर मियामी (11 जीत, 4 हार, 5 ड्रॉ झ्र 38 अंक) की आक्रामक रणनीति को सिनसिनाटी की बैकलाइन ने पूरी तरह से निष्क्रिय कर दिया। सुपरस्टार लियोनेल मेसी के दो प्रयास भी गोल में नहीं बदल पाए। पहला शॉट डिफेंडर लुकास एंगल ने ब्लॉक किया, जबकि दूसरा प्रयास गोलकीपर सेलेनटानो ने शानदार डाइविंग सेव के साथ रोका। सेलेनटानो ने इस मैच में दो शानदार सेव करते हुए सीजन का सातवां क्लीन शीट दर्ज किया। वहीं मियामी के दो गोलकीपर ऑस्कर उस्तारी और रोको रियोस नोवो ने कुल मिलाकर चार सेव किए, लेकिन टीम को हार से नहीं बचा सके।

## सबालेंका ने मॉन्ट्रियल टूनामेंट से नाम वापस लिया, यूएस ओपन की तैयारी के लिए आराम को दी प्राथमिकता

नई दिल्ली : शीर्ष वरीयता प्राप्त टेनिस खिलाड़ी आर्यना सबालेंका ने नेशनल बैंक ओपन (मॉन्ट्रियल टूनामेंट) से नाम वापस ले लिया है। उन्होंने यह फैसला अमेरिकी ओपन के लिए खुद को बेहतर ढंग से तैयार करने और अतिरिक्त आराम के लिए लिया है। सबालेंका ने एक बयान में कहा, ₹मैं नॉर्थ अमेरिकन हार्ड-कोर्ट सीजन की शुरूआत को लेकर उत्साहित हूं, लेकिन इस सीजन में बेहतर प्रदर्शन के लिए यह फैसला किया है कि मॉन्ट्रियल नहीं खेलना ही मेरे लिए सही रहेगा। गौरतलब है कि सबालेंका हाल ही में विंबलडन के सेमीफाइनल तक पहुंची थीं, जहां उन्हें अमांडा अनीसीमोवा के हाथों हार का सामना करना पड़ा। नेशनल बैंक ओपन 27 जुलाई से शुरू होगा, लेकिन अब उम्मीद की जा रही है कि सबालेंका अगस्त की शुरूआत में सिनसिनाटी ओपन में वापसी करेंगी। यूएस ओपन की शुरूआत 24 अगस्त से होनी है, जिसे साबालेंका ने 2024 में पहली बार अपने नाम किया था। इस टूनामेंट से 10वीं रैंकिंग की पाउला बडोसा ने भी चोट के कारण नाम वापस ले लिया है। सबालेंका और बडोसा की जगह कैटी मैकनेली और मोयूका उचिजिमा को मुख्य ड्रॉ में शामिल किया गया है।

## ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टी20 सीरीज के लिए वेस्टइंडीज टीम घोषित, ज्वेल एंड्रू और जेदियाह ब्लेड्स को पहली बार मौका

**जमैका :** वेस्टइंडीज क्रिकेट बोर्ड (सीडब्ल्यूआई) ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ आगामी पांच मैचों की टी 20 इंटरनेशनल सीरीज के लिए 16 सदस्यीय टीम की घोषणा कर दी है। यह सीरीज 20 जुलाई से 28 जुलाई के बीच जमैका के सबीना पार्क और सेंट किट्स के वॉर्नर पार्क में खेली जाएगी। टीम में आयरलैंड के खिलाफ हाल ही में सीरीज जीतने वाले मुख्य खिलाड़ियों को बरकरार रखा गया है, जबकि दो युवा और प्रतिभाशाली खिलाड़ियों-ज्वेल एंड्रू और जेदियाह ब्लेड्स-को पहली बार टी 20 अंतरराष्ट्रीय टीम में शामिल किया गया है। 18 वर्षीय ज्वेल एंड्रू, जो एक उभरते हुए बल्लेबाज और बैकअप विकेटकीपर हैं, ने खासकर स्पिन गेंदबाजी के खिलाफ अपने आक्रामक खेल से चयनकताओं को प्रभावित किया है। उन्हें क्षेत्र का भविष्य का सितारा माना जा रहा है। वहीं, बाएं हाथ के तेज गेंदबाज जेदियाह ब्लेड्स ने 2024 में बांग्लादेश के खिलाफ अपना अंतरराष्ट्रीय पदार्पण किया




था। उन्होंने वेस्टइंडीज ब्रेकआउट लीग में पावरप्ले ओवरों के दौरान शानदार प्रदर्शन कर चयनकताओं का ध्यान खींचा। शाई होप टीम की कप्तानी बरकरार रखेंगे, जबकि जेसन होल्डर, अकील होसेन, और रोवमैन पॉवेल जैसे अनुभवी खिलाड़ी भी टीम में शामिल हैं। टीम के मुख्य कोच डैरेन सैमी ने कहा कि टीम का मुख्य फोकस रैंकिंग सुधारने और 2026 में भारत और श्रीलंका में होने वाले टी 20 विश्व कप की तैयारी करना है। उन्होंने कहा, हमारी रणनीति और लक्ष्य स्पष्ट हैं-2026 में टी 20 वर्ल्ड कप जीतना। इस सीरीज में हम अपनी शैली और खेल के ब्रांड को और निखारने का प्रयास करेंगे। वेस्टइंडीज टी 20 टीम इस प्रकार है-

शाई होप (कप्तान), ज्वेल एंड्रू, जेदियाह ब्लेड्स, रोस्टन चेज, मैथ्यू फोर्ड, शिमरोन हेटमायर, जेसन होल्डर, अकील होसेन, अलजारी जोसेफ, ब्रैंडन किंग, एविन लुईस, गुडाकेश मोती, रोवमैन पॉवेल, आंद्रे रसेल शेर्फेन रदरफोर्ड, रोमारियो शेफर्ड।

वेस्टइंडीज बनाम ऑस्ट्रेलिया शेड्यूल-

पहला टी 20: 20 जुलाई झ्र सबीना पार्क, जमैका
दूसरा टी 20: 22 जुलाई झ्र सबीना पार्क, जमैका
तीसरा टी 20: 25 जुलाई झ्र वॉर्नर पार्क, सेंट किट्स
चौथा टी 20: 26 जुलाई झ्र वॉर्नर पार्क, सेंट किट्स

# बांग्लादेश ने तीसरे टी-20 में श्रीलंका को 8 विकेट से हराया, सीरीज 2-1 से जीती

एजेंसी

**कोलंबो :** तीन मैचों की टी20 श्रृंखला के निर्णायक मुकाबले में बुधवार को बांग्लादेश ने श्रीलंका को 8 विकेट से हराकर सीरीज 2-1 से अपने नाम कर ली। इस जीत में सलामी बल्लेबाज तंजीद हसन तमीम की करियर की सर्वश्रेष्ठ नाबाद 73 रन की पारी निर्णायक रही। श्रीलंका ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया और 20 ओवरों में सात विकेट पर 132 रन बनाए। जवाब में बांग्लादेश ने 2 विकेट पर 133 रन बनाकर 21 गेंद शेष रहते हुए मुकाबला अपने नाम कर लिया। बांग्लादेश की शुरूआत खराब रही और पारी की पहली ही गेंद पर परवेज हुसैन इमोन (0) नुवान तुषारा की गेंद पर एलबीडब्ल्यू हो गए। इसके बाद तमीम और कप्तान लिटन दास ने मिलकर 50 गेंदों में 74 रन की साझेदारी कर पारी को संभाला। लिटन ने 32 रन बनाए और कामिंदु मेंडिस की गेंद पर कुसल परेरा को कैच थमाया।

इसके बाद तमीम और तौहीद हृदय ने मिलकर नाबाद 59 रन की साझेदारी की और टीम को जीत तक पहुंचाया। तमीम ने




47 गेंदों पर 6 छक्के और 1 चौका लगाकर नाबाद 73 रन बनाए। यह उनका टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में सर्वोच्च व्यक्तिगत स्कोर है, जो इससे पहले उन्होंने जिम्बाब्वे के खिलाफ 67 रन बनाए थे। हृदय 27 रन बनाकर नाबाद रहे। इससे पहले बांग्लादेश के ऑफ स्पिनर मेहदी हसन ने घातक गेंदबाजी करते हुए अपने करियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया और 4 ओवर में सिर्फ 11 रन देकर 4 विकेट लिए। इससे पहले उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन वेस्टइंडीज के खिलाफ 4/13 था। श्रीलंका ने तेज शुरूआत की और पहले ओवर में 14 रन बनाए, लेकिन शोरीफुल इस्लाम ने ओवर की आखिरी गेंद पर कुसल मेंडिस (6) को हृदय के हाथों डीप स्क्वेयर लेग पर कैच करवा दिया। इसके बाद श्रीलंका की पारी ताश के पत्तों की तरह बिखर गई। कुसल परेरा (0) को मेहदी हसन ने स्लिप में तमीम के हाथों कैच कराया, वहीं दिनेश चांदीमल (4) और कप्तान चरिथ असलंका (3) भी सस्ते में पवेलियन लौट गए। पथुम निसांका ने 46 रनों की संघर्षपूर्ण पारी खेली और टीम के टॉप स्कोरर रहे, उन्हें भी मेहदी हसन ने ही कैच आउट किया। श्रीलंका की ओर से कामिंदु मेंडिस ने 15 गेंदों में 21 रन बनाए जबकि दासुन शनाका 25 गेंदों में 35 रन बनाकर नाबाद रहे। आखिरी ओवर में श्रीलंका ने कुल 22 रन बनाए, जिनमें से 21 रन अकेले शनाका ने बनाए।

## वर्ल्ड एथलेटिक्स एथलीट्स कमीशन चुनाव के लिए उम्मीदवारों की घोष ा

### टोक्यो वर्ल्ड एथलेटिक्स चैंपियनशिप के दौरान 8 से 20 सितंबर के बीच होंगे चुनाव

एजेंसी

**नई दिल्ली :** वर्ल्ड एथलेटिक्स एथलीट्स कमीशन के अगले चुनावों के लिए 2025 में उपलब्ध छह सीटों के लिए दस उम्मीदवारों की घोषणा कर दी गई है। यह चुनाव सितंबर में टोक्यो वर्ल्ड एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2025 के दौरान 8 से 20 सितंबर के बीच होंगे। चुनाव में वर्ल्ड चैंपियनशिप के लिए मान्यता प्राप्त सभी एथलीट मतदान के पात्र होंगे। पहली बार एथलीट ऑनलाइन या व्यक्तिगत रूप से वोट डाल सकेंगे। साथ ही, मतदान की अवधि को विस्तारित किया गया है, ताकि जो एथलीट देर से आएं या पहले लौटें, उन्हें भी वोट देने का पूरा मौका मिल सके। पिछले वर्षों की तरह मतदान करने वाले एथलीटों को रिले बैटन उपहार स्वरूप दिए जाएंगे। चुनाव के योग्य वही एथलीट होंगे, जिन्होंने पिछले दो विश्व चैंपियनशिप में से कम से कम एक



में हिस्सा लिया हो, या हालिया ओलंपिक खेलों में भाग लिया हो, या फिर इस साल के वर्ल्ड चैंपियनशिप में प्रतिभागी हों। उपलब्ध छह सीटों में से एक डिप्टी चेयर का पद भी शामिल है, जिसे चुनावों के बाद कमीशन के नए सदस्य आपस में चुनेंगे।

**घोषित 10 उम्मीदवारों के नाम**

मुआथ अलखावाल्देह (जॉर्डन), एंड्रियास आल्मग्रेन (स्वीडन), लिया अपोस्तोलोव्स्की (स्लोवेनिया), जोआन चेलिमो (रोमानिया), लिसान्ने डी विटे (नीदरलैंड्स), रामिल गुलियेव (तुर्किये), थिया ला फोंड (डोमिनिका), अन्ना रिज़िकओवा (यूक्रेन), हसन तफ्तियन (ईरान), और जिया ट्रेविसान (इटली)। इन सभी उम्मीदवारों के विस्तृत प्रोफाइल वर्ल्ड एथलेटिक्स लाइब्रेरी में उपलब्ध हैं। 25 अगस्त से आधिकारिक प्रचार अवधि शुरू होगी, जिसके दौरान उम्मीदवार अपनी-अपनी प्रचार गतिविधियां चला सकेंगे। वर्ल्ड चैंपियनशिप के अंतिम दिन 21 सितंबर को चुनाव के नतीजे घोषित किए जाएंगे।

गौरतलब है कि दिसंबर 2016 में स्वीकृत गवर्नेंस और इंटेग्रिटी सुधारों के तहत वर्ल्ड एथलेटिक्स में एथलीटों की भागीदारी को औपचारिक रूप से संस्थागत रूप दिया गया था। 2019 से, एथलीट्स कमीशन के चेयरपर्सन और एक अन्य सदस्य (एक पुरुष और एक महिला) को वर्ल्ड एथलेटिक्स काउंसिल में पूर्ण मतदान अधिकारों के साथ शामिल किया जाता है।

# स्वच्छ सर्वेक्षण-2024 का पुरस्कार समारोह आज दिल्ली में , मप्र के 8 शहरों को मिलेगा राष्ट्रीय स्तर पर सम्मान

एजेंसी

**भोपाल :** स्वच्छ सर्वेक्षण-2024 का पुरस्कार समारोह आज नई दिल्ली में आयोजित हो रहा है। समारोह में मध्य प्रदेश के आठ शहरों इंदौर, उज्जैन, बुदनी, भोपाल, देवास, शाहगंज, जबलपुर एवं ग्वालियर को उनके उत्कृष्ट स्वच्छता प्रयासों के लिए विभिन्न श्रेणियों में सम्मानित किया जाएगा। राष्ट्रीय स्तर पर प्रदेश के विजेता शहरों के गौरवशाली पलों के साक्षी बनने के लिये नगरीय विकास एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय और राज्य मंत्री प्रतिमा बागरी उपस्थित रहेंगी। कार्यक्रम में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, केन्द्रीय आवासन एवं शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल खट्टर एवं केन्द्रीय आवासन एवं शहरी कार्य राज्य मंत्री तोखन साहू उपस्थित रहेंगे। जनसम्पर्क अधिकारी मुकेश मोदी ने बताया कि प्रदेश के इंदौर, उज्जैन एवं बुदनी को सुपर स्वच्छ लीग श्रेणी, भोपाल, देवास और शाहगंज को राष्ट्रपति पुरस्कार, जबलपुर को विशेष श्रेणी एवं ग्वालियर को राज्य स्तरीय पुरस्कार



से सम्मानित किया जाएगा। इसके अलावा कचरा मुक्त शहरों की स्टार रेटिंग और खुले में शौच से मुक्त शहरों की श्रेणियों (ओडीएफ प्लस प्लस, वॉटर प्लस) के परिणाम भी इसी दिन जारी किए जाएंगे। इस वर्ष का सर्वेक्षण ह्लरिड्यूस, रीयूज, रीसाइकल की थीम पर आधारित था। इसमें शहरी स्वच्छता और सेवा स्तर का आंकलन करने के लिए एक सजग, संरचित दृष्टिकोण अपनाया गया है, जिसमें 54 संकेतकों सहित 10 सुपरिभाषित मापदंडों पर शहरों में स?वच?छता और अपशिष?ट प्रबंधन के आधार पर लगभग 3 हजार से अधिक मूल्यांकनकताओं द्वारा 45 दिनों तक देशभर के लगभग 4500 से अधिक शहरों के प्रत्येक वार्ड का गहन निरीक्षण किया गया। स्वच्छता के विभिन्न मापदण्डों में समावेशिता, पारदर्शिता के प्रति अटूट प्रतिबद्धता सहित 11 लाख से अधिक घरों का मूल्यांकन किया गया। यह राष्ट्रीय स्तर पर शहरी जीवन और स्वच्छता के मायने को समझने के लिए एक व्यापक और दूरगामी दृष्टिकोण को दर्शाता है। वर्ष-2024 के स्वच्छ सर्वेक्षण के मूल्यांकन में लगभग 14 करोड़ देशवासियों द्वारा प्रत्यक्ष संवाद, स्वच्छता ऐप, माईगव और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के माध्यम से अपना फीडबैक भी दिया गया। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सभी विजेता शहरों को बधाई दी है। उन्होने अपने संदेश में इस उपलब्धि के लिए सभी सफाई मित्रों, नागरिकों, जन-प्रतिनिधियों, कर्मचारियों, अधिकारियों और सभी सहयोगियों को बधाई दी है। उन्होंने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने स्वच्छता का जो संकल्प लिया है, उसमें मध्य प्रदेश कदम से कदम मिलाकर चल रहा है।ह्व समारोह में इंदौर महापौर पुष्यमित्र भार्गव, उज्जैन महापौर मुकेश टटवाल, भोपाल महापौर मालती राय, ग्वालियर महापौर डॉ. शोभा सिकरवार, जबलपुर महापौर जगत बहादुर सिंह और देवास महापौर गीता दुर्गेश अग्रवाल अपनी टीम के साथ मौजूद रहेंगे। इनके साथ बुदनी नगर पालिका अध्यक्ष सुनीता अर्जुन मालवीय एवं शाहगंज अध्यक्ष सोनम भार्गव भी अपने टीम सदस्यों के साथ पुरस्कार समारोह में उपस्थित रहेंगी। नगरीय प्रशासन आयुक्त संकेत भोंडवे, मिशन संचालक डॉ. परीक्षित झाड़े, नगर निगम आयुक्त और मुख्य नगरपालिका अधिकारियों के साथ इस समारोह में शामिल हो रहे हैं।

## मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ वाराणसी दौरे पर, शिवभक्तों के लिए तैयारियों का लेंगे जायजा



एजेंसी

**वाराणसी :** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ गुरुवार शाम दो दिवसीय दौरे पर वाराणसी पहुंचेंगे। अपने प्रवास के दौरान मुख्यमंत्री सर्किट हाउस में जनप्रतिनिधियों और वरिष्ठ अधिकारियों के साथ महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक करेंगे। इसके बाद वे कालभैरव मंदिर और श्री काशी विश्वनाथ धाम में दर्शन-पूजन कर सावन माह में कांवड़ियों और शिवभक्तों के लिए की गई तैयारियों का निरीक्षण करेंगे। माना जा रहा है कि मुख्यमंत्री बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का भी दौरा कर स्थिति की समीक्षा करेंगे और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देंगे।इसके अतिरिक्त, मुख्यमंत्री निमार्णाधीन परियोजनाओं का स्थलीय निरीक्षण करेंगे। सीएम योगी सारनाथ स्थित केंद्रीय उच्च तिब्बती शिक्षा संस्थान भी जा सकते हैं। रात्रि विश्राम के बाद शुक्रवार को वे वसंता कॉलेज में बिरसा मुंडा और जनजातीय समाज से जुड़े कार्यक्रम में हिस्सा लेंगे। साथ ही, जेल रोड पर नव निर्मित ₹संगीत पथ₹ का भी निरीक्षण किया जाएगा। मुख्यमंत्री के आगमन को देखते हुए पूरे शहर में सुरक्षा व्यवस्था को चाक-चौबंद कर दिया गया है। प्रोटोकॉल के अनुसार मुख्यमंत्री गुरुवार शाम 4:30 बजे जनपद चंदौली से वाराणसी पहुंचेंगे और सीधे सर्किट हाउस जाकर समीक्षा बैठक करेंगे।

## बिहार के लोगों को नीतीश सरकार का तोहफा, पहली अगस्त से 125 यूनिट बिजली मुफ्त



1 अगस्त, 2025 से यानी जुलाई माह के बिल से ही राज्य के सभी घरेलू उपभोक्ताओं को 125 यूनिट तक बिजली का कोई पैसा नहीं देना पड़ेगा। इससे राज्य के कुल 1 करोड़ 67 लाख परिवारों को लाभ होगा।"

एजेंसी

**पटना :** बिहार की नीतीश सरकार ने राज्य के 1 करोड़ 67 लाख बिजली उपभोक्ताओं को बड़ी सौगात दी है। राज्य सरकार ने प्रति माह 125 यूनिट बिजली मुफ्त देने की घोषणा की है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज सुबह एक्स पर पोस्ट कर यह घोषणा की। उन्होंने कहा, "हमलोग शुरू से ही सस्ती दरों पर सभी को बिजली उपलब्ध करा रहे हैं। अब हमने तय कर दिया है कि 1 अगस्त, 2025 से यानी जुलाई माह के बिल से ही राज्य के सभी घरेलू उपभोक्ताओं को 125 यूनिट तक बिजली का कोई पैसा नहीं देना पड़ेगा। इससे राज्य के कुल 1 करोड़ 67 लाख परिवारों को लाभ होगा।" मुख्यमंत्री ने कहा, "हमने यह भी तय किया है कि अगले तीन वर्षों में इन सभी घरेलू उपभोक्ताओं से सहमति लेकर उनके घर की छतों पर अथवा नजदीकी सार्वजनिक स्थल पर सौर ऊर्जा संयंत्र लगाकर लाभ दिया जाएगा। कुटीर ज्योति योजना के तहत जो अत्यंत निर्धन परिवार होंगे उनके लिए सौर ऊर्जा संयंत्र लगाने के लिए पूरा खर्च राज्य सरकार करेगी तथा शेष के लिए भी सरकार उचित सहयोग करेगी। इससे घरेलू उपभोक्ताओं को अब बिजली का 125 यूनिट तक कोई खर्च नहीं लगेगा, साथ ही साथ राज्य में अगले तीन वर्षों में एक अनुमान के अनुसार 10 हजार मेगावाट तक सौर ऊर्जा उपलब्ध हो जाएगी।"

## अमरनाथ यात्रा के बालटाल मार्ग पर भूस्खलन में महिला तीर्थयात्री की मौत, तीन अन्य घायल

**जम्मू :** कश्मीर के गंदेरबल जिले में अमरनाथ यात्रा के बालटाल मार्ग पर बुधवार को भूस्खलन की घटना में एक महिला तीर्थयात्री की मौत हो गई, जबकि तीन अन्य घायल हो गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि बुधवार शाम को बालटाल मार्ग पर रेलपथरी में हुए भूस्खलन के कारण पवित्र गुफा की ओर जाने वाले चार तीर्थयात्री बह गए। उन्होंने बताया कि घायलों को बालटाल आधार शिविर के अस्पताल ले जाया गया, जहां एक महिला तीर्थयात्री को मृत घोषित कर दिया गया, जिसकी पहचान राजस्थान निवासी सोना बाई (55) के रूप में हुई है। इसके साथ ही इस बार अमरनाथ यात्रा के दौरान मरने वालों की संख्या बढ़कर 15 पहुंच गई है।

# ट्रंप का आग्रह कोका कोला ने माना, मिठास के लिए अब गन्ने का प्रयोग होगा

एजेंसी

**वाशिंगटन :** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि कोका कोला कंपनी ने उनके आग्रह को मान लिया है। कोका कोला कंपनी अमेरिका में अपने प्रमुख पेय में मिठास के लिए असली गन्ने की चीनी का इस्तेमाल करेगी। उन्होंने इसके लिए कोका कोला कंपनी के अधिकारियों का आभार जताया है। अमेरिकी समाचार वेबसाइट द हिल ने यह जानकारी दी। द हिल के अनुसार, ट्रंप ने सोशल ट्रुथ में कहा, " ₹मैंने अमेरिका में कोक में असली गन्ने की चीनी के इस्तेमाल के बारे में कोका कोला से बात की है। उन्होंने ऐसा करने पर सहमति जताई है। मैं कोका-कोला के सभी अधिकारियों का धन्यवाद करना चाहता हूं। आप देखेंगे, यह उनका एक बहुत अच्छा कदम होगा। ऐसा होने से



कोका कोला और बेहतर होगा।₹ इस पर कोका कोला ने बुधवार को अपनी वेबसाइट पर कहा, ₹हमारे प्रतिष्ठित कोका कोला ब्रांड के प्रति राष्ट्रपति ट्रंप का उत्साह सराहनीय है। कोका कोला के नए उत्पादों के बारे में अधिक जानकारी जल्द ही साझा की जाएगी। उल्लेखनीय है कि राष्ट्रपति ट्रंप को डाइट कोक का शौक रहा है। ट्रंप के पहले राष्ट्रपति कार्यकाल के दौरान उनके पास ओवल ऑफिस में एक बटन था। इससे कोका कोला में सोडा मिलाने में मदद मिलती थी। तब ट्रंप एक दिन में डाइट कोक के 12 कैन पी जाते थे। ट्रंप के लंबे समय से सहयोगी मार्गो मार्टिन के अनुसार, शपथ ग्रहण समारोह से पहले ट्रंप को कोका कोला की सीईओ ने पहली बार राष्ट्रपति पद के स्मारक उद्घाटन

## त्रिपुरा में 40 करोड़ रुपये मूल्य की याबा की गोलियां जब्त, दो लोग गिरफ्तार

एजेंसी

**त्रिपुरा :** अलग-अलग घटनाओं में 40 करोड़ रुपये मूल्य की ह्ययाबाह्व की गोलियां जब्त की गईं और इस सिलसिले में दो लोगों को गिरफ्तार किया गया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों के मुताबिक असम राइफल्स ने राज्य पुलिस के साथ मिलकर पश्चिम त्रिपुरा जिले के खैरपुर में एक ट्रक को रोका और तलाशी के दौरान वाहन से याबा की तीन लाख गोलियां बरामद की। याबा, को क्रेजी ड्रग भी कहा जाता है। यह एक नशीला पदार्थ है जिसमें मेथामफेटामिन और कैफीन का मिश्रण होता है, जो इसे अत्यधिक नशीला और खतरनाक बनाता है। अर्धसैनिक बल के एक अधिकारी ने बताया कि ट्रक चालक मौके से फरार हो गया। उन्होंने बताया कि जब्त मादक पदार्थ की अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत करीब 30 करोड़ रुपये आंकी गई है। उन्होंने बताया कि मादक पदार्थ को आगे की जांच के लिए राजस्व आसूचना निदेशालय (डीआरआई) को सौंप दिया गया है। एक अन्य घटना में, पुलिस ने खोवाई जिले के मुगियाकामी में नियमित जांच के दौरान संदेह के आधार पर एक ऑटो-रिक्शा की तलाशी ली। तेलियामुरा उप-विभागीय पुलिस अधिकारी (एसडीपीओ) पन्ना लाल सेन ने संवाददाताओं से कहा, ह्यतलाशी के दौरान ऑटो-रिक्शा से याबा की एक लाख गोलियां जब्त की गयीं। इन प्रतिबंधित वस्तुओं की अनुमानित कीमत लगभग 10 करोड़ रुपये है। उन्होंने बताया कि ऑटो-रिक्शा चालक समेत दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है।

**बलरामपुर : बलरामपुर जिला बना जल संरक्षण की मिसाल**

# गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज हुआ नाम

मोर गांव मोर पानी अभियान के तहत 1.65 लाख से अधिक सोख्ता गड्ढों का निर्माण

एजेंसी

**बलरामपुर :** जल संरक्षण के क्षेत्र में बलरामपुर जिले ने एक ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की है। 'मोर गांव मोर पानी अभियान' के अंतर्गत जिले में लक्ष्य से अधिक एक लाख 65 हजार 193 सोख्ता गड्ढों का निर्माण कर जल संरक्षण की दिशा में मिसाल कायम की गई है। इस अभूतपूर्व उपलब्धि के लिए जिले का नाम गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज किया गया है। गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड की स्टेट हेड सोनल शर्मा ने बीते शाम कलेक्टर आर कटारा और जिला पंचायत सीईओ नयनतारा सिंह तोमर को प्रमाण पत्र सौंपकर इस उपलब्धि को सम्मानित किया। इस अवसर पर अन्य अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे। इस अभियान की सफलता के पीछे कलेक्टर कटारा



के मार्गदर्शन और जिला पंचायत सीईओ नयनतारा सिंह तोमर के नेतृत्व में जिले की सभी जनपद पंचायतों की सक्रिय भागीदारी रही। ग्रामीणों, विशेषकर महिलाओं, स्व-सहायता समूहों, प्रधानमंत्री आवास हितग्राहियों और नरेगा जॉब कार्ड धारकों ने इस अभियान में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। ग्राम स्तर पर जनसंवाद, दीवार लेखन, पोस्टर और बैनर के माध्यम से जल संरक्षण के महत्त्व को जन-जन तक पहुंचाया गया। ग्रामीणों को सोख्ता गड्ढों के निर्माण की तकनीकी जानकारी, जैसे गड्ढे की लंबाई चौड़ाई, उपयोग होने वाली सामग्री (ईंट, बोल्डर, बालू) आदि के बारे में जागरूक किया गया। महिला स्व-सहायता समूहों ने इस अभियान में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने न केवल अपने घरों में सोख्ता गड्ढों का निर्माण किया, बल्कि अन्य महिलाओं को भी इसके लिए प्रेरित किया। साथ ही, स्वच्छता बनाए रखने की जिम्मेदारी भी ली। इस अभियान ने न केवल जल संरक्षण को बढ़ावा दिया, बल्कि सामुदायिक सहभागिता और जागरूकता के नए आयाम स्थापित किए। प्रशासन की सुनियोजित रणनीति और ग्रामीणों की सक्रिय भागीदारी ने इस अभियान को अभूतपूर्व सफलता दिलाई। सोख्ता गड्ढों के निर्माण से वर्षा जल का संचयन संभव हुआ, जिससे भूजल स्तर में सुधार और पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा मिलेगा। यह उपलब्धि इस बात का प्रमाण है कि सामूहिक प्रयास और प्रशासनिक सहयोग से कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं है। बलरामपुर जिले की इस उपलब्धि ने न केवल छत्तीसगढ़, बल्कि पूरे देश के लिए एक प्रेरणादायक उदाहरण प्रस्तुत किया है।

### यह जिलेवासियों का सम्मान : नयनतारा

गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकार्ड में शामिल होने पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए जिला पंचायत सीईओ नयनतारा सिंह ने कहा कि, यह पूरे जिले का सम्मान है। हमने हमारे कलेक्टर साहब के मार्गदर्शन में जिलेवासियों के और हमारे स्तर कर्मियों के सहयोग से इस लक्ष्य को हासिल किया है। इसमें सभी का योगदान रहा है। विशेषकर स्व सहायता समूह की महिलाएं और प्रधानमंत्री आवास के हितग्राही के सहयोग हमारे लिए उल्लेखनीय रहा है।

**न्यूज IN ब्रीफ**

## मप्रः ऊर्जा संरक्षण एवं सतत भवन संहिता पर दो दिवसीय कार्यशाला आज से भोपाल में

**भोपाल :** मध्य प्रदेश ऊर्जा विकास निगम द्वारा ऊर्जा संरक्षण एवं सतत भवन संहिता पर जागरूकता बढ़ाने के लिए आज (गुरुवार) से दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। भोपाल के निर्माण भवन, कॉन्फ्रेंस हॉल में आयोजित इस कार्यशाला का प्रारंभिक सत्र प्रातः 10.30 बजे से शुरू होगा। कार्यशाला में ब्यूरो ऑफ एनर्जी एफिशिएंसी के सर्टिफाइड मास्टर ट्रेनर राणाप्रताप पोद्दार एवं आर्किटेक्ट जे.के. व्यास द्वारा प्रशिक्षण दिया जाएगा। मध्य प्रदेश ऊर्जा विकास निगम द्वारा जानकारी दी गई है कि कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य ऊर्जा संरक्षण एवं सतत भवन संहिता की संरचना, उद्देश्य एवं अनुपालन प्रक्रिया की जानकारी प्रदान करना है। साथ ही भवन क्षेत्र से जुड़े अधिकारियों, इंजीनियरों एवं वास्तुकारों को ऊर्जा दक्ष एवं पर्यावरणीय रूप से उत्तरदायी भवन निर्माण के लिये प्रशिक्षित करना भी प्रमुख लक्ष्य है। प्रशिक्षण में प्रतिभागियों को यह समझने में सहायता मिलेगी कि वे कैसे अपने आगामी भवन निर्माण कार्यों में ऊर्जा संरक्षण एवं सतत भवन संहिता के प्रावधानों को अपनाकर ऊर्जा दक्षता, जल प्रबंधन, अपशिष्ट नियंत्रण तथा बेहतर इनडोर पर्यावरण जैसे महत्वपूर्ण पहलुओं को समाहित कर सकते हैं। कार्यशाला का आयोजन भारत सरकार द्वारा पारित ऊर्जा संरक्षण अधिनियम, 2001 के अंतर्गत किया जा रहा है, जिसके तहत प्रत्येक राज्य में एक राज्य नामित एजेंसी की नियुक्ति की जाती है। मध्य प्रदेश में यह भूमिका मध्य प्रदेश ऊर्जा विकास निगम को दी गई है, जो राज्य में ऊर्जा दक्षता से जुड़ी नीतियों के क्रियान्वयन, जागरूकता निर्माण एवं निगरानी का दायित्व निभाता है। ऊर्जा मंत्रालय के अधीन ब्यूरो ऑफ एनर्जी एफिशिएंसी के निदेर्शानुसार, ऊर्जा संरक्षण एवं सतत भवन संहिता से जुड़े विभिन्न हितधारकों के लिए ऑनलाइन और भौतिक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। लोक निर्माण विभाग के नामांकित अधिकारियों के लिए यह दो दिवसीय प्रशिक्षण सत्र आयोजित किया जा रहा है।

## बिहार के 20 जिलों में मेघ गर्जन के साथ बारिश का अलर्ट

**पटना :** राजधानी पटना सहित प्रदेशभर झमाझम बारिश से लोगों को उमस भरी गर्मी से राहत मिली है। मौसम विज्ञान केंद्र पटना के अनुसार अगले 24 घंटों के दौरान पटना सहित 20 जिलों में मेघ गर्जन के साथ वर्षा की संभावना है। दक्षिण बिहार के भभुआ, रोहतास में अति भारी वर्षा की चेतावनी है। जबकि अरवल , औरंगाबाद, बक्सर, जहानाबाद, नालंदा, बांका, जमुई, शेखपुरा में भारी वर्षा के आसार है। इन जगहों पर 30-40 किमी प्रतिघंटा की रफ्तार से तेज हवा चलने की भी संभावना है। बीते 24 घंटों के दौरान गया, बेगूसराय, समस्तीपुर, सहरसा, औरंगाबाद, जमुई, नवादा के अलग-अलग भागों में वर्षा दर्ज की गई। गयाजी के (डोभी) में सर्वाधिक वर्षा 186.8 मिमी वर्षा इस सीजन का सर्वाधिक वर्षा दर्ज हुई जबकि, राजधानी में 26.6 मिमी वर्षा दर्ज की गई। बुधवार को गयाजी के शेरघाटी में 181.4 मिमी, फतेहपुर में 180.2 मिमी, मोहनपुर में 169.4 मिमी, बाराचट्टी में 166.2 मिमी, बांके बाजार में 156.0 मिमी, समस्तीपुर के दलसिंहसराय में 139.6 मिमी, जमुई के खैरा में 136.4 मिमी, बेगूसराय के बछवाड़ा में 121.4 मिमी वर्षा दर्ज की गई। औरंगाबाद के मदनपुर में 120.8 मिमी, बेगूसराय के बरौनी में 105.8 मिमी, औरंगाबाद के कुटुंबा में 100.2 मिमी, समस्तीपुर में 95 मिमी, जमुई के लक्ष्मीपुर में 91.2 मिमी एवं जमुई में 90.6 मिमी वर्षा दर्ज की गई।

## अलास्का के ल्यूशियन द्वीप समूह में 7.3 तीव्रता का भूकंप, सुनामी का खतरा टला

**वाशिंगटन :** उत्तर अमेरिका के पश्चिमोत्तरी सीमा पर स्थित अलास्का प्रांत का ल्यूशियन द्वीप समूह बुधवार दोपहर भूकंप के तेज झटकों से हिल गया। रिक्टर स्केल पर भूकंप की तीव्रता 7.3 दर्ज की गई। इसके बाद अलास्का तट के बड़े हिस्से पर कई घंटों तक सुनामी की आशंका के मद्देनजर नजर रखी गई। एनबीसी न्यूज चैनल की खबर के अनुसार, अधिकारियों ने बताया कि सुनामी की चेतावनी को बाद में परामर्श में बदल दिया गया। फिलहाल किसी भी तरह के नुकसान की तत्काल कोई सूचना नहीं है। अमेरिकी सुनामी चेतावनी केंद्र के अनुसार, भूकंप स्थानीय समयानुसार दोपहर 12:38 बजे (पूर्वी समयानुसार शाम 4:38 बजे) आया और इसका केंद्र पोपोफ द्वीप पर स्थित सैंड पॉइंट से 55 मील दक्षिण में था। इसकी गहराई 12 मील थी। सतर्क रहने के लिए जारी परामर्श में अल्यूशियन द्वीप समूह में यूनिमक दर्रे से लेकर कैनेडी प्रवेश द्वार तक का हिस्सा शामिल किया गया। लगभग 5,500 की आबादी वाले शहर कोडियाक में आपातकालीन अधिकारियों ने घोषणा की कि भयभीत होने की जरूरत नहीं है। अगर सुनामी आती है तो आश्रय स्थल खोल दिए जाएंगे और सायरन बजाया जाएगा। अधिकारियों ने बताया कि दोपहर 2:45 बजे सुनामी का खतरा टल गया। सैंड पॉइंट की नगर प्रशासक डेबी शिमट ने बताया कि यह अब तक का सबसे शक्तिशाली भूकंप था। उन्होंने कहा, ₹मैं दोपहर के भोजन के लिए घर पर थी। घर हिल रहा था। सामान गिर रहा था। अलमारियों के दरवाजे खुल रहे थे। हालांकि, कोई नुकसान नहीं हुआ। अमेरिकी सुनामी चेतावनी केंद्र के अनुसार 1900 से इस क्षेत्र में 12 शक्तिशाली भूकंप आ चुके हैं। 7 मई, 1996 को 8.0, 10 जून, 1996 को 7.9, 17 नवंबर, 2003 को 7.8 तीव्रता का भूकंप आया था। पहला सबसे शक्तिशाली भूकंप 17 अगस्त, 1906 को पश्चिमी अल्यूशियन चाप में अमचिटका द्वीप आया था। रिक्टर स्केल पर इसकी तीव्रता 8.3 दर्ज की गई थी। इसके बाद 10 नवंबर, 1938 को शुमागिन द्वीप पर 8.6 तीव्रता का भूकंप आया था था। इस भूकंप ने कोडियाक द्वीप के दक्षिणी छोर से शुमागिन द्वीप समूह के उत्तरी छोर तक लगभग 300 किलोमीटर लंबे हिस्से को तहस-नहस कर दिया था।

## नायडू ने 2047 तक आंध्र प्रदेश को भारत का शीर्ष राज्य बनाने का खाका किया पेश

**आंध्र प्रदेश :** आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू ने राज्य की आर्थिक वृद्धि का विस्तृत खाका स्वर्ण आंध्र प्रदेश@2047 की ओर नयी दिल्ली में पेश किया। भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) के सहयोग से आर्थिक वृद्धि के कार्यबल द्वारा तैयार की गई यह रिपोर्ट, 2047 तक आंध्र प्रदेश को भारत के अग्रणी राज्य के रूप में स्थापित करने के लिए एक परिवर्तनकारी दृष्टिकोण की रूपरेखा प्रस्तुत करती है। राष्ट्रीय राजधानी में उद्योग जगत के दिग्गजों के बीच बृहस्पतिवार को इसे पेश करते हुए नायडू ने कहा, ह्य2047 तक आंध्र प्रदेश भारत का सर्वश्रेष्ठ राज्य होगा, जो अंतरराष्ट्रीय मानकों को पूरा करेगा और हम इसे साकार करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। नायडू ने कहा कि दक्षिणी राज्य का लक्ष्य 2047 तक 2400 अरब अमेरिकी डॉलर का सकल राज्य घरेलू उत्पाद (जीएसडीपी) दर्ज करना, 450 अरब अमेरिकी डॉलर का निर्यात करना और कई अन्य महत्वाकांक्षी लक्ष्य हासिल करना है।

# उपायुक्त ने गुरदरी पंचायत में विशेष शिविर का किया निरीक्षण, ग्रामीणों से की सीधी बातचीत

संवाददाता

**गुमला :** गुमला उपायुक्त प्रेरणा दीक्षित ने क्षेत्र भ्रमण के क्रम में विशुनपुर प्रखंड अंतर्गत पाट क्षेत्र स्थित गुरदरी पंचायत का दौरा किया। उपायुक्त के निदेर्शानुसार पंचायत भवन में एक विशेष शिविर का आयोजन किया गया था, जिसमें स्वास्थ्य, आधार कार्ड, राशन, पेंशन, पोषण अभियान, केसीसी, मनरेगा सहित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से संबंधित स्टॉल लगाए गए थे। संबंधित विभागों द्वारा मौके पर ही सेवा प्रदान करते हुए ग्रामीणों को योजनाओं से लाभान्वित किया गया।
मौके पर उपायुक्त ने ग्रामीणों से सीधे संवाद करते हुए उनकी समस्याएं सुनीं। उन्होंने कहा, ह्लआपकी उपायुक्त आज आपके बीच, आपकी समस्याएं सुनने और उनका समाधान करने आई हैं। आप आवेदन में अपना नाम एवं पता स्पष्ट रूप से लिखें, ताकि समस्याओं के समाधान की प्रक्रिया में आपसे संपर्क स्थापित किया जा सके ह्व
उपायुक्त ने इस सुदूरवर्ती क्षेत्र में पहुँचकर यह सुनिश्चित किया कि नागरिकों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। ग्रामीणों



द्वारा आंगनवाड़ी केंद्र की सुविधा, माइनिंग क्षेत्र में स्थानीय रोजगार, आधार पंजीकरण में आ रही कठिनाइयों और जन्म प्रमाण पत्र निर्माण की मांग की गई। इस पर उपायुक्त ने जानकारी दी की कि दिनांक 22 से 25 जुलाई तक गुरदरी पंचायत भवन में विशेष आधार पंजीकरण शिविर का आयोजन किया जाएगा, जिसमें जन्म एवं मृत्यु प्रमाण पत्र की सेवा भी उपलब्ध रहेगी। उन्होंने यह भी आश्वस्त किया कि शिविर उपरांत यदि किसी का आधार नहीं बनता है तो वे सीधे उपायुक्त के कार्यालय से संपर्क कर सकते हैं।
शिविर में बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे। इस अवसर पर पेंशन योजना के अंतर्गत स्वीकृति पत्र वितरित किए गए। साथ ही गोद भराई रस्म के दौरान उपायुक्त ने गर्भवती महिलाओं को संतुलित एवं पोषण युक्त आहार लेने की सलाह दी।
इससे पूर्व उपायुक्त ने विशुनपुर प्रखंड के विभिन्न संस्थानों का भी दौरा किया। उन्होंने विशुनपुर स्वास्थ्य उपकेंद्र, वन धन विकास केंद्र, सीएचसी केंद्र, राजकीयकृत मध्य विद्यालय, आंगनवाड़ी केंद्र एवं निमार्णाधीन टढउ सेंटर, अमतीपानी का निरीक्षण किया। उन्होंने निमार्णाधीन टढउ के कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने, उ‌ळउ केंद्र अंतर्गत टळउ सेंटर के सभी बेड्स का उपयोग सुनिश्चित करने तथा रअट एवं टअट श्रेणी के बच्चों के समुचित उपचार की व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।
वन धन विकास केंद्र में उन्होंने स्वयं सहायता समूह की दीदियों के प्रयासों की सराहना की तथा उनके व्यापार विस्तार के संबंध में संवाद किया।
भ्रमण कार्यक्रम में उपायुक्त के साथ विशुनपुर के प्रखंड विकास पदाधिकारी सुलेमान मुंडारी, अंचल अधिकारी शेखर वर्मा,खरछढर जिला प्रबंधक शैलेन्द्र कुमार, हिंडालको के ऑपरेशन हेड शत्रुजीत कुमार, सहायक महाप्रबंधक प्रदीप भालेकर, खान प्रबंधक योगेन्द्र लिलहरे, सीएसआर हेड नीरज कुमार तथा सीएसआर अधिकारी राकेश तिवारी एवं अनिल कुमार भी उपस्थित रहे।

## न्यूज IN ब्रीफ

### साप्ताहिक बाजार टांड़ में विशेष साफ-सफाई अभियान चलाया गया



**गुमला :** गुमला उपायुक्त प्रेरणा दीक्षित के निदेर्शानुसार नगर परिषद, गुमला द्वारा आज साप्ताहिक बाजार टांड़ क्षेत्र में विशेष साफ-सफाई अभियान चलाया गया। इस अभियान के अंतर्गत खउइ मशीन की सहायता से बाजार क्षेत्र में जमी गंदगी, कचरा एवं अतिक्रमित मलबों की सफाई की गई। नगर परिषद की टीम द्वारा पूरे क्षेत्र की सफाई सुनिश्चित करते हुए आमजन से भी स्वच्छता में सहयोग की अपील की गई। उपायुक्त द्वारा नगर परिषद को नियमित रूप से भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में सफाई व्यवस्था सुदृढ़ करने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि आमजन को स्वच्छ और स्वास्थ्यवर्धक वातावरण मिल सके।

### खाद्य सुरक्षा विभाग का विशेष निरीक्षण अभियान



गुमला : गुमला जिला उपायुक्त के निदेर्शानुसार गुमला जिले में आज खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा एक विशेष जांच अभियान चलाया गया। इस अभियान का नेतृत्व खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी लव कुमार गुप्ता ने किया। अभियान के तहत सबेकर रेस्टोरेंट, कार्तिक स्वीट्स, प्रकाश होटल (सिसई रोड), होटल राज (मेन रोड), फन फूड, ब्लूम रेस्टोरेंट (थाना चौक), होटल स्वाद, चुलानी रेस्टोरेंट (लोहरदगा रोड), गोविंद स्टोर, लकी स्टोर (पटेल चौक) तथा रुचि स्वीट्स (जयपुर रोड) जैसे प्रमुख प्रतिष्ठानों में औचक निरीक्षण किया गया।
निरीक्षण के दौरान ऑन-द-स्पॉट खाद्य सैंपल की जांच की गई। जांच में सबेकर होटल, कार्तिक स्वीट्स, प्रकाश होटल, होटल राज, फन फूड और होटल स्वाद से लिए गए पनीर, रसगुल्ला और पेड़ा के नमूने गुणवत्ता मानकों पर खरे उतरे।
हालांकि, मां की रसोई से लिए गए पनीर के नमूने में खराबी पाई गई। इस पर त्वरित कार्रवाई करते हुए 750 ग्राम खराब पनीर जब्त किया गया। साथ ही स्वच्छता की कमी, लाइसेंस न होने और एफएसएसएआई अधिनियम 2006 के उल्लंघन के कारण प्रतिष्ठान पर ₹2000 का जुमार्ना लगाया गया।
इस अभियान के दौरान स्वास्थ्य जागरूकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से सभी प्रतिष्ठानों में ₹तेल, चीनी और नमक का सेवन धीरे-धीरे कम करें तथा उच्च रक्तचाप, मधुमेह और हृदय रोग के जोखिम को कम करें , जैसे संदेश वाले बैनर लगाए गए, जिससे आमजन में बेहतर जीवनशैली के प्रति जागरूकता फैल सके।
इस विशेष निरीक्षण अभियान में कंप्यूटर ऑपरेटर प्रियांशु कुमार एवं सूरज कुमार की भी सक्रिय भूमिका रही।

### अंजनी कुमार सिंह का नाम 'इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स' में दर्ज




**सिमडेगा :** मानसिक सशक्तिकरण, सामाजिक जागरूकता और सतत प्रेरणा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाले जिले के शिक्षक श्री अंजनी कुमार सिंह को एक ऐतिहासिक उपलब्धि प्राप्त हुई है। उनका नाम इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में दर्ज किया गया है। इसके साथ ही, इस रिकॉर्ड को वैश्विक मान्यता दिलाने हेतु उनका नाम गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में भी आधिकारिक रूप से पंजीकृत हो चुका है, जिसकी मूल्यांकन प्रक्रिया प्रगति पर है।
इस अवसर पर उप विकास आयुक्त श्री दीपांकर चौधरी ने डीआरडीए कार्यालय कक्ष में श्री सिंह को सम्मानित किया। यह रिकॉर्ड उन्होंने हिंदी और अंग्रेजी में हजारों मौलिक प्रेरणादायक विचारों को विभिन्न डिजिटल मंचों, सोशल मीडिया और ऑनलाइन समूहों में निरंतर प्रकाशित कर स्थापित किया है।श्री सिंह के विचार केवल आत्मविकास तक सीमित नहीं हैं, बल्कि सामाजिक परिवर्तन, महिला सशक्तिकरण, बाल अधिकार, जल संरक्षण, डायन-बिसाही जैसे अंधविश्वासों के खिलाफ जनजागरण, वृद्धजनों के प्रति संवेदना, युवाओं में चेतना और विभिन्न चुनावों में मतदाता जागरूकता (रश्एएढ) जैसे विषयों पर केंद्रित हैं। वे कई अभियानों में सक्रिय भागीदारी निभा चुके हैं।
उन्होंने बताया कि यह रिकॉर्ड केवल लेखन नहीं, बल्कि वर्षों की अनुशासित साधना, शत-प्रतिशत मौलिकता और प्रमाणिक डिजिटल दस्तावेजीकरण का परिणाम है। प्रत्येक विचार की डिजिटल उपस्थिति, विशेषज्ञ समीक्षा और साक्षात्कार जैसी जटिल प्रक्रियाओं को पार करना एक चुनौतीपूर्ण लेकिन संतोषजनक यात्रा रही।

### तंबाकू के खिलाफ चला छापेमारी अभियान

**रामगढ़ :** सिविल सर्जन रामगढ़ डॉ महालक्ष्मी प्रसाद एवं जिला नोडल पदाधिकारी तंबाकू नियंत्रण कोषांग रामगढ़ के निदेर्शानुसार रजरप्पा मंदिर परिसर में कोटपा 2003 अंतर्गत जिला खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी दीप श्री एवं जिला परामर्शी तम्बाकू नियंत्रण द्वारा छापेमारी अभियान चलाया गया ।छापेमारी के दौरान रेस्टुरेंट एवं होटल में धूम्रपान निषेध साइनेज नहीं होने के कारण अर्थदंड लगाया गया। साथ ही उन्हें प्रोटोटाइप देकर लगवाया गया। साथ ही बताया ही बताया गया कि किसी भी होटल या रेस्टोरेंट में कोई भी व्यक्ति धूम्रपान करने के प्रति उल्लंघनकर्ता को 1000 रुपए का अर्थ दंड लगाया जाएगा। साथ ही पान दुकानदार को साइनेज 6ए नहीं होने के कारण अर्थदंड लगाया गया। तंबाकू दुकानदार को साइनेज लगा कर तंबाकू बेचा जाना है उल्लंघन करने पर 1000 रुपए तक अर्थदंड लगाया जाएगा । किसी भी दुकानदार को खुला हुआ सिगरेट नहीं बेचना है उल्लंघन करने पर अर्थदंड लगाया जाएगा। साथ ही 21 वर्ष से कम उम्र के बच्चों को तम्बाकू का कोई भी सामान नहीं बेचा जाना है। छापेमारी के दौरान कुल 9 दुकानदारों से कुल 2600 रुपए अर्थदंड लगाया गया।

## गुमला में सर्पदंश से तीन व्यक्तियों की स्थित गंभीर, सदर अस्पताल में इलाजरत

संवाददाता

**गुमला :** गुमला जिला में बारिश के मौसम आते ही और सांप के बिलों में पानी घुसने के कारण सभी सांप अपने-अपने बिलों से बाहर आ जाते हैं फलस्वरूप इन्सान और सांप के बीच रूबरू होते ही , इंसानों को सांपदंश ( काटने )का शिकार बनना पड़ता हैं , गुमला जिला अंतर्गत स्थित पालकोट थाना क्षेत्र के बघीमा पंचायत स्थित पाहन टोली ग्राम निवासी 42 वर्षीय महिला बेला केरकेट्टा अपनी मुर्गी फार्म की रखवाली करने के उद्देश्य से वह अपने मुर्गी फार्म में सोई हुई थी, और प्रातः होते ही वह जैसे ही अपने मुर्गी फार्म का दरवाजा खोलकर बाहर निकली अचानक एक नाग सांप उसके पैरों से लिपट गया , तब वह जोर जोर से चिल्लानें लगी और अपने पैर को झटका दी , उक्त नाग सांप ने उसके पैर में डंसते (काटते ) हुए दूर जा गिरा , यह देख उक्त महिला थर-थर कांपने लगी इसी क्रम में उक्त सांप ने उक्त महिला को फिर से पुनः डंस (काट) लिया , यह देख उक्त महिला भय से बेहोश होकर जमीन पर गिर गई, बाद में उक्त महिला ने बताया की संभवतः वह सांप मुर्गी के चूजे को खाने के लिए ही आया होगा , और नाग सांप के पुनः आने की कल्पना से वह काफी भयभीत होकर चिंता में पड़ गई हैं , दूसरी घटना गुमला जिला मुख्यालय से सटे हुए गांव अरमई गांव निवासी 50 वर्षीय महिला सुधा देवी प्रातः में अपने घर से शौच जाने के लिए घर से निकली थी, इसी क्रम में रास्ते में एक जहरीला सांप उसके पैरों से लिपट गया और उसके पैर में डंस (काट) कर पलट गया, तीसरी घटना खरका पंचायत के डीवीडीह ग्राम की हैं, 15 वर्षीय परिवर्तन उरांव अपने घर के बाहर खड़ा था, अचानक एक जहरीला सांप उसके पैरों से लिपट गया , यह देख वह बच्चा अपने बचाव के लिए दौड़ने लगा इसी क्रम में वह जहरीला सांप उसके पैरों में डंस ( काट ) लिया, बाद में उक्त तीनों सर्पदंश से पीड़ित व्यक्तियों को आनन-फानन में इलाज के लिये गुमला सदर अस्पताल में भर्ती करवाया गया हैं जहां डॉक्टरों के देखरेख में उसका इलाज चल रहा हैं ।

## डीआईजी अजय लिंडा आईजी के प्रशिक्षण के लिए 1 अक्टूबर को जाऐंगे

ज्योति पाठक

भारतीय पुलिस सेवा 2008 बैच के आईपीएस अधिकारी अजय लिंडा आईजी के प्रशिक्षण हेतु 1अक्टबर से जाऐंगे। अपनी उपलब्धि और कामयाबी के लिए सफल और कुशल अधिकारी के रूप में पहचाने जाने वाले श्री लिंडा झारखंड के लोकप्रिय और सफलतम डीआईजी के रूप में पहचाने जाते हैं। श्री लिंडा एसपी के रूप में ग्रामीण एसपी ,सिटी एसपी जमशेदपुर के अलावा संथाल परगना के गोड्डा, पाकुड़ तथा लातेहार और पलामू में पुलिस अधीक्षक रहने के साथ साथ लातेहार के भी एसपी रह चुके हैं। पश्चिम सिंहभूम चाईबासा में पुलिस अधीक्षक रहने के दौरान इनके द्वारा मानकी मुंडा को सम्मान तथा मुर्गी पाड़ा और हब्बा डब्बा



जैसे खेलों पर पूर्ण प्रतिबंध रहा था जिसके फलस्वरूप आज भी ये लोकप्रिय पुलिस अधीक्षक माने जाते हैं। पश्चिम सिंहभूम चाईबासा में पुलिस अधीक्षक रहते हुए इनकी पदौन्नति हुई और ये कोल्हान के डीआईजी बनाए गए। डीआईजी के रूप में इनके द्वारा किए गए कार्य काफी सराहनीय रहे। ऐसे आईपीएस अधिकारी से राज्य और विभाग दोनों गौरवान्वित होते हैं।

### अपॉइंटमेंट ऑफ बूथ लेवल एजेंट की हुई बैठक

**रामगढ़ :** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त फैज अक अहमद मुमताज की अध्यक्षता में बुधवार को उनके कार्यालय कक्ष में अपॉइंटमेंट ऑफ बूथ लेवल एजेंट से संबंधित बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान उप निर्वाचन पदाधिकारी रविंद्र कुमार गुप्ता द्वारा उपायुक्त सहित बैठक में उपस्थित अन्य को बैठक आयोजित करने के उद्देश्य के प्रति जानकारी दी गई। इस दौरान उनके द्वारा बताया गया की मतदाता सूची की तैयारी और संशोधन प्रक्रिया में पारदर्शिता को बढ़ाने तथा इसकी विश्वसनीयता में सुधार लाने के लिए रामगढ़ जिला अंतर्गत सभी सदस्य, सचिव, प्रतिनिधि, मान्यता प्राप्त राजनीतिक दल के साथ अपॉइंटमेंट ऑफ बूथ लेवल एजेंट की बैठक आयोजित की गई है। बैठक के दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त के द्वारा उपस्थित राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों सहित अन्य को अपने-अपने क्षेत्र से संबंधित बूथ लेवल एजेंट नामित करने एवं इसकी प्रति जिला स्तर पर उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया।

## पीवीटीजी समुदाय के लिए विशेष आधार पंजीकरण शिविर का शुभारंभ

### सभी पंचायतों में 31 जुलाई तक चलेंगे शिविर

**गुमला :** गुमला उपायुक्त प्रेरणा दीक्षित के निदेर्शानुसार गुमला जिला अंतर्गत सभी पीवीटीजी पंचायतों में विशेष आधार पंजीकरण शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इन शिविरों का उद्देश्य ढश्ळ्रङ्म समुदाय के प्रत्येक नागरिक का आधार पंजीकरण कराना तथा उनसे संबंधित समस्याओं का समाधान सुनिश्चित करना है।
आज दिनांक 16 जुलाई से प्रारंभ हुए यह विशेष शिविर जिले के सभी प्रखंडों में चिन्हित पंचायत भवनों में आयोजित किए जा रहे हैं, जो आगामी 31 जुलाई 2025 तक संचालित रहेंगे। इन शिविरों के माध्यम से शत-प्रतिशत आधार पंजीकरण के लक्ष्य को प्राप्त करने हेतु जिला प्रशासन प्रतिबद्ध



है।
इसी क्रम में आज घाघरा प्रखंड के आदर, रुकी एवं दीरगांव पंचायतों में निशुल्क आधार पंजीकरण शिविर आयोजित किए गए। इन शिविरों में बड़ी संख्या में पीवीटीजी समुदाय के नागरिकों ने भाग लिया और आधार से संबंधित सुधार एवं पंजीकरण की प्रक्रिया पूरी की।
प्रखंड स्तरीय पदाधिकारियों की देखरेख में शिविरों का संचालन किया गया, जहां आधार सेवा प्रदाता कर्मियों की उपस्थिति में ऑन-द-स्पॉट फिंगरप्रिंट, बायोमेट्रिक सत्यापन, फॉर्म भरने एवं सुधार जैसी सेवाएं प्रदान की जा रही हैं।
जिला प्रशासन द्वारा यह सुनिश्चित किया गया है कि जिन पंचायतों में अभी तक शत-प्रतिशत आधार पंजीकरण नहीं हुआ है, वहां अभियान स्वरूप कार्य करते हुए अंतिम नागरिक तक आधार सुविधा पहुंचाई जाए। साथ ही जन्म एवं मृत्यु प्रमाण पत्र निर्माण की सुविधा भी कई शिविरों में उपलब्ध कराई जा रही है।

### उपायुक्त ने की भूमि संरक्षण विभाग के योजनाओं की समीक्षा

गुमला : गुमला जिला मुख्यालय स्थित समाहरणालय के कार्यालय कक्ष में उपायुक्त प्रेरणा दीक्षित की अध्यक्षता में भूमि संरक्षण विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की विस्तृत समीक्षा की गई।
बैठक के दौरान भूमि संरक्षण पदाधिकारी द्वारा उपायुक्त के समक्ष मुख्यमंत्री ट्रैक्टर वितरण योजना,मिनी ट्रैक्टर एवं पंपसेट, ल्रउऌढ पाइप संबंधी योजनाओं के अद्यतन स्थिति की जानकारी प्रदान की गई। उन्होंने बताया कि उक्त सभी योजनाओं में लक्ष्य के अनुरूप आवेदन प्राप्त किए गए हैं। जिसके आधार पर लाभुकों का चयन कर उन्हें इन योजनाओं से आच्छादित किया जाएगा। इस दौरान उन्होंने योजना से जुड़े अन्य और कई विषयों के बारे में भी जानकारी दी। मुख्यमंत्री ट्रैक्टर वितरण योजना के तहत वित्तीय वर्ष 2024 - 2025 एवं 2025-2026 के तहत जिले के सभी प्रखंडों से अबतक 80 लाभुकों का चयन किया गया है। जिन्हें इस योजना के तहत 90 प्रतिशत अनुदान पर ट्रैक्टर वितरण किया जाएगा। इसके साथ ही पंपसेट वितरण योजना के तहत लगभग 330 लाभुकों को पंपसेट का वितरण किया जाना है। इसके अलावा मिनी ट्रैक्टर एवं उसके सहायक कृषि यंत्र योजना के अंतर्गत कुल 10 लोगों को इस योजना का लाभ मिलेगा।
समीक्षा के दौरान उपायुक्त ने कहा कि इस तरह की योजनाओं का लाभ किसानों को सही ढंग से मिले। जिससे कि वह अपना कृषि कार्य बेहतर एवं सुगमतापूर्वक कर सकें। सभी पात्र किसानों को इस योजना से आच्छादित करें। जिससे कृषि कार्य को और बढ़ावा मिले। उन्होंने यह भी कहा कि इन योजनाओं हेतु लाभुकों का चयन सही से हो। ताकि जरूरतमंद किसान इस योजना का लाभ ले सकें। बैठक में जिला कृषि पदाधिकारी,जिला उद्यान पदाधिकारी,जिल सहकारिता पदाधिकारी,जिला भूमि संरक्षण पदाधिकारी,भूमि संरक्षण पदाधिकारी, डी पी डी एम, खरछढर तथा अन्य विभागीय कर्मीगण उपस्थित रहे।

## कोलेबिरा विधायक ने जलडेगा में जनता दरबार लगा कर किया परिसम्पति वितरण

संवाददाता

**जलडेगा :** जलडेगा प्रखंड सह अंचल कार्यालय सभागार में जनता दरबार सह परिसम्पति वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।इस दौरान मुख्य अतिथि कोलेबिरा विधायक नमन विकसल कोंगाड़ी, बीडीओ डॉ प्रवीण कुमार,सीओ शम्भु राम, थाना प्रभारी जितेंद्र कुमार सहित अन्य मौजूद थे।कार्यक्रम की शुरूआत द्वीप प्रज्वलित कर किया गया।इस दौरान विधायक नमन विकसल कोंगाड़ी ने अपने सम्बोधन में लोकतंत्र का जिक्र करते हुए विधायिका, कार्यपालिका, न्यायपालिका एवं मिडिया के संदर्भ में बतलाया तथा कहा कि हर समस्याओं के समाधान के लिए नितियां बनी हुई है, समस्याओं के समाधान के लिए पहली कड़ी वार्ड एवं मुखिया हैं,साथ ही अपने समस्याओं को प्रमुख एवं जिप सदस्य के समक्ष भी रख सकते हैं, उन्होंने कहा कि पंचायत या प्रखंड स्तर पर कोई भी कर्मी रिश्वत मांगने,राशन दुकानदारों द्वारा कम राशन देने की लिखित शिकायत करें,शिकायत पर निश्चित रूप से कारवाई की जाएगी, उन्होंने शिक्षा पर विशेष जोर दिया तथा कहा कि प्राथमिक विद्यालय के बच्चों को




गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिले, इसके लिए वे स्कूलों का भी दौरा करेंगे तथा इंग्लिश,गणित एवं विज्ञान विषय को लेकर विशेष अभियान चलाए जाएंगे।इस दौरान बीडीओ डॉ प्रवीण कुमार, सीओ शम्भु राम सहित कई अन्य लोगों ने भी जनता दरबार को सम्बोधित किया।इस दौरान जेएस एलपीएस के दीदी यों द्वारा मुख्य अतिथियों का स्वागत पारंपरिक तरीके से गीत एवं नृत्य के साथ अगुवाई करते हुए विधायक को मंच तक लाया गया तथा स्वागत गीत के साथ माल्यार्पण किया गया,इस दौरान सामुदायिक वन पट्टा 05 केसीसी 03,जेएस एलपीएस के तहत फुलों झानो के तहत 1 लाख रुपए तथा रिवाइवल फंड के तहत 27,500 रुपए का चेक वितरित किए गए।